* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रविवार 25 फरवरी 2024 ● फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदा , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 308

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	26.2	17.6
जमशेदपुर	29.0	16.4
डालटनगंज	26.6	13.0

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

12 राज्य 338 सीटें

बनी बात और गठबंधन हुआ मुकम्मल, बची सीटों पर कांग्रेस अकेले करेगी एनडीए का सामना

लोस चुनाव : एनडीए-इंडिया में सीधा मुकाबला !

शुभम संदेश नेटवर्क

लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे इंडिया गठबंधन भी आकार लेने लगा है. आरोप-प्रत्यारोप और रूठने-मनाने की घटनाओं के बीच 542 में से अब तक करीब 296 सीटों पर गठबंधन के दलों की सहमति बन गई है. पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस के साथ भी कांग्रेस की बातचीत अंतिम दौर में है. इस बातचीत के केंद्र में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी भी आ गयी हैं. ऐसे में पूरी संभावना है कि एक-दो दिन में बंगाल और पूर्वोत्तर की सीटों पर कांग्रेस और टीएमसी के बीच साझा उम्मीदवार उतारने पर सहमित बन ही जाएगी.

कुल मिलाकर दो दल बिहार में जदयू और यूपी में जयंत चौधरी की पार्टी गठबंधन से बाहर निकली. शेष दलों के बीच सीटों का बंटवारा अंतिम रूप ले रहा है. इसके अलावा करीब 200 सीटों पर कांग्रेस अकेले दम पर भाजपानीत एनडीए से सीधा मुकाबला करेगी.

अगर पश्चिम बंगाल में गठबंधन को वहां सफलता मिल गयी, तो कुल 338 सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होगा. इससे इंडिया गठबंधन और एनडीए के दलों को कितना फायदा या नुकसान होगा, यह तो चुनावी रिजल्ट के बाद भी पता चल पाएगा. लेकिन एक बात तय है कि केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा, इंडिया गठबंधन की ताजा स्थिति को लेकर चौकन्ना जरूर हो गई है.

राज्य का नाम	सीट	पार्टियां
झारखंड	14	कांग्रेस, झामुमो, राजद व वामपंथी पार्टियां.
बिहार	40	कांग्रेस, राजद और वाम दल
यूपी	80	कांग्रेस व समाजवादी पार्टी
महाराष्ट्र	48	कांग्रेस, शिव सेना उद्धव, एनसीपी (शरद पवार गुट)
पश्चिम बंगाल	42	कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी पार्टियां
हरियाणा	10	कांग्रेस व आम आदमी पार्टी
गुजरात	26	कांग्रेस व आम आदमी पार्टी
मध्य प्रदेश	29	कांग्रेस, सपा और आप
दिल्ली	07	कांग्रेस व आम आदमी पार्टी
गोवा	02	कांग्रेस व आम आदमी पार्टी
चंडीगढ़	01	कांग्रेस व आम आदमी पार्टी
तमिलनाडु	39	द्रमुक और कांग्रेस

कांग्रेस और आप के बीच सीटें हुईं, लॉक, पंजाब में दोनों अलग-अलग लड़ेंगी चुनाव

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने तय किया है कि दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में दोनों दल गठबंधन करके लड़ेंगे. लेकिन पंजाब में दोनों पार्टियां रणनीतिक आधार पर राज्य की सभी 13 सीटों पर अलग-अलग चुनाव लड़ेंगी. शनिवार को दोनों दलों की साझा प्रेस कांफ्रेंस में कहा गया कि चंडीगढ़ सीट पर कांग्रेस का सामूहिक उम्मीदवार मैदान में होगा. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और अतिशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की. वासनिक ने कहा, दिल्ली में आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी. आप दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नयी दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ेगी. राष्ट्रीय राजधानी में सात लोकसभा सीटें हैं.

कोचिंग संस्थानों ने जीएसटी वसूला, पर जमा नहीं किया

शुभम संदेश नेटवर्क

कोचिंग सेंटर संचालकों ने टैक्स चोरी की है. टैक्स चोरी का यह आंकड़ा 850 करोड़ से अधिक तक पहुंच गया है. इन कोचिंग संचालकों ने छात्रों से फीस के साथ 18% जीएसटी वसूली, लेकिन वसूली गई राशि को सरकारी खजाने में जमा नहीं किया. माल एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने इसकी जांच शुरू कर दी है. अभी तक जो भी जानकारी मिली है, उसके मुताबिक देश के करीब 150 से अधिक कोचिंग संस्थानों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने टैक्स की चोरी की है. इनमें बड़े- छोटे कोचिंग सेंटर शामिल हैं. इन सभी के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है. जांच में यह भी पता चला है कि कोचिंग संस्थानों ने छात्रों की संख्या कम दिखा कर भी टैक्स की चोरी की है.

बता दें कि अभी जिन कोचिंग सेंटर की जांच की जा रही है, उनमें दिल्ली, कोटा, बेंगलुरु, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई से लेकर टियर-टू शहरों में स्थित संस्थान शामिल हैं. जांच एजेंसियों को आशंका है कि रांची के भी कुछ कोचिंग संस्थानों ने इस तरह की टैक्स चोरी की है. इस वजह से रांची की जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं. अंदेशा है कि जल्द ही कुछ बड़े कोचिंग संस्थानों की जांच शुरू होगी. जिससे पता चल सकेगा कि छात्रों से 18% जीएसटी वसूलने के बाद उसे जमा न करने वाले संस्थान कौन-कौन से हैं. टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ पेनाल्टी वसूलने के साथ साथ गिरफ्तारी का भी प्रावधान है.

शुरू हुई जांच



- रांची के भी कुछ संस्थानों ने की है टैक्स की चोरी

इस बीच शुभम संदेश को पता चला है कि रांची के कुछ कोचिंग संस्थानों ने टैक्स चोरी का अलग तरीका अपनाया है. इन्होंने टैक्स के रूप में वसूली जाने वाली राशि को फीस में छूट देकर माफ कर दिया. इससे राजस्व की क्षति हुई है. ऐसा करना जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 132 (1डी) के तहत अपराध है. उल्लेखनीय है कि जांच पूरी होने तक विभाग ने किसी भी कोचिंग संस्थान के नाम का खुलासा नहीं किया है.

ब्रीफ खबरें

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त, फिर से होगी

लखनऊ। यूपी सरकार ने शनिवार को राज्य के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है और छह माह के भीतर पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिये हैं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुलिस भर्ती परीक्षा को रद्द किये जाने के फैसले के बाद कहा कि यह छात्र शक्ति और युवा एकता की बड़ी जीत है और इससे यह साफ संदेश मिला है कि जो जुड़ेंगे वो जीतेंगे, लेकिन जो बटेंगे, वो कुचल दिए जाएंगे. प्रियंका गांधी ने भी कहा कि यूपी सरकार जल्द से जल्द नई तारीख की घोषणा करे और सुनिश्चित करे कि इस बार पेपर लीक नहीं होगा.

कांग्रेस के एजेंडे में देश को आगे बढ़ाना नहीं

रायपुर। पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दावा किया कि कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से आगे सोच ही नहीं पाती और आजादी के बाद उसने सिर्फ सरकार बनाने पर ध्यान दिया, लेकिन देश को आगे बढ़ाना उसके एजेंडे में नहीं था. मोदी ने विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ संकल्प यात्रा कार्यक्रम में राज्य में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया.

असम में मुस्लिम विवाह एक्ट निरस्त होगा

गुवाहाटी। असम मंत्रिमंडल ने बाल विवाह को समाप्त करने के लिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को रद्द करने की मंजूरी दे दी है. राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी. वहीं विपक्षी कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले की कड़ी निंदा की है और कहा है कि उसकी सरकार आयी तो इस फैसले को पलट देगी.

बजट सत्र के बाद होगा नई दिल्ली स्थित नए झारखंड भवन का उद्घाटन

भवन कंप्लीट, जांच बंद

अमित सिंह। रांची

नये झारखंड भवन का उद्घाटन बजट सत्र के बाद होगा. दिल्ली के कनॉट पैलेस स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब लेन में 70 डिसमिल जमीन पर सात फ्लोर का नया झारखंड भवन बन कर तैयार हो गया है. भवन निर्माण विभाग ने नये झारखंड भवन के उद्घाटन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं. उद्घाटन की तिथि की आधिकारिक घोषणा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन से हरी झंडी मिलने के बाद की जाएगी. 18 फरवरी को सीएम ने दिल्ली दौरे के क्रम में पिछले दिनों न्यू झारखंड भवन का निरीक्षण करने के बाद अफसरों से उद्घाटन को लेकर विचार-विमर्श किया था. जिसके बाद से ही भवन के उद्घाटन को लेकर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है. भवन में चल रहे कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है.

सीएम ने दिया था आदेश, मगर नहीं हुई कार्रवाई : नये झारखंड भवन के उद्घाटन की तिथि पहले 15 नवंबर 2023 निर्धारित की गई थी. मगर कुछ कार्यों को देखते हुए उद्घाटन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था. तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन ने 15 मई 2023 को नया झारखंड भवन का निरीक्षण किया था. हेमंत सोरेन को निर्माण सहित अन्य कार्य की प्रगति से असंतुष्ट थे. उन्होंने भवन के डीपीआर में खामी पाई थी. एसी सिस्टम को दुरुस्त करने, गुणवक्ता, सुरक्षा एवं अतिथियों की सुविधा के लिए आवश्यक बदलाव करने का निर्देश अफसरों को दिया था. साथ ही तत्कालीन मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्तराम मीणा और भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार आदि से डीपीआर जांच और जिम्मेवार इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था. जिसके बाद विभाग में जांच की कार्रवाई शुरू हुई. मगर अचानक कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गयी. भवन निर्माण विभाग में नये झारखंड भवन को लेकर कोई जांच या कार्रवाई नहीं चल रही है.

दो वर्ष में बनना था, लग गए पांच साल

भवन निर्माण विभाग के अनुसार नया झारखंड भवन की लागत 84 करोड़ रुपए है. 70 करोड़ रुपए में इसका टेंडर हुआ था. 65 करोड़ रुपए में वर्ष 2017-18 में काम लेने वाली एजेंसी के साथ एग्रीमेंट हुआ था. वर्तमान में इसकी लागत 108 करोड़ तक पहुंचने की बात कही जा रही है. एग्रीमेंट के अनुसार दो वर्ष के अंदर भवन का निर्माण होना था, मगर अभी भी साज सज्जा के काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है.

नहीं चल रही है कोई कार्रवाई

इस संबंध मे पूछे जाने पर भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने बताया कि नया झारखंड भवन बन कर तैयार हो गया है. उद्घाटन की जानकारी विभाग से मिलेगी. अभी विभाग में नये झारखंड भवन को लेकर कोई जांच नहीं चल रही है.

सभी सुविधाओं से लैस 16 वीआईपी सूइट सहित 45 गेस्ट रूम

नया झारखंड भवन प्रथम श्रेणी के गेस्ट हाउस की तरह सुसज्जित है. इसमें दो बेसमेंट और आठ फ्लोर हैं. बेसमेंट में करीब 102 कार पार्किंग की व्यवस्था है. ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन, लॉबी, 120 लोगों की क्षमता का डाइनिंग हॉल और जिम है. पहले तल्ले पर मुख्यमंत्री और स्थानीय आयुक्त के कार्यालय कक्ष के साथ 90 सीटों का कांफ्रेंस हॉल है. दूसरे, तीसरे और चौथे तल्ले पर 45 गेस्ट रूम है. पांचवें व छत वाले त्तले पर 8-8 यानी कुल 16 वीआइपी सूइट हैं. सातवें तल्ले पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के सूइट हैं. इसके अलावा दो वीआईपी सूइट रूम है. भवन पूरी तरह से वातानुकूलित है. अपर बेसमेंट से लोअर बेसमेंट में कार ले जाने के लिए कार लिफ्ट लगायी गयी है.

बेहतरीन लोकेशन : नया झारखंड भवन से भारत सरकार के सभी मुख्य कार्यालय नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट आदि की दूरी चार से पांच किमी तक है. कनॉट प्लेस मात्र 800 मीटर की दूरी पर है. वहीं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन दो किमी और दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल 3 की दूरी 18 किमी है.

जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने लिखा था पत्र

नये झारखंड भवन में अनियमितता एवं निविदा आवंटन में पक्षपात के आरोप के मद्देनजर झारखंड सरकार के तत्कालीन अवर सचिव चंद्र कुमार ने जांच का आदेश दिया था. इस संबंध में मुख्य अभियंता भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखा था. बताया था कि दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सत्य प्रकाश ने शिकायत की है. शिकायत में कहा है कि रामकृपाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को लाभ पहुंचाया गया है. अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री झारखंड को रेजिडेंट कमिश्नर नई दिल्ली के माध्यम से झारखंड भवन निर्माण में अनियमितता का पत्र भेजा था, जिसमें उन्होंने बताया था कि भवन निर्माण में नौ कंपनियों ने ऑनलाइन भाग लिया. अंतिम चार में रामकृपाल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, जिस पर झारखंड में निगरानी जांच चल रही है, उसका चयन नियमों को दरकिनार कर किया गया है.

रांची टेस्ट में इंग्लैंड से 134 रन पीछे भारत, दूसरे दिन स्टंप्स तक स्कोर 219/7

रांची टेस्ट का दूसरा दिन इंग्लैंड के नाम रहा. इंग्लिश टीम के खिलाफ चौथे मुकाबले की पहली पारी में भारत 134 रन से पीछे है और उसके सात विकेट भी गिर चुके हैं. टीम इंडिया ने शनिवार को स्टंप्स तक पहली पारी में 7 विकेट पर 219 रन बना लिए हैं. दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक ध्रुव जुरेल 30 और कुलदीप यादव 17 रन पर नाबाद लौटे. दोनों खिलाड़ियों के बीच 42 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है. भारत की तरफ से यशस्वी जायसवाल (73) ने अर्धशतक लगाया. इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर ने 4 विकेट लिए.

-विस्तृत खेल पेज पर

18 रेलवे स्टेशनों की बदलेगी तस्वीर

संवाददाता। रांची/धनबाद

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड के 18 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास एवं नवीनीकरण होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को इस योजना का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे. इसके अलावा राज्य में 44 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास भी बनाये जाएंगे. इनका निर्माण 546.01 करोड़ रुपए की लागत से होगा. योजना के तहत स्टेशनों के पुराने प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, लाउंज, कैफेटेरिया एवं शौचालय का जीर्णोद्धार किया जाएगा. इसके अलावा प्लेटफॉर्म में सुधार और स्टेशन एवं स्टेशन के बाहर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, वाहन पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे, स्टेशन भवन में सौर पैनलों की स्थापना, कम ऊर्जा वाली एलइडी लाइट, वर्षा जल संचयन, जैव शौचालय आदि का भी प्रावधान किया जाएगा.

पीएम मोदी कल करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास

इन स्टेशनों का होगा विकास

रेलवे की ओर से आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी के अनुसार, इन सभी स्टेशनों का पुनर्विकास 578.95 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा. इन स्टेशनों में टाटानगर, चक्रधरपुर, गम्हरिया, सिनी, चाईबासा, डांगोपोसी, बड़ाजामदा, बालसिरिंग, बानो, गंगाघाट, रामगढ़ कैंट, गोविंदपुर रोड, ओरगा, मुरी, सिल्ली, लोहरदगा, टाटीसिलवे और नामकुम स्टेशन शामिल हैं.

नौ स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन आज

पीएम मोदी इसके पूर्व रविवार को झारखंड के सात जिलों की नौ स्वास्थ्य परियोजनाओं का भी ऑनलाइन उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे. शिलान्यास की जाने वाली इन योजनाओं को भवन निर्माण विभाग द्वारा पूरा किया जाना है. स्वास्थ्य परियोजनाओं के तहत रांची, गढ़वा, गिरिडीह, पाकुड़, देवघर, दुमका एवं कोडरमा में विभिन्न आधारभूत स्वास्थ्य संरचनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन होगा.

अधिसूचना देश में 1 जुलाई से लागू होंगे ये 3 नए कानून, बदल जाएंगी कई आपराधिक धाराएं

मॉब लिंचिंग, नाबालिग से गैंगरेप पर मिलेगी फांसी

शुभम संदेश नेटवर्क

केंद्र सरकार की ओर से तीनों नए आपराधिक कानूनों को आगामी 1 जुलाई, 2024 से लागू करने की अधिसूचना शनिवार (24 फरवरी) को जारी कर दी गयी हैं. तीनों नए आपराधिक कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से तीनों नए आपराधिक न्याय विधेयकों को दिसंबर में मंजूरी दे दी गयी थी. इसके साथ ही ये तीनों नए विधेयक कानून बन गए थे. इसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं. अधिसूचना जारी होने के बाद अब यह तीनों नए आपराधिक कानून पुराने कानूनों की जगह ले लेंगे.

अंग्रेजों के जमाने के कानूनों से मिलेगा छुटकारा

इन तीनों कानूनों का मुख्य उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलना है, जोकि अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानूनों पर चल रही थी, इससे छुटकारा मिल सकेगा. इनमें राजद्रोह के अपराध को समाप्त किया गया है. सरकार ने नए कानून में राजद्रोह की धारा, 124 (क) को पूरी तरह से समाप्त कर इसको देशद्रोह में बदलने का काम किया है. इसमें राज्य के खिलाफ अपराध करने की एक नई धारा का शामिल किया गया है. इस नए कानून में राजद्रोह में सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधि, संप्रभुता या एकता का खतरे में डालने वाले अपराध, अलगाववादी गतिविधि जैसे अपराधों को शामिल किया गया है.

एकता-अखंडता को नुकसान पहुंचाने पर उम्रकैद का प्रावधान

इस नए कानून के तहत अगर कोई मौखिक तौर पर या लिखित या सांकेतिक रूप से ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देता है या फिर प्रयास भी करता है, एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करता है, तो उसे आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है. इसके अतिरिक्त उस पर जुर्माने का प्रावधान भी नए कानून में सम्मिलित किया गया है.

नए कानूनों में मॉब लिंचिंग पर सख्त सजा

नए कानूनों में मॉब लिंचिंग में एक समूह मिल कर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है, तो हर सदस्य को उम्रकैद की सजा दी जाएगी. नए कानूनों में नाबालिग से गैंगरेप के दोषियों को फांसी की सजा दी जा सकेगी. सरकार ने भी मॉब लिंचिंग को घृणित अपराध बताया था और इसके लिए नए कानून में फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है.

किसमें क्या बदला?

- **आईपीसीः** कौन-सा कृत्य अपराध है और इसके लिए क्या सजा होगी? ये आईपीसी से तय होता है. अब इसे भारतीय न्याय संहिता कहा जाएगा. आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएं होंगी. 21 नए अपराध जोड़े गए हैं.
- **सीआरपीसीः** गिरफ्तारी, जांच और केस की प्रक्रिया सीआरपीसी में लिखी हुई है. सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं. अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं होंगी. 177 धाराओं को बदला गया है. 9 नई जोड़ी गईं और 14 को खत्म कर दिया गया है.
- **इंडियन एविडेंस एक्टः** केस के तथ्यों को कैसे साबित किया जाएगा, बयान कैसे दर्ज होंगे, ये सब इंडियन एविडेंस एक्ट में है. इसमें पहले 167 धाराएं थीं. भारतीय साक्ष्य संहिता में 170 धाराएं होंगी. 24 घाराओं में बदलाव किया गया है. दो नई धाराएं जुड़ी हैं. 6 धाराएं खत्म हो गई हैं.

किसानों ने बदली रणनीति दिल्ली कूच 29 तक टला

कुमार माधवन

शंभू बॉर्डर पर किसानों की संख्या धीरे-धीरे अब कम होते जा रही है. वहीं, किसान अब आंदोलन के लिए नई रणनीति बना रहे हैं. किसान अब सीधे टकराव से बचना चाह रहे हैं. दूसरी तरफ संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली कूच का कार्यक्रम फिलहाल 29 फरवरी तक टाल दिया है.

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा है कि अगर नौजवान ही नहीं रहेंगे तो जमीनों का क्या करेंगे. हालांकि, शंभू और खनौरी बॉर्डर पर सभी किसान संगठन सरकार के खिलाफ अपना शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जारी रखेंगे. किसान नेताओं का यह भी कहना है कि किसानों की संख्या कम नहीं हो रही बल्कि वह खनौरी बॉर्डर की ओर शिफ्ट हो गए हैं, जिसके कारण शंभू बॉर्डर पर ज्यादा किसान नहीं दिख रहे हैं. बता दें कि 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च के बाद दोपहर बाद शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पीएम मोदी और हरियाणा के सीएम के अलावा कॉरपोरेट घरानों के करीब 20 फुट ऊंचे पुतले फूंके जाएंगे. 27 को संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा आपसी चर्चा करेंगे. 28 को दोनों एक मंच पर आकर अपनी मांगों पर बातचीत होगी. 29 फरवरी को दिल्ली कूच को लेकर फैसला लिया जाएगा.

खास बातें

- सीधे टकराव से अब बचना चाह रहे हैं किसान
- शंभू बॉर्डर पर किसानों की संख्या भी कम हो रही

छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकारों को वसूल करना पड़ता है

हेमंत सोरेन को लेकर पत्नी कल्पना ने फिर लिखी भावुक करनेवाली चिट्ठी

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमीन घोटाले में गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन खुद मोर्चा संभाल रही हैं और झारखंड की राजनीति पर ध्यान रख रही हैं. इतना ही नहीं, हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद हेमंत का सोशल मीडिया अकाउंट्स एक्स हैंडल भी खुद संभाल रही हैं. उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स एक्स हैंडल से लगातार पोस्ट करती रहती हैं. शनिवार को भी हेमंत सोरेन को याद

- पत्नी कल्पना सोरेन खुद मोर्चा संभाल रही हैं और झारखंड की राजनीति पर ध्यान रख रही हैं

करती हुईं कल्पना सोरेन ने एक्स हैंडल पर पोस्ट की हैं.उन्होंने लिखा कि हेमंत सोरेन आज अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करने की हिम्मत के कारण जेल में बंद हैं. बाबा साहेब की बातों का जिक्र करते हुए कहा कि छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकारों को वसूल करना पड़ता है.

जानिए कल्पना सोरेन ने पति हेमंत सोरेन के 'एक्स' हैंडल पर क्या लिखा

पत्नी कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन के एक्स हैंडल से अपनी बातें साझा करते हुए लिखा कि पिछले 24 दिनों से अन्यायपूर्ण कारावास का सामना कर रहे मेरे जीवन साथी हेमंत सोरेन जी के संघर्ष को अनुभव कर मैं गौरवान्वित भी हूं, दुःखी भी हूं. प्रतिकूल परिस्थितियों में भी दृढ़ता और अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करने की उनकी हिम्मत के फलस्वरूप आज वो जेल में हैं. बाबा साहेब के शब्द छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकारों को वसूल करना पड़ता है, ने हेमंत सोरेन को हमेशा प्रेरित किया है.

राज्यवासियों की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा हेमंत सोरेन की पहली प्राथमिकता रही है. परिवार, मैं और बच्चे उनके लिए बाद में आते हैं. बाबा दिशोम गुरु के संघर्ष से हमें जो राज्य मिला, उसे संवारना और लोगों को हक-अधिकार दिलाना ही उन्होंने अपना सर्वस्व माना.

हेमंत सोरेन सामाजिक न्याय और अधिकार के लिए सदैव संघर्ष करते रहे हैं. अपने और अपने राज्यवासियों के अधिकारों को हासिल करने के उनके संकल्प, मुझे उनकी आवाज को और गति देने के लिए प्रेरित करता है. उनकी यह संघर्षशीलता हमें सिखाती भी है कि हक-अधिकारों की रक्षा और उन्हें हासिल करना हमारा कर्तव्य है, न केवल अपने लिए, बल्कि समाज के उत्थान और समृद्धि के लिए भी.

आज अन्याय के खिलाफ हेमंत सोरेन लड़ रहे हैं. आप सभी देश और झारखंडवासी जिस समर्पण के साथ उनके साथ खड़े हैं, उसके लिए मैं सभी की आभारी हूं. न्याय के लिए हमें यह लड़ाई मिल कर लड़नी है और लड़ कर जीतना भी है.

हेमंत का एक्स अकाउंट खुद संभाल रहीं कल्पना: बता दें कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने पति का एक्स अकाउंट खुद संभाल लिया है. वह एक्स पर लगातार एक्टिव हैं. और समय-समय पर पोस्ट करके सच्चाई बयां करती रहती हैं.

अब तक दी जा चुकी है 93 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि

झारखंड की इंडस्ट्रियल पॉलिसी दिखा रही इंसेंटिव का दम

खास बातें

- इंसेंटिव के लिए 180 करोड़ रुपए का है प्रावधान
- टेक्सटाइल में मिल चुका है 8000 लोगों को रोजगार

रवि भारती। रांची

झारखंड की इंडीस्ट्रियल पॉलिसी इंसेटिव का दम दिखा कर निवेशकों को लुभा रही है. औद्योगिकीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है. अब तक प्रोत्साहन राशि के रूप में 93 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं. जबकि चालू वित्तीय वर्ष के बजट में 180 करोड़ रुपए का प्रावधान है. इस हिसाब में इंसेंटिव के रूप में भी 87 करोड़ रुपए और दिए जाने हैं. उद्योग विभाग ने दावा किया है कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक इंसेंटिव की सभी राशि उद्योगों को दे दी जाएगी. शुक्रवार को हुई सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटी की बैठक में 31 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति दी गई. अब सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटी की तीसरी बैठक 29 फरवरी को होगी.

टेक्सटाइल सेक्टर में मिल रहा रोजगार

झारखंड टेक्सटाइल एपेरेल एंड फूटवेयर पॉलिसी के तहत इस सेक्टर में काफी लोगों को रोजगार भी मिल रहा है. अब तक सिर्फ टेक्सटाइल सेक्टर में 8000 लोगों को रोजगार मिल चुका है. झारखंड टेक्सटाइल एपेरल एंड फूटवेयर पॉलिसी के तहत रोजगार सृजन के लिए 18.23 करोड़ रुपए का इंसेंटिव दिया जा चुका है.

सब्सिडी के रूप में 8.43 करोड़ दिए गए

झारखंड टेक्सटाइल एपेरल एंड फूटवेयर पॉलिसी के तहत पावर टैरिफ और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी रिमंबरसमेंट के तहत 3.44 करोड़ रुपए का इंसेंटिव दिया गया है. वहीं इसी नीति के तहत इंटरेस्ट सब्सिडी के रूप में 40.97 लाख रुपए दिए गए हैं. वहीं कैपिटल इंसेंटिव सब्सिडी के रूप में 8.43 करोड़ रुपए दिए गए हैं.

क्यों सरकार का है टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज पर जोर

सरकार का मानना है कि गार्मेंट इंडस्ट्रीज दूसरे उद्योगों से 32 गुना अधिक रोजगार देती हैं. झारखंड के वर्कर हार्ड लर्निंग हैं. सीखना चाहते हैं. पूरे वर्ल्ड में गार्मेंट का ट्रेड 14 लाख करोड़ का है.देश में यह एक लाख करोड़ का है.टेक्सटाइल क्षेत्र में देश में 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है.

निवेश पर 27.22 करोड़ रुपए की सब्सिडी

उद्योग विभाग ने झारखंड इंडस्ट्रियल इंवेस्टमेंट एंड प्रमोशन पॉलिसी के तहत कांप्रेहेंसिव प्रोजेक्ट इंवेस्टमेंट सब्सिडी के रूप में 27.22 करोड़ रुपए की राशि निर्गत की है. वहीं झारखंड फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज पॉलिसी के तहत 4.49 करोड़ रुपए का अनुदान दिया है.

क्या कहते हैं उद्योग सचिव

उद्योग सचिव जीतेंद्र कुमार सिंह के अनुसार इंसेंटिव के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 180 करोड़ रुपए का प्रावधान है. जिसमें से इंसेंटिव के रूप में 93 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं. मार्च तक इंसेंटिव की सारी राशि दे दी जाएगी. इंसेंटिव से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिल रहा है. प्रोडक्शन इंप्रुव होने के साथ रोजगार का भी सृजन हो रहा है. सभी इंडस्ट्रियल पॉलिसी उद्योगों के हित में है.

अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ कार्रवाई, एक गिरफ्तार

रांची। पुलिस ने अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. एसपी कुमार गौरव को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि नगर थाना क्षेत्र और उसके आस-पास के थानों में अवैध लॉटरी का कारोबार किया जा रहा है. इस संबंध में पूर्व में भी नगर थाना एवं जिरवाबाड़ी थाना के द्वारा अवैध लॉटरी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये कई लॉटरी कारोबारियों को जेल भेजा गया था. इसी क्रम में एसपी को गुप्त सूचना मिली कि अवैध लॉटरी कि एक बड़ी खेप साहिबगंज लायी गयी है. जिसके बाद पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला में अवैध लॉटरी कारोबारी बिक्की की दुकान और मकान में छापेमारी की. जहां से अवैध लॉटरी की बड़ी खेप बरामद हुई है. इस दौरान पुलिस ने शाहरूख आलम नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अभियुक्त अवैध लॉटरी के मामले में पूर्व में भी जेल चुका है.

झारखंड में हर साल नक्सलियों ने 34 लोगों को मार डाला

24 साल में 826 लोगों की हत्या

सौरभ सिंह/रांची। झारखंड में सक्रिय अलग-अलग नक्सली संगठन हर साल औसतन 34 लोगों की हत्या कर रहे हैं. साल 2000 से साल 2024 के फरवरी माह यानी 24 सालों में नक्सली संगठनों ने 826 आम लोगों की हत्या की है. गौरतलब है कि झारखंड के इतिहास में नक्सली संगठन हमेशा से ग्रामीणों को अपना निशाना बनाते रहे हैं. कभी मुखबिर के नाम पर तो कभी पनाह नहीं देने के नाम पर नक्सली आम लोगों की हत्या कर रहे हैं.

जानें नक्सलियों ने किस साल कितने लोगों की हत्या की



नक्सलियों के निशाने पर रहे हैं मुखबीर

प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के निशाने पर पुलिस के मुखबीर रहे हैं. पुलिस को चप्पे-चप्पे की जानकारी मिले, इसलिए पुलिस अनधिकृत तौर पर मुखबीरों को बहाल करती है. नक्सली गतिविधियों और दूसरी ऐसी खबरों के बदले पुलिस की तरफ से मुखबीरों को कुछ इनाम भी मिलता है. लेकिन इस बात की जानकारी नक्सलियों को अगर हो जाती है, तो वो खबर देने वाले मुखबीर की हत्या कर देते हैं. हाल के महीने में इस तरह के कई ऐसे मामले सामने आये हैं, जिसमें नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में आम लोगों की हत्या कर दी है.

कुड़मी हुंकार महारैली आज रांची में, दिखाएंगे ताकत : ओम प्रकाश

रांची। टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश महतो ने बताया कि रविवार को मोरहाबादी मैदान में टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने एवं कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी हुंकार महारैली होगी. इस महारैली की शुरुआत कुड़माली नेगाचारी से होगी, कुड़माली चारी गुरु आनंद कडवार दिन के 10 बजे भुंई पूजा और झंडा गड़ी करेंगे. मौके पर टोटेमिक कुरमी/कुड़मी (महतो) समाज के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार उपस्थित रहेंगे. महारैली में झारखंड के विभिन्न जिलों से 5 लाख की संख्या में कुड़मी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक नाच-गाना छऊ नाच, झुमर नाच, पता नाच,नटुवा नाच,घोड़ा नाच एवं गाजे -बाजे के साथ रांची के मुख्य पथ से गुजरते हुए मोरहाबादी पहुंचेंगे. उन्होंने कहा की कुडमी हुंकार महारैली ऐतिहासिक होगी और आने वाले दिनों में राज्य की दशा और दिशा तय करेगी.

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की.

फ्री बिजली का भी पेट्रोल सब्सिडी योजना जैसा ही होगा हश्र: प्रतुल शाहदेव

रांची। झारखंड मंत्रालय में शुक्रवार को चंपाई सोरेन कैबिनेट की बैठक हुई. इस कैबिनेट बैठक में 100 की जगह अब 125 यूनिट बिजली फ्री मिलने समेत 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी. राज्य सरकार के 125 यूनिट फ्री बिजली देने पर भाजपा ने प्रश्न खड़ा किया है. प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सोरेन पार्ट 2 सरकार की यह हवा हवाई घोषणा है. सरकार दावा करती है कि 22 लाख लाभुक फायदा उठा रहे हैं. लेकिन वह श्वेत पत्र जारी करके यह नहीं बताते कि किस पंचायत के किन जिलों में कितने लाभुक हैं. प्रतुल ने कहा कि इस योजना का भी वही हश्र होगा, जो प्रति लीटर पेट्रोल में 25 रुपये सब्सिडी का हुआ था. प्रतुल ने आरोप लगाया कि विदाई की बेला में यह सरकार सिर्फ घोषणाओं की झड़ी लगा रही है.

- भाजपा ने 125 यूनिट फ्री बिजली की घोषणा पर सरकार को घेरा

केंद्रीय प्रतिनिक्ति पर जाएंगे झारखंड कैडर के आईएएस भुवनेश प्रताप सिंह

रांची। झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी भुवनेश प्रताप सिंह सेंट्रल डेप्यूटेशन पर जाएंगे. उनकी प्रतिनियुक्ति इंडस्ट्रीज एंड मिनिस्ट्री में डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर की गई है. वर्तमान में वे जैप आइटी के सीइओ के पद पर पदस्थापित हैं. केंद्र सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भेजी है. फिलहाल झारखंड कैडर के 19 अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. इनमें राजीब गौबा, एनएन सिन्हा, अलका तिवारी, एमएस भाटिया, एसकेजी रहाटे, शैलेश सिंह, निधि खरे, सुरेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुनील वर्णवाल, केके सोन, राहुल शर्मा, हिमाणी पांडेय, आराधना पटनायक, शांतनु अग्रहरि, हर्ष मंगला, ए मुत्थु कुमार और राय महिमापत रे शामिल हैं.

राष्ट्रपति से हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की शिकायत की

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के चर्चित अधिवक्ता राजीव कुमार की शिकायत राष्ट्रपति से की गई है. बोकारो निवासी डॉ. राजकुमार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख उनकी शिकायत की है. अपने पत्र में राजकुमार ने कहा है कि वर्ष 2009 में आयुष नियुक्ति घोटाले की शिकायतवाद उन्होंने राजीव कुमार के माध्यम से दर्ज करवाई थी. उसमें तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव प्रदीप कुमार को प्रतिवादी बनाया गया था. शिकायतवाद दर्ज कराने के बाद राजीव कुमार ने मुझसे इसे वापस लेने और दूसरा शिकायतवाद दर्ज करने को कहा, इसके बाद जब दोबारा शिकायतवाद दर्ज कराया गया तो अभियुक्त के नाम से प्रदीप कुमार का नाम हटा दिया गया. इसके खिलाफ उन्होंने संबंधित कोर्ट में एक शिकायत भी दर्ज करायी, लेकिन इस पर सात साल से सुनवाई नहीं हो सकी है. राष्ट्रपति से उन्होंने शिकायत पर जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया है.

दर्जन भर से अधिक बोर्ड- निगम और आयोग में है ब्यूरोक्रेट्स का दबदबा

खास बातें

- गठबंधन में शामिल नेता और कार्यकर्ताओं को अब भी उम्मीद
- बोर्ड-निगम, आयोग में कुछ नेताओं को ही मिली है जगह

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के दर्जन भर से अधिक बोर्ड निगम आयोग में अब भी ब्यूरोक्रेट्स का ही दबदबा है. कुछ ब्यूरोक्रेट्स को बोर्ड, निगम और आयोग की जिम्मेवारी रिटायरमेंट बेनिफिट प्लान की तरह है. कुछ को चार्ज दे दिया गया है. गठबंधन की सरकार के चार साल भी पूरे हो गए हैं. इन बोर्ड निगमों में महागठबंधन में शामिल नेता-कार्यकर्ताओं को अब तक जगह नहीं मिल पाई है. फिर भी नेता और कार्यकर्ता टकटकी लगाए बैठे हैं.

किस बोर्ड- निगम में ब्यूरोक्रेट्स हैं काबिज

- डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान : डॉ. रणेंद्र कुमार
- आरआरडीए : मुकेश कुमार
- झारखंड राज्य वित्त आयोग : एपी सिंह,
- झारखंड मानवाधिकार आयोग : एसके सत्पथी
- झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग : प्रशांत कुमार
- राज्य निर्वाचन आयोग : डीके तिवारी
- झारखंड लोक सेवा आयोग : डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा
- झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड : शशिकर सामंता (आइएफएस)
- झारखंड राज्य खनिज विकास निगम : शशिरंजन
- झारक्राफ्ट : आकांक्षा रंजन
- मुख्यमंत्री लघु व कुटीर उद्यम विकास बोर्ड : शशि रंजन
- टीवीएनएल : अविनाश कुमार
- झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड : अविनाश कुमार
- झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड : अविनाश कुमार

CLASSIFIED



शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रविवार, 25 फरवरी 2024 ● फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 308 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

रांची में दिखी टेस्ट मैच की दीवानगी

जेएससीए से लेकर होटल रेडिशन ब्लू तक खिलाड़ियों की झलक पाने को बेकरार दिखे प्रशंसक

शुभम किशोर। रांची

भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक शनिवार को भारत अब भी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है. बता दें कि रवींद्र जडेजा की फिरकी गेंदबाजी के चलते इंग्लैंड की पहली पारी 353 रन पर सिमट गई. जडेजा ने सबसे अधिक 4 विकेट लिए. वहीं भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही. लगातार विकेट गिरते रहे. स्टंप के समय 7 विकेट पर 219 रन बना कर इंग्लैंड के समक्ष संघर्ष कर रही थी. इसको लेकर भारतीय दर्शकों में भी काफी निराशा दिखी.

जारी है फैंस की दीवानगी

उधर, फैंस की दीवानगी शनिवार को भी देखने को मिली. शाम तक लोग टिकट खरीदते देखे गए. जेएससीए से लेकर होटल रेडिशन ब्लू तक प्रशंसक खिलाड़ियों की झलक पाने को बेकरार दिखे. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई क्रिकेट की बातें कर रहा है. स्टेडियम के बाहर व अंदर उत्साह में कोई कमी नहीं है. एक ओर मेजबान भारत का उत्साह बढ़ाने के लिए भारतीय प्रशंसक एक भी मौका नहीं चूक रहे, तो दूसरी ओर विदेशी मेहमान भी इंग्लैंड का हौसला बढ़ाने की कमी नहीं होने दे रहे हैं. हर चौके व छक्के और विकेट पर खूब शोर हो रहा है. लगभग 15 हजार दर्शकों ने दूसरे दिन का खेल देखा. इस दौरान स्कूल के बच्चों को भी जेएससीए ने मैच दिखाया.

एंडी ब्राउन ने स्टेडियम की बनाई खूबसूरत तस्वीर

मैच के दौरान फैंस की तमन्ना कैमरे में कैद होने की होती है. लेकिन इंग्लैंड के एंडी ब्राउन अपने ब्रश के हुनर से तस्वीर लेना पसंद नहीं करते. स्टेडियम में भारत-इंग्लैंड मैच के दौरान एंडी जेएससीए की लाइव तस्वीर बनाते दिखे. मीडिया बॉक्स में बैठ कर स्टेडियम की तस्वीर बनाते रहे. पूछने पर बोले- बीसीसीआई की अनुमति के बाद वह इस दौरे पर जहां-जहां भी टीमें जा रही हैं, वह भी अपने कैनवास ब्रश के साथ सफर पर हैं. हर मैच के दौरान स्टेडियम की तस्वीरें बना रहे हैं. जेएससीए स्टेडियम की तारीफ करते हुए कहा कि बहुत शानदार और खूबसूरत स्टेडियम है. उन्होंने बताया की रांची शहर में घूमने की कई जगहों की पेंटिंग उकेरी है. एंडी पेंटिंग के दौरान किसी से बात करना पसंद नहीं करते.

चिंता की बात : तेजी से गिर रहा है शहर के तीनों डैम का जलस्तर

...तो होगी पानी की राशनिंग

- रुक्का में क्षमता से 12 फीट, कांके में 06 फीट और हटिया डैम में 14 फीट पानी कम
- रुक्का से 31, हटिया से 10 और कांके डैम से 04 एमजीडी पानी की सप्लाई

अमित सिंह। रांची

राजधानी रांची सहित आसपास के इलाकों में गर्मी की आहट के साथ ही पेयजल संकट गहराता जा रहा है. पानी के लिए अभी से ही कई इलाकों में मारामारी शुरू हो गई है. शहर के बड़े हिस्से के मुहल्लों के कुएं सूख गए हैं, तो कई मुहल्लों के चापानल व बोरिंग फेल हो गए हैं और मटमैला पानी निकल रहा है. सप्लाई वाटर की स्थिति भी अच्छी नहीं है. शहर की आधी से अधिक आबादी की प्यास बुझानेवाले तीनों डैम का जलस्तर गिर गया है. शहर में रोजाना करीब 45 एमजीडी पानी की आपूर्ति होती है. इसमें रूक्का डैम से करीब 31 एमजीडी, हटिया डैम से 10 और कांके डैम से चार एमजीडी पानी की आपूर्ति रोजाना होती है. लेकिन तीनों डैम के जलस्तर की बात करें, तो तीनों में क्षमता से काफी कम पानी रह गया है. जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी, जलस्तर और नीचे जाएगा. बीच-बीच में लोकल कारणों से बारिश नहीं हुई और यदि समय पर मॉनसून नहीं आया, तो पानी की राशनिंग करनी पड़ेगी. खास कर हटिया डैम से राशनिंग करनी पड़ेगी, क्योंकि इस डैम की हालत सबसे ज्यादा खराब है.

शहर की 65% आबादी की प्यास बुझानेवाले रुक्का डैम में 12 फीट कम पानी : रांची शहर के तीनों डैम का जलस्तर तेजी से घट रहा है. गर्मी शुरू होने से पहले ही हालात यह है कि शहर की 65% आबादी को पानी पिलाने वाला रुक्का डैम सूखने के कगार पर है. रुक्का डैम में क्षमता से 12 फीट कम पानी है. कांके डैम में छह फीट पानी कम है. वहीं सबसे ज्यादा खराब स्थिति हटिया डैम की है. इस डैम में क्षमता से 14 फीट कम पानी है. अगर जून के पहले सप्ताह में मॉनसून नहीं पहुंचा, तो शहर में पानी की राशनिंग की नौबत आ सकती है. इससे पानी के लिए रांची शहर में त्राहिमाम मचेगा. रूक्का डैम से रोजाना करीब 1.50 इंच पानी की सप्लाई की जाती है. ऐसे में डैम में मात्र 10 फीट तक ही जलापूर्ति योग्य पानी बचा हुआ है.

शहर में हर दिन 45 एमजीडी पानी की आपूर्ति होती है

तीनों डैम में 5 से 8 फीट तक गाद व अलगी भरा है

रुक्का डैम से रोजाना 40 मिलियन, कांके डैम से 04 और हटिया डैम से 10 मिलियन गैलन की आपूर्ति होती है. अगर तीनों डैमों से पर्याप्त मात्रा में क्षमता के अनुरूप जलापूर्ति की गई, तो मई के अंत तक रूक्का व हटिया डैम में जलापूर्ति के लिए पानी नहीं बचेगा. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अफसरों के अनुसार, तीनों डैम का जो जलस्तर है, उससे करीब 60% पानी की आपूर्ति हो सकती है. क्योंकि तीनों डैम में तकरीबन पांच से आठ फीट तक गाद व अलगी भरा हुआ है. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने पेयजल संकट से निबटने की तैयारियां शुरू कर दी है. रोजाना शहर के तीनों डैम का जल स्तर नोट किया जा रहा है.

हटिया डैम में पिछले साल की तुलना में 9 फीट कम पानी

24 फरवरी को शहर के तीनों डैम का जलस्तर देखा गया. इसमें हटिया डैम का जलस्तर 24 फीट 4 इंच पाया गया. यह पिछले साल की तुलना में 9 फीट 3 इंच पानी कम है. 24 फरवरी 2023 को हटिया डैम का जलस्तर 33 फीट था. हटिया डैम की क्षमता 39 फीट है, जिसमें से पांच फीट जलस्तर कम होने पर जलापूर्ति में परेशानी शुरू हो जाती है. फिलहाल डैम में जलापूर्ति योग्य 14 फीट पानी बचा हुआ है. हटिया डैम से आने वाले माह में रोजाना की जगह, सप्ताह में तीन या चार दिन ही जलापूर्ति करने की योजना पर विचार किया जा रहा है.

कांके डैम में जलापूर्ति के लिए 16 फीट पानी ही बचा है

कांके डैम में पिछले साल की तुलना में ज्यादा पानी है. पिछले साल 24 फरवरी तक डैम का जलस्तर 22 फीट था और इस साल जलस्तर 23 फीट है. इसके बाद भी डैम में क्षमता से पांच फीट कम पानी है. कांके डैम में सात फीट पानी जलापूर्ति योग्य नहीं है, यानि डैम में जलापूर्ति के लिए महज 16 फीट पानी बचा हुआ है. कांके डैम में गाद व अलगी आठ फीट तक जमा है. इस वजह से डैम में जलस्तर घटने पर पानी में बदबू की शिकायत आने लगती है. पानी कम होने पर जलापूर्ति में परेशानी होती है.

रूक्का डैम में जलापूर्ति के लिए सिर्फ 10 फीट ही पानी

राजधानी रांची को सबसे ज्यादा पानी देने वाला रूक्का डैम में पिछले साल की तुलना में एक फीट पानी ज्यादा है. मगर डैम में क्षमता से 12 फीट कम पानी स्टॉक है. 24 फरवरी की तिथि को रूक्का डैम का जलस्तर 24 फीट मापा गया. पिछले साल इस दिन डैम का जल स्तर 23 फीट 3 इंच मापा गया था. डैम की क्षमता 36 फीट है, मगर डैम में 15 फीट तक गाद जमा है. इस वजह से डैम का न्यूनतम जल स्तर 14 फीट तक निर्धारित है. ऐसे में डैम में जलापूर्ति के लिए करीब 10 फीट पानी शेष बचा हुआ है.

स्मार्ट सिटी | 26 निवेशकों ने किया था आवेदन, स्क्रूटनी के बाद अब सिर्फ 15 लेंगे ऑक्शन में हिस्सा | 5 प्लॉट के लिए तीन-तीन निवेशक लगाएंगे बोली, तीन साल में 3 फेज में सिर्फ 11 जमीन की ही नीलामी हो पाई

36 में से सिर्फ 5 प्लॉट के मिले निवेशक

सत्य शरण मिश्रा। रांची

स्मार्ट सिटी के 5 प्लॉटों की नीलामी इसी महीने होने वाली है. कॉरपोरेशन ने 36 प्लॉटों के ई-ऑक्शन के लिए विज्ञापन निकाला था. 3 अक्टबूर तक अलग-अलग प्लॉट के लिए कुल 26 निवेशकों ने ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया. फिर सभी आवेदनों की स्क्रूटनी हुई. स्क्रूटनी में 11 निवेशक छंट गये, क्योंकि उन्होंने जिस प्लॉट का आवेदन दिया, उसके लिए दो से अधिक लोगों ने आवेदन नहीं दिया. नियम के मुताबिक किसी प्लॉट के ऑक्शन के लिए कम से कम 3 बीडर्स होने चाहिए है. अब 5 प्लॉट के लिए सिर्फ 15 निवेशक ही ई-ऑक्शन में शामिल होंगे.

चौथी बार भी नहीं मिले निवेशक : स्मार्ट सिटी के प्लॉट के लिए चौथी बार ऑक्शन होना है. अभी तक पूरे निवेशक नहीं मिले हैं. मार्च 2021 में पहली बार 51 प्लॉटों की नीलामी का ऑक्शन हुआ था. तब 9 प्लॉट नीलाम हुए थे. इसके बाद अप्रैल 2022 तक दूसरे और तीसरे चरण की नीलामी तब भी ऑक्शन में एक-एक प्लॉट की नीलामी हो सकी. यानी 3 साल में 51 में से 11 प्लॉटों की ही नीलामी हो पाई है. जिनकी नीलामी हो चुकी है, वहां भी एक ईंट तक नहीं रखी गई. निवेशक ऑक्शन की बोली की पूरी रकम जमा कर चुके हैं, कागजी कार्रवाई, एनओसी और रजिस्ट्री में पेंच फंसते-फंसते तीन साल निकल गये.

रांची स्मार्ट सिटी में 51 प्लॉट की होनी है नीलामी



99 साल के लीज पर दी जा रही जमीन

निवेशकों को 99 वर्षों के लिए लीज पर जमीन दी जा रही है. 11 प्लॉट्स में रेसिडेंशियल, इंस्टीट्यूशनल, कामर्शियल, पब्लिक और सेमी पब्लिक के अलावा मिक्स यूज के प्लॉट्स हैं. सभी रेसिडेंशियल प्लॉट्स पहली बार के ही ऑक्शन में निकल गये, लेकिन बाकी के लिए निवेशक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे. पहले के तीन चरण के ई-ऑक्शन में जमीन के रेट और बड़े प्लॉट होने से निवेशक नहीं आए. निवेशकों के नहीं आने से स्मार्ट सिटी ने दूसरे विभागों को जमीन देनी शुरू कर दी है. पहले मंत्री बंगला के लिए नगर विकास विभाग को 11 एकड़ जमीन दी गई. इसके बाद अपोलो अस्पताल के लिए नगर निगम को 2.75 एकड़ जमीन दी गई. रोड सेफ्टी डिपार्टमेंट को भी ट्रैफिक पार्क के लिए 4 एकड़ जमीन दी गई है. गेल को भी नॉमिनेशन बेसिस पर 2.5 एकड़ जमीन मिली है.

किस कैटेगरी की जमीन की कितनी दर

चौथे चरण के ई-ऑक्शन में 14 व्यावसायिक प्लॉट नीलामी के लिए रखे गये हैं. इनकी दर 13.24 करोड़ रुपये प्रति एकड़ रखी गई है. वहीं मिक्स यूज के लिए 12 प्लॉट रखे गये हैं. इनकी रिजर्व प्राइस 10.14 करोड़ रुपये रखी गई है. शैक्षणिक और संस्थागत यूज के आठ प्लॉट हैं, जिसकी रिजर्व प्राइस प्रति एकड़ 2.07 करोड़ रुपये है. पब्लिक और सेमी पब्लिक श्रेणी में दो प्लॉट के लिए रिजर्व प्राइस 4.55 करोड़ रुपये रखी गई है.

अशोक विहार में अवैध पार्किंग से लोग परेशान

परिसर में स्थित पार्किंग स्थल में गाड़ी नहीं पार्क करते स्थानीय निवासी

संवाददाता रांची

अशोक विहार कॉलोनी में घरों के बाहर गाड़ी पार्क होने से लोगों को परेशानी हो रही है. दरसल इलाके के डुप्लेक्स में के लोग अपने परिसर के पार्किंग स्थल में गाड़ी नहीं खड़ी नहीं करते. लोग घरों के बाहर ही गाड़ियां पार्क करते हैं. घर के बाहर गाड़ी लगाने से कॉलोनी की सड़क पर चलने में भी दिक्कत होती है. सड़क मात्र 20 फीट चौड़ी है. इसी में लोग सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की पार्किंग कर देते हैं. इस अवैध पार्किंग से केवल छोटी गाड़ियां ही जैसे तैसे चल

रही हैं. बड़ी गाड़ी इस कॉलोनी में नहीं चल सकती है. इस परिस्थिति में अशोक विहार में किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर मदद पहुंचाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इससे भारी जानमाल की क्षति की संभावना बनी हुई है. इस समस्या का हल निकालने के लिए कुछ निवासियों ने जिला अग्निशमन पदाधिकारी, रांची नगर निगम, रांची उपायुक्त, रांची अनुमंडल पदाधिकारी एवं मुख्य सचिव, झारखंड सरकार को सूचित किया था, जिसके बाद नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम आई थी, लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं निकला. कॉलोनी की सड़क के अतिक्रमण की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हो पाया हैं.

धुर्वा के सेक्टर 1 मार्केट की 4 दुकानों का ताला तोड़ा, दुकानदार गुस्से में

रांची। शहर के एचईसी कॉलोनी धुर्वा स्थित सेक्टर 1 मार्केट में बीती रात चोरों ने चार दुकानों में चोरी का प्रयास किया है. ताला तोड़कर चोर दुकान के अंदर तो घुस गये, लेकिन कैमरे को देखकर वहां से भाग निकले. दुकानदारों ने सुबह ताला टूटा देखा तो पुलिस को इसकी जानकारी दी. पेट्रोलिंग टीम ने आकर मामले की जानकारी ली. चोरों की इस करततू से दुकानदारों को कोई आर्थिक नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन वे काफी गुस्से में हैं. उनका कहना है कि इन दिनों

चोरी की घटनाएं बढ़ गयी हैं. पुलिस चोरों को पकड़ नहीं पाती है. रात में पुलिस की गाड़ी पेट्रोलिंग में होती है. इसके बावजूद चोर सड़क किनारे की दुकानों को निशाना बनाकर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं.

अनुकंपा पर नियुक्ति से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन

रांची। सीसीएल मुख्यालय में शनिवार को श्रम शक्ति विभाग के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ. इसमें कोल इंडिया द्वारा जारी अनुकम्पात्मक नियुक्ति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया व नियुक्ति आवेदन के प्रशिक्षण के बारे में बताया गया. इसमें जीएम संजय ठाकुर, महाप्रबंधक रमाकान्त पांडेय, मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों से आये अधिकारी एवं इकाइयों से आये नोडल अधिकारीगण उपस्थित थे.

चिंताजनक 700 फीट बोरिंग कराने पर भी नही निकल रहा है पानी

फरवरी में ही पानी चला पाताल, एदलहातू बेहाल

संवाददाता। रांची

एदलहतु में फरवरी में ही कुएं, बोरिंग सूखने लगे हैं. इससे लोगों में बेचैनी है, क्योंकि बोरिंग कराने पर भी पानी नही निकल रहा. आलम यह है कि फरवरी से लेकर अगस्त तक सप्लाई पानी पर ही निर्भर रहना पड़ता है. एदलहातु में एकमात्र सरकारी कुआं था, जो ध्वस्त हो गया. मुहल्ले के वार्ड पार्षद भी ध्यान नहीं दे पा रहे, जिससे कुआं वर्षों पहले ध्वस्त हो गया. चुनाव के दौरान सभी प्रतिनिधि कुएं का सपना दिखाते हैं, वोट मांग कर चले जाते हैं. चुनाव जीतते ही वादा भूल जाते हैं और फिर कोई कुआं पर ध्यान नहीं दे पाता है.

इलाके के अशोक साहु ने बताया कि एक महीने पहले लाखों खर्च कर

एदलहातु में एक मात्र सरकारी कुंआ बनाया गया था, जो पूरी तरह से धवस्त हो गया है



700 फीट की बोरिंग करायी, लेकिन पानी भी नही निकला. पीने के लिए हर दिन जार वाला पानी खरीदना पड़ता है. तभी प्यास बुझती है. राज कुमार ने कहा कि यहां पानी गंभीर समस्या है. कुएं के साथ ही घरों की बोरिंग सूखने लगी है. एस्ताद अहमद ने बताया कि गर्मी में पानी के लिए मोहताज रहना पड़ता है. मजबूरी में जार का पानी का उपयोग में लाते हैं. अगर ये नहीं मिला तो सप्लाई पानी के इंतजार में रात दिन गुजर जाता है. बुधन मुंडा ने बताया कि मुहल्ले में मात्र एक सरकारी कुआं था. वर्षो पहले कुआं पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है. यही एक मात्र कुआं था, जिससे पूरा मुहल्ला गर्मी में प्यास बुझाता था.आज इस कुएं की सुधि लेने वाला कहीं दिखायी नहीं पड़ता है.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सीयूजे के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

तैयारियों में जुटा प्रशासन, मूवमेंट को लेकर डीसी ने दिए निर्देश

संवाददाता। रांची

28 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची आगमन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर है. डीसी राहुल सिन्हा ने पत्र जारी कर कारकेड मूवमेंट स्थलों के कार्य को पूरा करने को कहा है. सभी संबंधित विभागों के नाम डीसी ने पत्र जारी किया है. जिसमें राष्ट्रपति के कार्यक्रम के मद्देनजर एयरपोर्ट, रिंग रोड, आईटीबीपी मोड़ से कार्यक्रम स्थल झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय तक के सड़क मार्ग के कार्य को ससमय पूरा करने को कहा गया है. डीसी ने न्यायिक दंडाधिकारियों की भी तैनाती कर दी है. यह आदेश 28 फरवरी की सुबह 8 से राष्ट्रपति के प्रस्थान तक प्रभावी रहेगा.

जिन कार्यों को करने को कहा गया है

- कारकेड मूवमेंट जिन पथों पर होना है, उन सभी पथों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कराना
- पथों का सौंदर्यीकरण कार्य
- मार्ग में पड़ने वाले सभी स्पीड ब्रेकर को ऐसा बना दिया जाए, जिससे राष्ट्रपति को यात्रा में कोई असुविधा न हो.
- कारकेड मूवमेंट के लिए रिंग रोड से ग्राम चेड़ी-मनातू होते हुए वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत का कार्य ससमय पूर्ण कराना.
- यात्रा के लिए निर्धारित कार्यक्रम स्थल की दूरी एवं समय के संबंध में प्रतिवेदन उपलब्ध कराना

शहर में आज

1. 1. सीयूआई की पीसी, अशोक नगर में दोपहर 12 बजे
2. आरयूटीआरएल में कार्यक्रम दिन के 11 बजे
3. कुड़मी विकास मोर्चा की महारैली मोरहाबादी मैदान में दोपहर 12 बजे
4. मदरसा कुल्लियातुल बनात का तालीमी कार्यक्रम, अंजुमन प्लाजा हॉल में दिन के 11 बजे
5. ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन, प्रेस क्लब में दिन के 10 बजे
6. शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग पर आक्रोश मार्च, पहाड़ी मंदिर से दोपहर 12 बजे

सूचना: शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

शहरवासियों को सस्ता ट्रांसपोर्ट मुहैया कराने के लिए रांची नगर निगम जल्द शुरू करेगा 240 सिटी बसों का परिचालन

किराया सिस्टम के लिए चौथी बार टेंडर जारी, पुरानी बसों में भी लगेगा सिस्टम

तरुण कुमार चौबे। रांची

रांची नगर निगम द्वारा चौथी बार बसों का किराया वसूलने के सिस्टम के लिए टेंडर जारी किया गया है. दरअसल, नगर निगम शहरवासियों को सस्ता ट्रांसपोर्ट मुहैया करवाने के लिए 240 सिटी बसों का परिचालन जल्द ही शुरू करने वाला है. इन सिटी बसों में किराया वसूलने के लिए ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाना है.

इसी सिस्टम को लगाने के लिए नगर निगम एजेंसी की तलाश कर रही है. इसके लिए नगर निगम पहले भी तीन बार टेंडर निकाला चुका है, पर किसी एजेंसी ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई. एजेंसी के चयन के बाद सबसे पहले वर्तमान में चल रही सिटी बसों पर यह सिस्टम लगाया जाना है. उसके बाद नयी बसें खरीदने के बाद उन बसों में ही यह सिस्टम लगाया जाएगा.

खास बातें

- ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम का होगा इस्तेमाल
- 3 बार निकला टेंडर, किसी एजेंसी ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

कैसा होगा फेयर सिस्टम

ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के तहत यात्री को सिटी बस में चढ़ने के बाद क्यूआर कोड वाले टिकट का उपयोग करने का विकल्प दिया जाएगा. इसे निगम के मोबाइल ऐप या वेबसाइट पर डिजिटल रूप से प्राप्त किया जा सकेगा.

24 इलेक्ट्रिक व 220 नन इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की चल रही तैयारी

इस साल में रांची की सड़कों पर 244 नई सिटी बसें आ जाएंगी. नगर निगम द्वारा 24 इलेक्ट्रिक और 220 नन इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की तैयारी शुरू कर दी गई है. इन बसों कि खरीदने के लिए दो फेज में टेंडर प्रक्रिया की जाती है. पहले फेज मे टेक्निकल बिड की जाती है. वहीं दूसरे फेज में बसों के दाम निर्धारित किया जाता है. पहले फेज के तहत इन बसों की खरीद के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 9 फरवरी थी. वर्तमान में नगर निगम प्राप्त आवेदन की समीक्षा कर रहा है. जिसके बाद लोवेस्ट बिड करने वाली कंपनी को टेंडर दे दिया जाएगा. इसके बाद चयनित कंपनी बसें खरीदकर उसे विभिन्न रूटों पर चलाएंगी. नई खरीदी जाने वाली सभी बसें 25 से 30 सीटिंग कैपेसिटी वाली मिनी बसें होंगी. बसों के परिचालन के लिए 13 रूट निर्धारित किए गए हैं. इसके लिए रांची नगर निगम क्षेत्र में 200 बस स्टॉप बनेंगे और पुराने बस स्टॉप अपग्रेड किए जाएंगे. हर बस प्रतिदिन 174 किमी की दूरी तय करेगी. 244 में से 220 नॉन एसी डीजल बसें होंगी, जबकि 24 एसी इलेक्ट्रिक बसें होंगी. शुरुआत में करीब 200 बसों का परिचालन शुरू हो सकता है बाकी बसें रिजर्व में रखने की योजना है.

शहर में कैसे किया जाएगा सिटी बसों का परिचालन

इन सिटी बसों के संचालन के लिए रांची नगर निगम रूट तय करेगा और ऑपरेटरों को मिलने वाली राशि उपलब्ध कराएगा. ऑपरेटर-1 बसों का परिचालन करेगा और ड्राइवर मुहैया कराएगा. जबकि ऑपरेटर-2 का काम तकनीकी सुविधाएं देना होगा. बसों का किराया 2 किलोमीटर पर 5 रुपये, 2 से 5 किलोमीटर तक 10 रुपये, 5 से 10 किलोमीटर के लिए 15 रुपये और 10 किलोमीटर से अधिक होने पर यात्रियों को 20 रुपये देना होगा. वहीं, प्रत्येक दो वर्षों में 11 प्रतिशत किराया बढ़ाने की योजना प्रस्तावित है.

ब्रीफ खबरें

एससी एसटी थानेदार का किया गया स्वागत

रांची। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना के नए थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण के अवसर पर थाना प्रभारी मुकेश मुंडा को सरना अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित एवं स्वागत किया गया. मौके पर जगलाल पहान, महासचिव अशोक उरांव, शिवधन मुंडा, विसवास उरांव, विशाल मुंडा, मुन्ना हेमरोम, डब्लू उरांव मौजूद थे.

ब्रिटिश उच्चायोग के अधिकारी संग वार्ता

रांची। तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आये ब्रिटिश उच्चायोग, कोलकाता के सीनियर ट्रेड एडवाइजर अनूप नारायणन ने शनिवार को चैंबर पदधारियों संग बैठक की. इस दौरान स्टील, माइनिंग, मैनुफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग सेक्टर्स के प्रोत्साहन से जुडे विषयों पर प्रमुखता से चर्चा हुई. सदस्यों ने यूके की तकनीक का झारखंड के स्टेकहोल्डर्स के बीच आदान-प्रदान करने को अहम बताया. कहा गया कि इससे व्यापार-उद्योग के क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी. मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, सदस्य बिनोद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विवेक टिबडेवाल, आनंद कोठारी, प्रमोद चौधरी, मनोज मिश्रा आदि मौजूद थे.

9 स्वास्थ्य परियोजनाओं की आज नींव रखेंगे पीएम

रांची। पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड के सात जिलों की 9 स्वास्थ्य परियोजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे. 138.9 करोड़ की परियोजनाओं में 4 क्रिटिकल केयर और 5नर्सिंग होम शामिल हैं. इसके तहत रांची, गढ़वा, गिरिडीह, पाकुड़, देवघर, दुमका व कोडरमा में विभिन्न स्वास्थ्य संरचनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे.

ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का सम्मेलन आज

रांची। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ पश्चिमी डिवीजन के तहत रातू, ब्राम्बे, मांडर, खलारी, बचरा आदि में कार्य कर रहे विद्युत कर्मियों की बैठक शनिवार को जलील अंसारी की अध्यक्षता में हुई. मुख्य अतिथि संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी विद्युतकर्मी एकजुट होकर अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ें. उन्होंने कहा कि रविवार को रांची प्रेस क्लब में दिन के 10 बजे से राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है. इसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी.

चुनाव का एलान होते ही झारखंड में बढ़ रही राजनीतिक तपिश

एनडीए व 'इंडिया' के लिए लिटमस टेस्ट

रवि भारती। रांची

राज्यसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है. झारखंड में खाली हो रही दो सीटों के लिए चुनाव 21 मार्च को होगा. इसको लेकर झारखंड में राजनीतिक तपिश बढ़ रही है. यह चुनाव एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए लिटमस टेस्ट भी होगा. झारखंड कांग्रेस कोटे से गए राज्यसभा सांसद धीरज साहू और एनडीए कोटे से गए राज्यसभा सांसद समीर उरांव का सीट खाली हो रही है. अब एनडीए और यूपीए में उम्मीदवारों का मंथन शुरू हो गया है. सत्ता के गलियारों में चर्चा यह भी है कि मौजूदा समय में विधानसभा का जो गणित है, उसके अनुसार दोनों (एनडीए और यूपीए) को एक-एक सीट मिल ही जाएगी.

झामुमो की दावेदारी की चर्चा : राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा हो रही है कि कांग्रेस की सीट पर झामुमो दावेदारी कर सकता है. पिछले दिनों गांडेय सीट से इस्तीफा देने वाले झामुमो विधायक सरफराज अहमद को राज्यसभा भेजा जा सकता है. बताते चलें कि 29 दिसंबर 2019 में झारखंड में कांग्रेस-राजद महागठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी. इसके बाद से राज्यसभा के दो चुनाव हुए और दोनों बार सीट झामुमो के खाते में गई. मार्च 2020 में झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन और दूसरी बार 2022 में महुआ माजी को राज्यसभा भेजा गया.

राज्यसभा चुनाव फैक्ट फाइल

2004 में पहली बार यशवंत सिन्हा और स्टीफन मरांडी निर्विरोध राज्यसभा सांसद बने थे

2006 में माबेल रिबेलो और एसएस अहलूवालिया का निर्विरोध निर्वाचन हुआ था

2014 में निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी और प्रेमचंद गुप्ता निर्विरोध चुने गए थे

2022 में झामुमो की महुआ माजी और भाजपा के आदित्य साहू निर्विरोध चुने गए थे

कांग्रेस भी डाल सकती है प्रेशर

कांग्रेस भी रास की सीट के लिए दवाब बना सकती है. वजह है कि यहां से कांग्रेस कोटे की सीट खाली हो रही है. कांग्रेस का स्वाभाविक दावा भी बनता है. इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं. बताते चलें कि विधानसभा में झामुमो के पास अब 29 सीटें हैं. राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए प्रत्याशी को 28 वोटों की जरूरत होगी.

4 मार्च को जारी होगी अधिसूचना

चुनाव आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों सीटों के लिए 4 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी. नामांकन पत्रों की जांच 12 मार्च को होगी. दो से अधिक उम्मीदवार होने पर 21 मार्च को चुनाव कराया जाएगा. उसी दिन मतगणना पूरी कर नतीजे भी जारी किए जाएंगे. चुनाव की प्रक्रिया 23 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी.

ऐसा है राज्यसभा चुनाव का गणित

- विस के कुल सदस्यों की संख्या में रिक्त दो सीटों में एक जोड़ कर विभाजित किया जाता है
- झारखंड के 80 विधायकों की संख्या में राज्यसभा की दो सीट में एक अंक जोड़कर यानी 80 को 3 से विभाजित करने पर 26.66 आता है. इसमें 1 जोड़ने पर संख्या 27.66 हो जाती है
- इस लिहाज से एक उम्मीदवार को 27 प्राथमिक वोट चाहिए.
- सभी विधायकों को पहली पसंद और दूसरी पसंद का उम्मीदवार बताना पड़ता है. जिसको प्राथमिकता के लिए तय वोट मिल जाता है, वह जीत जाता है.

आज से 5 मार्च तक भाजयुमो की युवा चौपाल

2.5 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य

संवाददाता। रांची

भाजपा युवा मोर्चा 25 फरवरी से 5 मार्च तक युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन करेगा. मोर्चा ने इस कार्यक्रम के तहत 2.5 लाख युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा है. कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज के नेतृत्व में बैठक हुई. शशांक राज ने कहा कि शक्ति केंद्र स्तरीय युवा चौपाल को लेकर तैयारी की गई.

इस युवा चौपाल के माध्यम से नये मतदाताओं एवं युवाओं को पीएम मोदी की जनकल्याणकारी नीति एवं योजनाओं को बताए हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जोड़ना है. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मोर्चा सभी शक्ति केन्द्र, पंचायत एवं वार्डों से 2.5 लाख युवाओं के बीच पहुंचेगी. इस दौरान चुनावी घोषणापत्र के लिए युवाओं का सुझाव भी लिया जाएगा.

बैठक में रूपेश सिन्हा, सूर्य प्रभात, विनय जायसवाल, भूपेंद्र सिंह, सत्यदेव मुंडा, पूजा सिंह, अमित साहू, अमन यादव, अनुराग जायसवाल, अविनाश आर्या, रोमित सिंह, अमिताभ सेनापति, प्रियंका रंजन, अस्मित सिंह सेठी समेत कई नेता मौजूद थे.

झारखंड पुलिस का डॉग स्क्वॉयड मजबूत आठ स्वान शामिल

रांची। झारखंड पुलिस का स्वान दस्ता मजबूत होगा. इसे लेकर एक साथ आठ स्वान को भर्ती किया गया हैं. सभी स्वान उच्च कोटि के लैब्राडोर नस्ल के हैं. झारखंड पुलिस के पास एक साल पूर्व तक बेहतरीन स्वान दस्ता था, लेकिन कुछ के रिटायर होने और एक स्वान के नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में शहीद होने के बाद झारखंड पुलिस के पास प्रशिक्षित स्वानों की कमी हो गई थी.

चार मादा और चार नर स्वान बहाल : डॉग स्क्वॉयड में चार मादा और चार नर स्वानों को बहाल किया गया है. सीआईडी के स्वान दस्ते के कैंप में आजकल लियो, एलेक्स, बाबू, बारु, सैंडी, हनी, रूबी और किटी नाम के स्वान हैं. इनकी ट्रेनिंग सीआईएसएफ के एक मात्र वर्ल्ड क्लास कैंप में कराई जाएगी.

माघी पूर्णिमा व्रत धारण कर भक्तों ने किया पूजन

रांची। माघी पूर्णिमा पर शनिवार को सनातनी श्रद्धालु स्नान-दान कर श्रीविष्णु की अर्चना में रमे रहे. शहर के विविध मंदिरों में तो दर्शन-पूजन का खास आयोजन किया ही गया. घरों में भी श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण भगवान का व्रत रख कर कथा सुनी. किशोरगंज चौक के समीप वरदाना समिति संघ की ओर से आयोजित पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे. शाम 4 बजे पुरोहित संतोष पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया. इसमें रामलाल साव ने यजमान के रूप में हिस्सा लिया. कथा श्रवण कर प्रसाद रूप में पुड़ी, कचौड़ी, बुंदिया, सब्जी आदि ग्रहण किया. कमलेश कुमार, विरेंद्र कुमार सहनी, रामलाल साहू, नकुल साहू, अमित कुमार, नथुनी साव आदि ने सफल आयोजन में योगदान दिया.

झारखंड तीसरा मोर्चा राज्य की जनता को नया विकल्प देगा : लालचंद

22 वर्षों में ठगा महसूस कर रही जनता

संवाददाता। रांची

झारखंड तीसरा मोर्चा की बैठक पुराना विधानसभा सभागार में मोर्चा के संयोजक सह पूर्व मंत्री लालचंद महतो की अध्यक्षता में हुई. इसकी शुरुआत संत रविदास की जयंती के मौके पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई. मोर्चा के संयोजक लालचंद महतो ने कहा कि झारखंड तीसरा मोर्चा राज्य की जनता को विकल्प देने का काम करेगा.

उन्होंने एनडीए व महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड के आम जनता राज्य गठन के इन 22 वर्षों में ठगा महसूस कर रही है. मोर्चा से जुड़े सभी पार्टी व संगठनों को लेकर 10 मार्च को

झारखंड तीसरा मोर्चा का प्रथम सम्मेलन रांची में करने, लोकसभा चुनाव में जनदावेदारी को मजबूत बनाने तथा राज्य में तीसरा मोर्चा का कार्यक्रम को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए 29 फरवरी को रांची में मोर्चा के घटक पार्टियों व संगठनों के राज्य के मुख्य पदधारियों, अध्यक्ष व संयोजक को लेकर बैठक की जाएगी.

बैठक में बहुजन सदान मोर्चा के अब्दुल खालिक, लोकहित अधिकार पार्टी के सुनील साहू, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रवीण कच्छप, झारखंड नवनिर्माण दल के विजय सिंह, आम अवाम विकास मोर्चा के जितेंद्र ठाकुर, सदान विकास परिषद के डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा आदि मौजूद थे.

ईवीएम के विरोध में आदिवासी समाज का जुलूस 2 मार्च को

संवाददाता। रांची

ईवीएम हटाओ देश बचाओ अभियान के अंतर्गत केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में आगामी 2 मार्च को आदिवासी समाज जुलूस निकालेगा. जुलूस जयपाल सिंह से निकल कर अलबर्ट एक्का चौक पहुंचेगा, जहां ईवीएम का वैलेट बनाकर पुतला दहन किया जाएगा. साथ ही मोरहाबादी मैदान की बापू वाटिका के सामने विरोध दर्ज कराया जाएगा.

यह जानकारी केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने जानकारी दी. वह शनिवार को करमटोली स्थित धुमकुड़िया भवन में मिडिया को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि अगर देश को बचाना है, तो ईवीएम का विरोध करना होगा. चुनाव से ईवीएम हटेगा, तभी देश बचेगा. ईवीएम मशीन से वोट चोरी कर सत्ता हथियाना आसान हो गया है. सत्ता में बैठे लोग अपने शक्ति और अधिकारों का दुरुपयोग कर वोट हथिया लेते हैं और देश पर राज करते हैं. सामाजिक कार्यकर्ता ने शिवटहल नायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव को पारदर्शी कराने के लिए वैलेट पेपर का इस्तेमाल करने की मांग की जाएगी. मौके पर नवनीत उरांव, लक्ष्मी नारायण मुंडा, कुंदरसी मुंडा, सुनिल टोप्पो, राजेश लिंडा समेत अन्य थे.

जितेंद्र सिंह आजसू के रांची महानगर प्रभारी बने

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र सिंह को केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर का प्रभारी मनोनीत किया गया है. सुदेश महतो ने कहा कि जितेंद्र सिंह के सामाजिक अनुभव और प्रगतिशील नेतृत्व से पार्टी को एक नई दिशा मिलेगी. वहीं जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और आजसू पार्टी ने मुझपर जो भरोसा दिखाया है, उसके लिए मैं हृदय से आधार प्रकट करता हूं. जो दायित्व मुझे सौंपा गया है, उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा करूंगा. जितेंद्र सिंह को केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी बनाए जाने पर आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, केंद्रीय महासचिव एवं विधायक लंबोदर महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, सुनील यादव, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, विरेंद्र प्रसाद आदि ने बधाई दी.

चैंबर ने सीएम से की लीज अवधि बढ़ा कर 10 वर्ष करने की अपील

सिंगल विंडो की मिले सुविधा : मंत्री

संवाददाता। रांची

फेडरेशन चैंबर की अहारी उप समिति की बैठक चैंबर भवन में शनिवार को हुई. बैठक में राज्य के किसानों की समस्या एवं रांची के वाणिज्यिक खेती एवं कृषि उद्योग के विकास की चर्चा की गई. राज्य के अनेक किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है. मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री एवं सभी सांसद एवं विधायक से अपील की गई कि सभी प्रखंड में एक सप्ताह का कैंप लगवा कर व्यवस्था की जाए, ताकि सभी किसानों को इस योजना का लाभ मिले.

राज्य में वाणिज्यिक बागवानी एवं अन्य नगदी फसलों की खेती की असीम संभावनाएं हैं, राज्य में अधिकांश खेत में सिंचाई सुविधा एवं पूंजी के अभाव में अनेक किसान अपनी भूमि में खेती नहीं कर पा रहे हैं. मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार से अपील है कि लीज की अवधि को 5 वर्ष से बढ़ा कर 10 वर्ष किया जाए. चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार से अपील की वाणिज्यिक कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग को विकसित करने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना को विकसित किया जाये एवं कृषि विभाग द्वारा सभी जिलों में सिंगल विंडो सेवा की व्यवस्था हो.

समिति के चेयरमैन आनंद कोठारी ने बताया कि चैंबर की ओर से राज्य में वाणिज्यिक खेती एवं कृषि उद्योग के विकास का हर संभव प्रयास किया जा रहा है. इस कारण राज्य के लाखों ग्रामीण का अन्य राज्य में पलायन हो रहा है. राज्य के अनेक उद्यमी एवं प्रगतिशील किसान वाणिज्यिक खेती करने को इच्छुक है वे रिक्त पड़े खेत को लीज में लेकर खेती करना चाहते हैं, किंतु राज्य के कानूनी प्रावधानुसार खेती के लिए 5 वर्ष की लीज का प्रावधान है जो वाणिज्यिक खेती के लिए व्यावहारिक नहीं है.

सट्टा के अड्डे पर पुलिस रेड

रांची। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ऑनलाइन सट्टा के अड्डे पर छापेमारी की है. शनिवार शाम सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली स्थित न्यू नगर में रांची पुलिस ने रेड मारा. इस दौरान पुलिस ने 6 युवकों को हिरासत में लिया है. इन सभी से पूछताछ चल रही है. मौके से पुलिस ने करीब 15 लाख रुपए भी बरामद किए हैं.

नोटरी पब्लिक लातेहार

शपथ पत्र

मैं गोविन्द राम, उम्र करीब 54 वर्ष, पिता- स्व. गेन्दो राम, निवासी ग्राम पकरार, थाना लातेहार, जिला लातेहार, राज्य झारखंड, राष्ट्रीयता भारतीय, निम्नलिखित बातों का शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं :-

1. यह कि मैं उक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे तीन पुत्र मिथुन राम, अजीत राम एवं चन्दन कुमार रवि है।
3. यह कि मैं अपने छोटे पुत्र चन्दन कुमार रवि को अपने सारे चल और अचल सम्पति से बेदखल कर रहा हूं।
4. यह कि मेरे छोटे पुत्र चन्दन कुमार रवि द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार का गलत कार्य किया जाता है तो उसका सारा जवाबदेही उसकी होगी।
5. यह कि भविष्य में चन्दन कुमार रवि से हम सभी परिवारवालों का किसी प्रकार का कोई रिश्ता एवं सम्बन्ध नहीं रहेगा।
6. यह कि मेरे चल और अचल सम्पति में मेरे दोनों पुत्र मिथुन राम एवं अजीत राम तथा मेरा पोता कुन्दन कुमार रवि का हक होगा। इसी आशय का मैं यह शपथ पत्र कर रहा हूं।

शपथ पत्र संख्या 5184/21.02.24

तिमाही बैठक

राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने राजभाषा कार्यों की उत्तरोत्तर वृद्धि पर दिया जोर

राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण जरूरी : पवन

संवाददाता। रांची

सीसीएल दरभंगा हाउस में शनिवार को निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न हुई. पवन कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है. सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होना चाहिए. उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक कार्मिक को जागरूक करने के साथ साथ नये-नये तकनीकों को अंगीकार करने की आवश्यकता है.

निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र ने कहा कि यह राजभाषा की बैठक ही नहीं है, बल्कि हमारे कार्य का ही एक महत्वपूर्ण भाग है. उन्होंने कहा कि सभी विभागों को समग्र रूप से राजभाषा संबंधी कार्यों में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा जब हम दैनिक संवाद हिंदी भाषा में ही करते हैं, तो कार्यालयीन कार्यों में भी इसका प्रयोग सहजता से किया जा सकता है. उन्होंने सुझाव दिया कि हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक बैठक में अच्छे कार्य करने वाले विभागों और क्षेत्रों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए. बैठक में मूल रूप से हिंदी में पत्राचार, टिप्पण आलेखन व अन्य कार्यालयीन कार्य करने संबंधी प्रोत्साहन योजना तथा हिंदी पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना इत्यादि पर विस्तार से चर्चा हुई. कार्मिक एवं राजभाषा महाप्रबंधक संजय कुमार ठाकुर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया. साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला.

उन्होंने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया. राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तकनीकी : एनआईएमसी विभाग, गैर तकनीकी : सामान्य प्रशासन विभाग एवं रजरप्पा क्षेत्र को चल शील्ड देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, महाप्रबंधक (का./राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे.

खास बातें

- कार्यालय कार्यों में हिंदी भाषा का हो प्रयोग : हर्षनाथ मिश्र
- राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन विभाग सम्मानित

अनवर हयात ने संभाला पदभार

रांची। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को पदभार संभाला. इस मौके पर कार्यकर्ताओं की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी शामिल हुए. उन्होंने कहा कि देश ही नहीं, विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की सराहना की जा रही है. अल्पसंख्यक समाज के लोग हर दिन सैकड़ों की संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं. अनवर हयात ने मोर्चा अध्यक्ष बनाये जाने के लिए पार्टी नेताओं के प्रति आभार जताया.

शहीदे आजम भगत सिंह के सम्मान में पैदल मार्च आज

रांची। राष्ट्रीय युवा शक्ति के तत्वावधान में रविवार को सैकड़ों लोगों द्वारा सरदार भगत सिंह के सम्मान में पहाड़ी मंदिर से लेकर राजभवन तक पैदल मार्च निकाला जाएगा. इस अवसर पर अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के लिए जमीन भी चिह्नित की जा चुकी है. इसके बाद भी प्रतिमा स्थापित करने के लिए एक गज जमीन नहीं मिल रही है.

आम सूचना

झारखंड भवन उपविधि 2016 यथा संशोधित की धारा 61.16 में ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत अनिवार्य प्रावधान के अंतर्गत **"पर्ल आर्किड"** अरगोड़ा कठहल मोड़ रोड, राँची में EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स के आबंटन/बिक्री हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त EWS/LIG प्रकार के निर्मित फ्लैट्स का आबंटन/बिक्री नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के गाइड लाइन के नियमानुसार किया जाएगा।

निवेदक
मोती इन्फ्रास्ट्रचर्स
अरगोड़ा, कठहल मोड़ रोड, राँची
फोन नं. 9430737562

श्रीश्याम मंडल ने वृहद रूप में चलाया 101वां श्रीश्याम भंडारा

संवाददाता। रांची

भंडारा खास

- झारखंड डीजीपी अजय कुमार सिंह ने भी हाजिरी लगायी
- भोग के साथ ही गाये भजनों पर भी झूमे श्रद्धालु

श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में इस बार का भंडारा खास रहा. यहां श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से प्रत्येक शनिवार को भंडारा आयोजित किया जाता है. इस कड़ी में 24 फरवरी को 101वां भंडारा वृहत रूप में चलाया गया. शाम साढ़े चार बजे मंदिर से जुड़े राजकुमार नारसरिया, उषा नारसरिया, विवेक नारसरिया, सोनी, मनीष और ज्योति कुमारी नारसरिया ने भंडारे का महाप्रसाद मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, शिव परिवार, रिद्धि-सिद्धि, बजरंगबली, लड्डु गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी और गुरुजनों को अर्पित कर मनोवांक्षित फल की कामनाएं की. मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनौली के सान्निध्य में भक्तों ने खाटू नरेश का भोग भजन आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी ... का गायन कर सब को झुमाया. बाद में भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया. इसके बाद राजकुमार नारसरिया परिवार ने मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया. फिर भंडारा शुरू हुआ, जो देर शाम तक चला. खीर, चूरमा, गुलाब जामुन, केसारिया जलेबी, ऑरेंज आइसक्रीम, समोसा, मटर कचोरी, आलू झोल वाली सब्जी, वेजिटेबल पुलाव आदि प्रसाद रूप में सभी की थाल में परोसा गया. वहीं श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में झारखंड पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने भी हाजिरी लगायी. खाटू नरेश का दर्शन-पूजन कर मंगल कामनाएं की. साथ ही विनय सरावगी, मनोज चौधरी, रवि शर्मा टोली, राजेंद्र अग्रवाल, राजू प्रकाश मोदी, किशोर मंत्री, सुरेश अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, रमेश धरनीधरका, आदित्या मल्होत्रा, डॉ विनय ढानढनिया सहित शहर के कई गणमान्य भी प्रभु के दर्शन-पूजन को आये.

श्रीश्याम भंडारा के साफल संचालन में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पूर्व सांसद अजय मारू, राजीव रंजन मित्तल, आदित्य लोहिया, पंकज गाड़ोदिया, स्नेह पोद्दार, अमित सरावगी, रतन शर्मा, राजेश कतारूका, राजकुमार तिबडेवाल, रमा सरावगी, मनोज बजाज, कविता मित्तल, अन्नपूर्णा सरावगी, श्याम सुंदर जोशी, कमलेश सावा, अरविंद सोमानी, कैलाश सिंघानिया, स्नेहा पोद्दार, अंकित सिंह, मनोज खेतावत, विकास सिंघानिया, मदन सोनी, मनोज खेतावत, प्रकाश अग्रवाल, आचार्य अनूप दाधीच आदि ने मुख्य योगदान दिया. इस दौरान श्रीश्याम मंदिर में माघी पूर्णिमा का विशेष आयोजन किया गया. दिन के सवा नौ बजे मंदिर के आचार्यों ने श्रीशालिग्राम पूजन के साथ श्रीसत्यनारायण कथा सुनाया.

चालीसा संदेश : भले कामों का पुरस्कार ईश्वर देता है



रांची। फादर अशोक कुजूर ने चालीसा संदेश देते हुए कहा कि हम कोई भी भला काम करते हैं उसका रिकॉर्ड ईश्वर रखते हैं. हमारे संवेदना एकाउंट के बैंकर यीशु हैं और जिसका एटीएम पूरे विश्व में मिलता है. सम-वेदना अर्थात दूसरे के दुख की तकलीफ को उसकी वेदना को अपने आपमें महसूस करना. हम अगर किसी मनुष्य, जीव, जन्तु या जानवर की पीड़ा यानी वेदना को अपने आपमें महसूस कर उसकी कुछ मदद करते हैं या उसकी पीड़ा को कम करने का प्रयास करते हैं तो वह भलाई काम हमारे सम-वेदना एकाउंट में अपने आप जमा हो जाता है. इसके बदले में जिस समय हमें किसी की सहायता की जरूरत होती है तो कोई अनजान व्यक्ति अप्रत्याशित रूप से हमारी मदद करके चला जाता है. इसमें कोई संदेह नहीं कि अगर आप बिना स्वार्थ किसी की मदद करते हैं तो उसका अच्छा फल जरूर मिलता है. अपने संवेदना एकाउंट में अच्छे कर्मों का लेखा जोड़ते जाइए. यीशु ने अपने वचन में कहा है - तुमने मेरे भाइयों में से किसी एक के लिए, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, जो कुछ किया, वह तुमने मेरे लिए किया.

डीएसपीएमयू में तीसरा डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डीएसपीएमयू के डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन में 212 छात्रों को दिया गया गोल्ड

विद्यार्थी प्रसन्न

- डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन में 175 को मिला गोल्ड मेडल
- यूजी व पीजी के लगभग 3000 छात्रों को डिग्री मिली
- 37 छात्रों को ऑवरऑल टॉपर के लिए गोल्ड मिला

संवाददाता/रांची

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) मैं तीसरा डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन शिरोमणि का आयोजन किया गया इस आयोजन के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा रहे. वहीं डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. टीएन साहू समेत अन्य लोग शामिल थे. इस समारोह में पूर्व के रांची कॉलेज के 212 छात्रों को गोल्ड दिया गया. जिसमें से 175 को गोल्ड मेडल और 37 को ऑवर ऑल टॉपर के लिए गोल्ड मेडल दिया गया. इसके साथ यूजी सत्र 2015 से 18 के 38, सत्र 2016 से 19 के 35 और सत्र 2017 से 20 के 36 छात्रों को को गोल्ड मेडल दिया गया. इसके अलावा यूजी और पीजी के लगभग 3000 छात्रों को डिग्री दिया गया.

प्रोफेसर बनना चाहती हूं : स्वाति कुमारी

स्वाति कुमारी को पॉलिटिकल साइंस में गोल्ड मेडल हासिल किया. गोल्ड मेडल प्राप्त करने के बाद स्वाति ने अपनी खुशी जाहिर की और इस गोल्ड मेडल का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया. स्वाति ने कहा कि आगे वह पीएचडी करना चाहती है और प्रोफेसर बनना चाहती है.

पति को जाता है इसका श्रेय : नमिता नायक

ओड़िया भाषा में नमिता नायक ने गोल्ड मेडल हासिल किया. नमिता एक गृहणी हैं और उनकी एक छोटी सी बेटी भी है. उसके बावजूद भी उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है. नमिता ने कहा कि माता-पिता और गुरुजनों को तो इसका श्रेय जाता है. साथ ही उनके पति का भी बहुत योगदान है,

प्रोफेसर बनने के लिए मेहनत करेंगे : नदीम

नदीम अख्तर ने उर्दू में स्नातक और स्नातकोत्तर किया. स्नातकोत्तर और स्नातक दोनों में मानकी संकाय में ओवरऑल टॉप किया. उन्होंने कहा कि आगे पढ़ाई जारी रहेगी. आज वह काफी खुश हैं. इस खुशी का कारण उसके माता-पिता गुरु हैं. इन्होंने कहा कि आगे वह प्रोफेसर बनना चाहते हैं, मेहनत करेंगे.

आगे के लिए और मेहनत करना हैः वर्षा परिहार

वर्षा परिहार भूगोल विषय में स्नातक और स्नातकोत्तर में गोल्ड मेडल हासिल की. वहीं सोशल साइंस संकाय में उन्होंने ओवरऑल टॉप भी किया है. उनके आगे का सपना पीएचडी करें प्रोफेसर बनने का है. उन्होंने कहा कि आज जो कुछ भी हो वह अपने माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से हैं. आगे उन्होंने कहा कि काफी खुश हूं और आगे के लिए और मेहनत करना है.

शिक्षा विभाग ने जेट के लिए बनाई नियमावली

रांची। झारखंड उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने जेट (झारखंड एलिजीविलीटी टेस्ट) के लिए नियमावली बना दिया है. झारखंड के विश्वविद्यालयों में पीएचडी में नामांकन के लिए और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए यह परीक्षा होगा. परीक्षा हर साल लिया जाएगा. इस परीक्षा आयोजन झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा लिया जाएगा. जेट के लिए पहले कैबिनेट में स्वीकृति दिया गया था. उसके बाद उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी. जेट की परीक्षा नेट की तरह ही होगी. यह परीक्षा भी कंप्यूटर बेस्ड होगी. यह दो पेपर की परीक्षा होगी. पहले पेपर में 50 प्रश्न होगा. जिसके लिए 100 नंबर निर्धारित किया गया है. वहीं दूसरे पेपर में 100 प्रश्न होगा. जिसमें 200 नंबर निर्धारित किया गया है. जारी नियमावली के अनुसार इस परीक्षा में वे छात्र शामिल हो सकते हैं, जिनका स्नातकोत्तर में 55 प्रतिशत अंक है. ओबीसी, एससी, एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों को पांच प्रतिशत अंक का छूट दिया जाएगा. वहीं वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने 1991 तक स्नातकोत्तर पास किया है, उसे भी पांच प्रतिशत अंक का छूट दिया जाएगा.

झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरू

रांची। झारखंड अधिवक्ता मंच रांची के द्वारा झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन 25 फरवरी से 10 मार्च तक मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान (टंकी ग्राउंड) ट्राइबल इंस्टिट्यूट के पास किया जाएगा. जिसमें रांची सिविल कोर्ट, हाई कोर्ट गुमला सहित कई जिलों के अधिवक्ता भाग ले रहे हैं. आयोजन को लेकर शनिवार को झारखंड अधिवक्ता मंच की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता झारखंड अधिकतम मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार ने किया. जिसमें विनोद सिंह,नीरज कुमार, रिजेश रुंडा, प्रकाश कुमार, सचिन आनंद कुमार, बंदिश कुमार, अजय यादव,सुधांशु कुशवाहा, सूर्यकांत, सोनू आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे.

भारत मुंडा समाज राष्ट्रीय समिति की हुई बैठक

रांची। भारत मुंडा समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष एतवा मुंडा की अध्यक्षता में तमाड़ में आयोजित की गयी. इस बैठक में भारत मुंडा समाज के राष्ट्रीय समिति के पदाधिकारियों के अलावा झारखण्ड प्रदेश समिति, छत्तीसगढ़ प्रदेश समिति, उड़ीसा प्रदेश समिति और पश्चिम बंगाल प्रदेश समिति के पदाधिकारी इस बैठक में शामिल हुए. बैठक में मुंडा समाज के विकास और आम आदमी के उत्थान के लिए अपने अपने प्रदेशों में किये जा रहे कार्य के विषय पर सलाह दी गयी कि आने वाले दिनों में एक रणनीति के तहत कैसे आम आदमी के कार्य करना है. साथ ही मुंडा समाज को जो संवैधानिक अधिकार है, उस अधिकार से मुंडा समाज को वंचित होना पड़ रहा है.

न्यूज अपडेट

हाफिजा पूरा किये 6 बच्चे हाफिज से सम्मानित

रांची। हिंदपीढ़ी स्थित छोटा तालाब के निकट मदरसा सवतुल कुरआन में शनिवार को हाफिजा मुकम्मल (पूरा) किये छह बच्चों को हाफिज की उपाधि के साथ सम्मानित किया गया. उन बच्चों के नाम मो आदिल, मो अबुजर, मो तारिक आलम, मो सज्जाद आलम, अब्दुल मजीद और मो सजाद हैं. वहीं आयोजित कार्यक्रम में शामिल मौलाना सईद नदवी ने कहा कि मदरसे से जितने भी हाफिजा निकलते हैं, ऐसे कार्यक्रम करने से उनके हौसले बुलंद होते हैं. इसलिये ऐसे कार्यक्रम होने ही चाहिये. मौलाना नदवी ने कहा कि ये मामूली लोग नहीं हैं. ये अल्लाह वाले हैं.

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को माघी पूर्णिमा पर दर्शन-पूजन को दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा. बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने इष्ट का दर्शन कर श्रद्धा अर्पित की. इस मौके पर अहले सुबह अर्चकों ने नेम-निष्ठा से विविध अनुष्ठान संपन्न कराया. भगवान तिरुपति बाला जी का अभिषेक-पूजन कर पुष्पादि से भव्य श्रृंगार किया गया. बालभोग में नैवेद्य के रूप में खीर का भोग लगा. फिर दर्शन पूजन का सिलसिला दोपहर बाद तक चला. शाम चार बजे से सात बजे तक मंदिर का पट श्रद्धालुओं की खुला रहा. इस बीच भक्तों ने अपने अभीष्ट मनोरथों की पूर्ति के लिए अर्चना कराया.

सुतियांबेगढ पर हो रहा है अब अतिक्रमण

रांची। सुतियांबेगढ़ बचाओ समिति के बैनर तले शनिवार को करमटोली धुमकुड़िया भवन में विभिन्न आदिवासी संगठनों की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता करते हुए संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि महाराजा मदरा मुंडा आदिवासियों के पूर्वज हैं. आज सुतियांबेगढ़ में जमीन कारोबारी और अन्य गैर आदिवासी संगठनों का गिद्ध जैसी नजर है. तेजी से महाराजा मदरा मुंडा के मुड़हर पहाड़ पर हिंदुओं के देवी देवता स्थापित कर हिंदुओं का धार्मिक स्थल बनाने का प्रयास किया जा रहा है. उनके पहचान, अस्तित्व व विरासत को खत्म करने की साजिश की जा रही है.

धूमधाम से मना शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव

रांची। मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर, न्यू मधुकम का तीन दिनी प्रथम वार्षिकोत्सव रविवार को मां जगदंबा जागरण के साथ संपन्न हो गया. रात आठ बजे पूजा-अर्चना के बाद इसकी शुरुआत हुई. स्थानीय म्यूजिकल ग्रुप के हरीश लल्ला ने पहले श्रीगणेश वंदना की. इसके बाद हिंदी और भोजपुरी के एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर सब को झुमाया. उपस्थित श्रद्धालु निमिया के डार मैया झुलेली झुलनवा हो ... और लागी लागी लागी ला मईया के चुनरिया निक लागी ला ... जैसे भक्ति गीतों पर देर रात तक नाचते-झूमते और जयकारे लगते रहे. इनके बाद वीणा कौर व रमेश कुमार ने भी भक्ति रस की अविरल धारा बहायी.

मूलवासी सदान मोर्चा का अधिकार मार्च 27 को

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा का अधिकार मार्च 27 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया जा रहा है. इसकी सफल तैयारी पर शनिवार को मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक रातु काठीटांड में हुई. मांगों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को देने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने कहा कि झारखंड में विधानसभा सभा की सीटों 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केंद्र सरकार से की है, जिससे सदानों को भी विधानसभा व लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके. मालूम हो झारखंड में सदानों की आबादी 65 फीसदी है.

जेसीआई ने हरमू रोड गौशाला में की गो सेवा

रांची। जेसीआई रांची ने शुक्रवार को हरमू रोड स्थित गोशाला में गो माता की सेवा कर उन्हें गुड, हरी सब्जी, रोटी खिलायी एवं पक्षी को दाना दिया. इस अवसर पर जेसीआई के अध्यक्ष जेसी विक्रम चौधरी ने कहा कि युवाओं को गो सेवा कार्य में जुटकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने की आवश्यकता है. इस कार्यक्रम में अमन पोद्दार, दीपक पटेल एवं रविकांत समोता के अलावा संस्था के सचिव जेसी मयंक अग्रवाल, नीरज पोद्दार, रोहित जैन, निखिल अग्रवाल, प्रतीक जैन, संकेत सरावगी, अंकित मोदी के अलावा जेसीआई रांची के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

अंतर समवाय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

रांची। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एचईसी में 17 फरवरी से आयोजित अंतर समवाय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ.

समापन समारोह में एचएमटीपी के महाप्रबंधक डॉ. पीके बेहरा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे. प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मुख्यालय समवाय और प्लांट समवाय के बीच खेला गया, जिसमें मुख्यालय समवाय की टीम ने 71 रनों से मैच जीतकर प्रतियोगिता की ट्राफी अपने नाम की. समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं कमल कुमार सिंह उप कमाण्डेंट इकाई प्रभारी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया. इस अवसर पर कार्यक्रम संचालन कर्ता आरक्षी निरीक्षक चन्द्रकेत वर्मा, निरीक्षक ओमप्रकाश, निरीक्षक आनंद शंकर कुमार मौजूद थे.

स्वामी श्रीरामचरण जी का मना जन्मोत्सव

रांची। श्रीराम मंदिर, सर्जना चौक में शुक्रवार को विजयवर्गीय वैश्य सभा ने सद्गुरु स्मरणीय 1008 स्वामी श्रीरामचरण जी का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया. शाम चार बजे सभा के अध्यक्ष सह पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उद्गार व्यक्त करते हुए स्वामी जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला. कहा कि महाराज जी के आदर्शों चलने से समाज का विकास संभव है. उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है. इसके बाद उपस्थित बड़ी संख्या में विजयवर्गीय समाज के लोगों ने पूजन-भजन कर अपने सद्गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. बाद में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की अन्नपूर्णा सेवा के तहत प्रसाद रूप में भोजन का वितरण किया गया. इस अवसर पर सचिव बीके विजयवर्गीय, पुरुषोत्तम दास विजयवर्गीय, हरिप्रसाद विजय, जय नारायण विजय, सांवरमल चौधरी, संतोष विजय मौजूद थे.

पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच नहीं

रांची। आजसू छात्र संघ के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा है कि आखिर 25 दिन बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की अनुशंसा क्यों नहीं कर रही है.

यह सरकार पर कहीं न कहीं प्रश्न चिह्न खड़ा करता है. लगभग हर एक दिन कहीं न कहीं से इस पेपर लीक मामले में संलिप्त अपराधी पकड़े जा रहे हैं. जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में सरकारी तंत्र मे ऊंचे पदों पर बैठे पदाधिकारी इसमे संलिप्त हैं. जेएसएससी के पूर्व अध्यक्ष नीरज सिन्हा का इस्तीफा भी इशारा करता है कि सरकार इस मामले की लीपा पोती कर ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास कर रही है.

कड़ी मेहनत जीवन में आगे बढ़ाएगा : बिशप थियोडोर

संवाददाता। रांची

रांची के गारू प्रखंड में शांतिनिकेतन बाल विद्यालय डबरी में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में शांतिनिकेतन बाल विद्यालय और नवचेतना बाल विद्यालय गणेशपुर के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि डाल्टनगंज धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष श्रद्धेय बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास थे. सर्वप्रथम शांतिनिकेतन बाल विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मिलकर स्वागत गान के द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पूरे दिल से स्वागत किया. बच्चों ने परेड के द्वारा अपने अनुशासन का प्रदर्शन किया. ड्रिल प्रदर्शन ने सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस प्रकार सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश से सभी प्रतियोगिता में भाग लिया. बिशप मस्कारेन्हास ने अपने आशीर्वचन में कहा कि यदि हमें जीवन में आगे बढ़ना है, तो तन मन और आत्मा से स्वस्थ रहना होगा. उसके लिए ईमानदारी से मेहनत करना होगा. वही सफलता की ओर ले जाएगा. इस अवसर पर बिशप स्वामी के अलावा डाल्टनगंज धर्मप्रान्त के शिक्षा निदेशक फादर संजय गिद्ध, गारू पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर अशोक नगेसिया, रांची महाधर्मप्रांत से फादर असीम, फादर अमरदीप केरकेट्टा, संत जेवियर्स एकेडमी लातेहार के प्रिंसिपल फादर हाबिल कुजूर, गनेशपुर पंचायत के मुख्य राजेश सिंह मौजूद थे.

तैयार डिग्री कॉलेज में अब तक नहीं शुरू हो सकी है पढ़ाई

रांची। अनगड़ा प्रखंड में झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री से रघुवर दास के द्वारा डिग्री कॉलेज भवन का निर्माण आरंभ कराया गया था. भवन निर्माण पूर्ण होने के बावजूद अब तक यहां पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है. इस मुद्दे को लेकर रांची के सांसद संजय सेठ ने झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिखा है. अपने पत्र में सांसद सेठ ने कहा है कि रांची जिला के अनगड़ा प्रखंड के बेड़वाड़ी गांव में भवन निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा करीब 18 करोड़ रुपये खर्च कर डिग्री कॉलेज के संचालन के लिए भव्य भवन का निर्माण कराया गया है. इस क्षेत्र को डिग्री कॉलेज मिले, इस सोच के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इस भवन की आधारशिला रखी थी और निर्माण कार्य शुरू कराया था. शिलान्यास के अवसर पर तत्कालीन कुलपति व कुलसचिव भी उपस्थित थे. उन्होंने कहा था कि कॉलेज बिल्डिंग बनकर तैयार होते ही, इसमें स्नातक की पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी. अब कॉलेज भवन को बनकर तैयार हुए 3 वर्ष से अधिक समय बीत गया है, लेकिन पढ़ाई प्रारंभ नहीं हुई.

खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। रांची

लीग शुरू

- महिला खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए
- उद्घाटन पर खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया

शनिवार को रांची के खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग की शुरूआत हुई. मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने इसका उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि लड़कियां हर छेत्र में आगे आ रही हैं. उन्होंने भारत और झारखंड में खेल के क्षेत्र में लड़कियों के सशक्त कदमों की भूरी-भूरी प्रशंसा की.

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित शिक्षा परियोजना निदेशक किरण पासी ने वुशु के खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की कामना की. उन्होंने कहा कि महिला खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए वुशु खेल को बढ़ावा दिया जाना चाहिए. खेलो इंडिया के नेशनल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र के अवसर पर वुशु खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इस अवसर पर आर्टिस्टिक योग का प्रदर्शन और ओरमांझी कस्तूरबा के खिलाड़ियों ने बैंड का प्रदर्शन किया. यह प्रतियोगिता 27 तक चलेगी. जिसमें महिला खिलाड़ी 12 लाख के कैश अवार्ड और पदकों के लिए जोर आजमाइश करेंगे. इस प्रतियोगिता मे पूर्व मे देश के विभिन्न जोन मे आयोजित प्रतियोगिता के विजेता कुल 256 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे. इस अवसर पर भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रभारी सह खेलो इंडिया लीग के ऑब्जर्वर बी महापात्रा, वुशु एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के सीइओ सुहेल अहमद सहित, धीरसेन सोरेंग, सुनील शांकरी, उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, डॉ कविता सिंह, चंचल भट्टाचार्य, मनोज महतो, मनोज साहू, शिवेंद्र दुबे, शैलेन्द्र दुबे, मिथलेश साहू, शम्भू सेठ, प्रद्युम्न बेहरा, अशोक मौकाशी,डी कॉन्डया, शैलेन्द्र कुमार,उमा रानी पालीत आदि उपस्थित थे.

आस्था

इस्लामी साल का आगाज माहे मुहर्रम से और एखतेताम (खत्म) माहे जिलहिज्जा पर होता है

शब-ए-बरात गुनाहों से छुटकारे की रात : मौलाना हम्माद

रेहान अहमद। रांची

करेंगे इबादत

- अल्लाह के रसूल इस रात को इबादत करते थे
- कब्रिस्तान जाकर मुर्दो के लिए दुआ करते हैं

मदरसा इसलामिया के पूर्व शिक्षक मौलाना हम्माद कासमी ने बताया कि शब के माने रात और बरात यानी छुटकारे की रात. शब ए बरात छुटकारे की रात है. शब ए बरात शाबान की 15वीं रात को कहते हैं, हदीस में आता है कि अल्लाह के रसूल (स.) ने फरमाया बेशक अल्लाह ताला 15वीं शबान की शब (रात) को सात आसमानों के सबसे निचले आसमान पर नुजूल फरमाता है (आते हैं) आज की रात बेशुमार (बड़ी तादात) लोगों को मगफिरत फरमाते हैं. लेकिन मुश्रिक (अल्लाह के साथ किसी और को शरीक करना), दुश्मनी, रिश्ता तोड़ने वाले, कीना कपट, चुगली करने वाले, शराब पीने वालों पर अल्लाह ताला की नजरे करम नहीं होती है. इस रात इबादत में डूबे रहना है. अल्लाह के रसूल इस रात को कसरत से इबादत करते थे, कब्रिस्तान जा कर मुरदों के मगफिरत के लिये दुआ करते हैं. यह हदीस से साबित है. इसलिये तमाम मोमिनों को इस पर अमल करना चाहिये.

हदीस से मालूम होता है कि इस रात इबादत के लिये कोई खास तरीका नहीं है, बल्कि इबादत का वही तरीका जो आम दिनों में शरियत में करने का हुक्म है. मसलन फर्ज नमाज की अदायगी, नवाफिल खास कर, नमाज ए तहाजुद की अदाइगी, कुरआन करीम की तिलावत, अल्लाह का जिक्र, तस्बीह पढ़ना, अल्लाह से गुनाहों की मांफी व दुवाएं करनी है. हरमू नुरानी मस्जिद के इमाम व खतीब मौलाना उमर फारुक ने बताया कि इस्लामी साल का आगाज माहे मुहर्रम से और एखतेताम (खत्म) माहे जिलहिज्जा पर होता है. शाबान 8वीं इस्लामी माह है. जो रमजानुल मोकद्दस से पहले आता है. इस माह को अल्लाह तबारक वताला ने बहुत फजीलत अता फरमाई है.

जिसकी अजमत की एक वजह तो यह मालूम होती है, कि इस माह में माहे रमजान की इबादत की तैयारी का मौका फरहम (मिलता) है. रमजान जो अपनी बरकतों व इनायते रब्बानी का मौसमे बहार है, उसी तैयारी का माहे शाबान से शुरू होना उसकी अजमत को चार चांद लगा देता है. इस माह की फजिलत यह भी है कि हदीस के अंदर आता है, हजरत ओसामा (अ.) रावी है (बयान बरने वाले) अल्लाह के नबी (स.) हर हफ्ते 2 दिनों का रोजा रखते थे, इन दोनों को कभी नहीं छोड़ते थे. हजरत आईशा (अ.) ने पूछा ऐ अल्लाह के नबी (स.) मैने देखा कि आप सोमवार, गुरूवार ये दोनों रोजे नहीं छोड़ते. नबी करीम (स.) ने इरशाद फरमाया कि इन दिनों बंदों के आमाल अल्लाह के पास पेश किये जाते हैं. इस लिये मैं इसे पसंद करता हूं. फिर मैंने अर्ज किया ऐ अल्लाह के नबी (स.) मैने आप को देखा कि आप शाबान के माह में जितने रोजे रखते हैं.

ब्रीफ खबरें

मांडर के नये थाना प्रभारी ने योगदान दिया

मांडर। मांडर थाना के नए थाना प्रभारी के रुप में राहुल ने योगदान दिया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन शांति स्थापित करना तथा क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि मांडर उनके लिए बिल्कुल नई जगह है. लेकिन यहां के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों तथा सहयोगी पुलिस कर्मियों की मदद से क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल करने में उन्हें मदद मिलेगी. इस मौके पर उन्होंने थाने में कार्यरत सभी पुलिसकर्मियों से मुलाकात की और उनसे सहयोग का अपील किया.

18 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को किया नष्ट

राहे। एसएसबी 26 वीं बटालियन के कमांडेंट के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के डूमरगाड़ी ओर सीताफॉल गांव के पास के जंगल में 18 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया. इस दौरान ग्रामीणों के बीच नशे से दूर रहने को लेकर जागरूकता चलायी गयी. अभियान में ए कम्पनी के कमांडर शशि कुमार, सहायक उपनिरीक्षक तिलकराज, दीपक सिंह, हरदीप सिंह, सुनील कुमार तथा अनगड़ा थाना के एएसआई मो मुख्तार और अन्य जवान इस अभियान में शामिल थे.

शब-ए-बरात को लेकर की गयी शांति समिति की बैठक

मुरी। मुरी ओपी थाना के प्रांगण में शनिवार के दिन शब-ए- बरात को लेकर थाना प्रभारी कुंदन कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव दिए. वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के समय नशापान से दूर रहें. बीडीओ रेनू बाला ने कहा पर्व शांति और भाईचारा के साथ मनाये. मौके पर सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना सिंह, रितेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विनोद साहू, मुखिया लालू राम उरांव, समेत दर्जन लोग मौजूद रहे.

अनुमंडलस्तरीय ग्राम प्रधान संघ की बैठक हुई संपन्न

सोनाहातू। प्रखंड के बारूहातू पंचायत सचिवालय भवन में शनिवार को बुंडू अनुमंडल ग्राम प्रधान संघ की बैठक मुंडा श्रीकृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई.संचालन गोपाल सिंह मानकी ने की. बैठक में पेशा कानून को शक्ति से लागू करने, ग्राम सभा के शक्तियां को हनन कर कमजोर किये जाने, आदि विषयों पर चर्चा की गयी. मौके पर मानकी जगन्नाथ सिंह मुंडा,तेज नारायण सिंह मानकी,जगतपाल बड़ाइक,दिनाई सिंह मुंडा,बीर सिंह मुंडा,ठाकुर मनमोहन सिंह, राधा गोविंद सिंह मुंडा,धीरज सिंह मुंडा,युगल किशोर सिंह मुंडा आदि मौजूद थे.

आधा दर्जन घरों से हुई लाखों के सामनों की चोरी

सोनाहातू। थाना क्षेत्र के आधा दर्जन घरों में शुक्रवार की रात को हाथ साफ किया. सोनाहातू के मारचाडीह और एडरमहातू गांव में अज्ञात चोर के द्वारा घर का दरवाजा तोड़ कर छह घरों से नगद राशि, बर्तन, और जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है. घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है. इस संबंध में थाना में मामला दर्ज कराया गया है. ग्रामीणों के अनुसार अशोक कुमार महतो, शिवनाथ कोईरी, मनोहर सिंह मुंडा, सूरज सिंह मानकी, लखिचरण मछुवा, मनोज सिंह मुंडा, फोलाहारी कोईरी, सहोदर महतो के घर से चोरी हुई है. इन घरो के सदस्य घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे.

जेबीकेएसएस में शामिल हुए विभिन्न दलों से आये लोग

ओरमांझी। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रांची द्वारा रांची जिला चाड़ू पंचायत सांडी गांव में आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया , जिसमें बीजेपी, कांग्रेस और जेएमएम पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता पार्टी का त्यागपत्र देकर जेबीकेएसएस का दामन थामा. मौके संस्थापक सदस्य सुमित कुमार महतो, विराट महतो, सूरज नारायण, सुधांशु कुमार,अजीत कुमार, हरेन्द्र कुमार, कलेश्वर बड़ाईक, श्रवण कुमार ने बीजेपी कांग्रेस जेएमएम त्यागकर आने वाले सैकड़ों कार्यकर्ता को माला पहनाकर जेबीकेएसएस का सदस्यता ग्रहण कराया. कार्यक्रम का अध्यक्षता श्रवण महतो संचालन रामा महतो और संजीव ने किया.

लापुंग के डाड़ी सेमरटोली में संत रविदास की जयंती समारोह का आयोजन

रविदास ने सामाजिक समरसता की मिसाल प्रस्तुत की : संजय

सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग

संत रविदास अपने आध्यात्मिक और सामाजिक संदेशों से समाज में व्याप्त कुरीतियों को न सिर्फ दूर किया बल्कि सामाजिक समरसता की ऐसी मिसाल प्रस्तुत किया. जिसकी पूरी दुनिया लोहा मानती है. हमें संत रविदास के दिखाए मार्गों पर चलते हुए समाज में एकजुटता लाने और लोगों को एक सूत्र में बांधने की जरूरत है. उक्त बातें लापुंग प्रखंड के डाड़ी सेमरटोली में रविदास जन कल्याण समिति डाड़ी फतेहपुर के तत्वाधान में

आयोजित संत रविदास की प्रथम जयंती समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि झारखंड ग्रामीण प्रदेश गुरु रविदास महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष संजय राम ने कही. डाड़ी सेमरटोली में रविदास जन कल्याण समिति डाड़ी फतेहपुर के तत्वाधान में आयोजित संत रविदास की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनायी गई.

संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक : किशुन दास

कांके। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से शनिवार को कांके प्रखण्ड के बालू ग्राम में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 647वीं जयंती मनाई गई . इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने गुरु रविदास की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित उन्हें याद किया .कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास शामिल हुए . उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने अपने आध्यात्मिक वचनों से समाज को राह दिखाने का कार्य किया है . उन्होंने समाज को मानवता व आपसी प्रेम की राह दिखाकर जीवन पर्यंत समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने व एक आदर्श समाज बनाने पर बल दिया . विशिष्ट अतिथि विधायक समरीलाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार संत रविदास जी के विचारों पर चल रही है उनके प्रसिद्ध पंक्ति ऐसा चाहु राज मैं, जहां सबको मिले अन्न,छोट बड़ सब बसे रविदास रहे प्रसन्न .

एसएनआर आउटसोर्सिंग में वर्चस्व को लेकर हुई हिंसक झड़प

गोपालीचक में वर्चस्व को लेकर डेढ़ घंटे तक गोली-बमबाजी

10 हजार टन कोयले में से सिंह मेंशन के रागिनी समर्थकों को भी 200 टन कोयले के उठाव का आर्डर मिला है



संवाददाता। पुटकी (धनबाद)

बीसीसीएल के पीबी एरिया गोपालीचक दो नंबर में शनिवार को रघुकुल व सिंह मेंशन समर्थकों में हिंसक भिड़ंत हो गई. विवाद में दोनों ओर के पचासों समर्थकों के बीच लगभग डेढ़ घंटे तक गोली और बामबाजी होती रही. एक दूसरे पर जम कर पत्थर भी फेंके गए. कई ट्रकों के शीशे तोड़ दिए गए. इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही और एक दर्शक की तरह तमाशबीन बनी रही. वारदात में रघुकुल के एक समर्थक को गोली लगी है, जबकि पांच जिंदा बम भी बरामद किया गया है. गोली लगने के बाद दोनों पक्षों से फायरिंग व बमबाजी रुकी, हालांकि तनाव बरकरार है. अब मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल और सीआइएसएफ की तैनाती हो चुकी है. जख्मी व्यक्ति का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है.

मेंशन समर्थकों के ट्रक लोड होने पर बवाल

विवाद को लेकर बताया जा रहा है कि शनिवार को उक्त 200 टन कोयले के उठाव के लिए दो ट्रक लगे थे और लोडिंग भी चल रही थी . इसी क्रम में एक गुट की तरफ से वर्चस्व और शक्ति का प्रदर्शन होने लगा . जैसे कि इस डिपो से लोडिंग होना ही उनकी जीत है . जब रागिनी समर्थकों का यह तेवर दिखने लगा, तो रघुकुल समर्थक भी गोलबंद होना शुरू हो गए, चूंकि तैयारी पहले से ही थी, इस कारण पल भर में ही विवाद हो गया .

10 हजार टन कोयले के उठाव को लेकर है विवाद

बताते चलें कि एरिया के गोपालीचक दो नंबर में एसएनआर नामक आउट सोर्सिंग कंपनी है, उक्त कंपनी रघुकुल के हर्ष सिंह के अधीन है . ठीक इसके पास में ही बीसीसीएल की एक कोयला डिपो है . इस डीपो से कोयला का उठाव भी होता है . यहां से लगभग 10 हजार टन कोयले का उठाव होना है और यह उठाव जारी है . इसमें कई डीओ धारकों को कोयले के उठाव का आर्डर मिला है . कोयला उठाव के देखरेख की जिम्मेवारी रघुकुल के हर्ष सिंह और उनके समर्थक कर रहे हैं . इसी 10 हजार टन कोयले में से सिंह मैंशन के रागिनी समर्थक को भी 200 टन कोयले के उठाव का आर्डर मिला है . इसी कोयले के उठाव को लेकर विवाद की शुरुआत हुई है . क्योंकि पूर्व से ही माना जा रहा था कि इस 200 टन कोयले के उठाव में हंगामा और विवाद तय है . इस कारण दोनों तरफ के समर्थक पूर्व से तैयार थे . अंदेशा भी सही निकला और दोनों पक्षों में जमकर भिड़ंत हो गई .

नकाब लगाए आधा दर्जन इलाके से पहुंचे थे युवक

गोपालीचक दो नंबर में इस विवाद में सिर्फ यहीं के लोग शामिल नहीं थे बल्कि आसपास के लोगों का भी जुटान था, खासकर युवकों की पूरी फौज थी . युवक चेहरे को ढक रखे थे .रघुकुल समर्थकों में कच्छी बलिहारी, केंदुआ, करकेंद,वासुदेवपुर के युवक थे .रागिनी गुट की तरफ से लोयाबाद, पुटकी व गंसाडीह के युवकों का जुटान था .

ट्रक के पहिए के नीचे रख दिया था बम

लोडिंग स्थल पर खड़ी एक ट्रक के नीचे से पुलिस ने जिंदा बम बरामद किया है . बताया जा रहा है कि उक्त बम को किसी ने जानबूझ कर ट्रक के पहिए के नीचे रख दिया था, ताकि जैसे ही ट्रक का पहिया चलेगा,बम का विस्फोट हो जाएगा . लेकिन पुलिस की नजर बम पर पड़ गई . तत्काल बम को उठाकर पानी भरे बाल्टी में डाल दिया गया .

रवि नंदन सहाय की पुण्यतिथि मनायी गयी

रांची। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रांची के तत्वाधान में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय रवि नंदन सहाय की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. महासभा के रांची जिला अध्यक्ष शैलेश सिन्हा ने कहा कि राजनीति और समाज सेवा इन्हें विरासत में मिली थी, जिसे बढ़ाते हुए उन्होंने राजनीति और समाज सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया. कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रवीण वृत्त श्रीवास्तव ने किया, जबकि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रांची जिला के उपाध्यक्ष रंजीत सिन्हा, संगठन कार्यालय मंत्री श्री रतन भूषण एवं कई लोग मौजूद थे.

कोल वाहनों के परिचालन का ग्रामीणों ने किया विरोध

पिपरवार। राय से लेकर पुरानीराय तक हो रहे कोल वाहनों के परिचालन से उड़ते धूल और आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है.इस मार्ग पर कोल वाहनों के परिचालन को बंद कराने की मांग को लेकर शनिवार की प्रात 9 बजे स्थानीय ग्रामीणों ने झारखंडी शिव मंदिर के समीप समाजसेवी अर्जुन महतो खलारी प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो के नेतृत्व में सड़क को जाम कर दिया.इधर ग्रामीणों के सड़क जाम की सूचना पाकर खलारी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और ग्रामीणों को समझा बूझाकर एवं आश्वासन देकर सड़क जाम को हटाया.इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों के अलावा सशिविमं स्कूल के शिक्षक मौजूद थे.

कोहबर धाम में माघ पूर्णिमा पर जतरा मेला का आयोजन

सरैया से चंदन गुफा तक बनेगा पुलिया व सड़क : किसुन दास

संवाददाता। पिपरवार

कोयलांचल क्षेत्र के प्रसिद्ध चंदन गुफा धाम के सुन्दरीकरण का मामला झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास उठायेंगे. उक्त भरोसा शनिवार को पिपरवार क्षेत्र के सरैया ठेठांगी में स्थित माघ पूर्णिमा के अवसर पर चंदन गुफा में एक दिवसीय मेला उदघाटन पर कहीं. सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने बताया कि झारखंड के प्रसिद्ध और प्रकृति की गोद में बसा चंदन गुफा अत्यंत ही मनोरम है. लेकिन इस खूबसूरत स्थल तक पहुंचने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा व्यवस्था नहीं किया गया है. बताया गया कि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होनेवाला चंदन गुफा धाम मेला का उदघाटन किया.इस मौके पर विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में टाना भगत की काफी आबादी है और इनके संरक्षण के कारण ही चंदन गुफा धाम मेला में प्रकृति पूजा सहित सभी पारंपरिक रीति रिवाजों का पालन किया जाता है.

चुनाव आयोग ने ट्रांसफर पोस्टिंग के तरीके पर जताई अपनी नाराजगी

प्रमुख संवाददाता। रांची

चुनाव आयोग ने झारखंड में हो रहे ट्रांसफर पोस्टिंग के तरीके पर नाराजगी जताई है. इसको लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव को पत्र लिखा है. शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि चुनाव आयोग के आदेश पर अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के कंप्लायंस के बारे में जानकारी दें. पत्र के मुताबिक, 21 दिसंबर 2023 को लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए आयोग ने राज्य में एक ही जगह पर चार साल या उससे अधिक समय से पदस्थापित पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के बारे में दिशा-निर्देश जारी किया था.

नियम अनुरूप हो अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग

लेकिन आयोग को पता चला है कि लोकसभा चुनाव की वजह से अफसरों की होने वाली ट्रांसफर-पोस्टिंग में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया है . पदाधिकारियों का ट्रांसफर एक ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सीमावर्ती जिले में कर दिया गया है, जो स्थानांतरण नीति की मूल भावनाओं के खिलाफ है . इसलिए आयोग की ओर से निर्देश दिया जाता है कि जिन पदाधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया गया है, लेकिन आयोग के निर्देश का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया है, उनका ट्रांसफर नियम के अनुरूप किया जाए .

खास बातें

- नहीं हो पाया है आयोग के दिशा निर्देशों का पालन
- स्थानांतरण नीति की मूल भावनाओं के विपरीत

26 फरवरी तक भेजा जाना है प्रतिवेदन

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पदाधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक के स्तर से 26 फरवरी 2024 को अपराह्न 3 बजे तक आयोग को भेजा जाना है . इसलिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तत्काल समुचित कार्रवाई करें . इससे पहले 23 फरवरी को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एक पत्र लिखा था , जिसमें यही बातें कहीं गईं थीं .

उपलब्धि जमशेदपुर की अरका जैन यूनिवर्सिटी (एजेयू) ने नैक में रचा इतिहास

ए ग्रेड हासिल करने वाली राज्य की पहली प्राइवेट यूनिवर्सिटी बनी

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए देश भर में अपनी पहचान बना चुकी अरका जैन यूनिवर्सिटी 6 सालों से विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य निर्माण की दिशा में सतत प्रयासरत है. इसी की सुखद परिणाम है कि अरका जैन यूनिवर्सिटी को अपनी यात्रा के शुरुआती दौर में ही मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की बॉडी राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद (नैक) की ओर से ग्रेड ए की मान्यता प्राप्त हुई है, जो की विश्वसनीयता एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ा कदम एवं मील का पत्थर साबित होगा.

इसके साथ ही अरका जैन यूनिवर्सिटी झारखंड, बिहार एवं पश्चिम बंगाल को मिला कर ऐसी पहली स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटी बन गई है, जिसको नैक की यह प्रतिष्ठित ए ग्रेड की रैंकिंग मिली है. इसके पहले उक्त तीनों राज्य में किसी भी स्टेट प्राइवेट यूनिवर्सिटी को नैक की ओर से ए ग्रेड से नवाजा नहीं गया है. यह जानकारी यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दी. अरका जैन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ रॉयचंद चैनराज ने राज्य सरकार के प्रति आभार जताया. साथ ही उन्होंने पूरे यूनिवर्सिटी परिवार एवं जैन ग्रुप को इस उपलब्धि पर बधाई दी.

पूरे राज्य के लिए यह एक विशेष उपलब्धि है

यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य राजेश शुक्ला ने इसे महत्पूर्ण कड़ी बताया और कहा कि छात्रों के अलावा पूरे राज्य के लिए यह एक उपलब्धि है . विदित हो कि एजेयू को नैक एक्रीडिटेशन में 3.15 स्कोर प्राप्त हुआ है . यूनिवर्सिटी के डीन व डायरेक्टर कैंपस डॉ अंगद तिवारी ने बताया कि यह यात्रा रोमांचपूर्ण रही है . हर वर्ष हमने दोगुनी मेहनत की और आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं .

6 साल से एक ही विजन पर काम कर रहे हैं: रजिस्ट्रार

अरका जैन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ अमित श्रीवास्तव ने बताया कि 6 साल से हम एक ही विजन के साथ काम कर रहे हैं, वह यह कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अपने घर को छोड़ कर कहीं दूर न जाना पड़े, छात्र अपने घर में रहकर वर्ल्ड क्लास एजुकेशन ले सकें और बेहतर तरीके से रोजगार के अवसर तैयार कर सकें . इस दौरान श्रीवास्तव ने निकट भविष्य में और भी नए-नए पाठ्यक्रम तथा ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा आरंभ करने की घोषणा की . यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ एन सुन्दरजन और प्रो चांसलर एवं पूर्व कुलपति डॉ एसएस रज़ी ने कहा कि नैक की रेटिंग प्रोसेस के दौरान काफी कड़े इम्तेहानों से गुजरना पड़ा . बावजूद यूनिवर्सिटी की टीम ने दिन-रात एक करके रिपोर्ट्स तैयार की और सभी स्टाफ मेंबर्स एवं छात्रों के सहयोग से आज यह एक सपना सच होने जैसा है . वहीं कुलपति डॉ ईश्वरन अय्यर ने इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को बधाई दी .

न्यूज अपडेट

मैं घोषणा नहीं ,काम पर विश्वास रखता हूं : राजेश कच्छप

अनगड़ा। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने शनिवार को प्रखंड गोदाम से संत ऐलोयसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. पथ का निर्माण विधायक मद से होना है. इस दौरान उनकी पत्नी रिया तिर्की भी मौजूद रहीं. विधायक ने कहा कि मैं घोषणा में नही काम पर विश्वास रखता हूं. कुछ दिन पहले ही प्रखंड क्षेत्र के सात अलग - अलग जगहों पर विकास योजनाओं की आधारशिला रखी गयी है. पूरे क्षेत्र में विकास के कार्य प्राथमिकता के साथ कराये जा रहें है. शिलान्यास कार्यक्रम में प्रमुख दीपा उरांव, प्रखंड कांग्रेस महिला मोर्चा अध्यक्ष सरिता देवी, छोटेलाल महतो, दशरथ पाहन, बिहारी मुंडा, संगीता कैथा, अनिता देवी, जॉन तिग्गा, यशोदा देवी, जुली देवी, सुबोध बेदिया, मीडिया प्रभारी कुलेश्वर मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे.

मांडर सीओ विजय हेमराज को लोगों ने दी विदाई

मांडर। प्रखंड स्थित सभागार में अंचलाधिकारी विजय हेमराज ख़लखो और अंचल निरीक्षक अनुज टेटे को भावभीनी विदाई दी गयी. इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने सीओ व सीआई के कार्यकाल की चर्चा की और उनके बेहतर कार्यकाल को लेकर उन्हें शाल व बुके देकर सम्मानित किया. वहीं सीओ ने भी अपने कार्यकाल में अपेक्षित सहयोग को लेकर लोगों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि मांडर की जनता ने कार्य में काफी सहयोग किया. मौके पर प्रमुख फिलीप सहाय एक्का, रामबालक ठाकुर, उप प्रमुख अमानत अंसारी, अमिताभ पाठक, ,होसे उराँव,मुखिया सुकरा उराँव मुखिया मंगरा उराँव ,अनूप राम , बी पी ओ गौरव मिश्रा, सुनिल सिंह, अंचलकर्मी , प्रखण्ड कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे.

विधायक ने नए अस्पताल भवन का शिलान्यास किया

मांडर। मांडर प्रखंड के मांडर रेफरल अस्पताल में एक नया आधुनिक अस्पताल भवन का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधिवत नारियल फोड़कर किया. इस मौक़े पर अस्पताल के प्रभारी डॉ कुल्लू मौजूद थे. अस्पताल के निर्माण कार्य पूर्ण उपरांत मरीजों के लिए बेड की कैपिसिटी बढ़ जाएगी. साथ ही अस्पताल मे बेड की कमी होने की वजह से मरीजों को इलाज के लिए रांची जाना पड़ता था. अब उन्हे रांची जाना नही पड़ेगा. मौक़े पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, नसीम अंसारी, शमीम अख्तर,आबिद अंसारी, रशीद अंसारी, सेरोफिना मिंज, सरिता उरांव, मांडर पंचायत अध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे.

दिव्यांगों की सेवा से शांति मिलती हैः आशीष साहू

ओरमांझी। सिकिदिरी के महर्षि बाल्मीकि विकलांग एवं अनाथ कल्याण सेवाश्रम संस्थान सहेदा में शनिवार को 11वां वर्सिकोत्सव समारोह मनाया गया.समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत व अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा नेता सह संस्थान के मुख्य संरक्षक आशीष साहु व मुखिया राजेन्द्र बेदिया उपस्थित थे. मौके पर मुख्य अतिथि निर्मला भगत ने कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी भी मामले में समान्य बच्चों से कम नहीं होते है. भाजपा नेता सह संस्थान के मुख्य संरक्षक आशीष साहू ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की सेवा कर मन को शांति मिलती है. हर व्यक्ति को दिव्यांगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए.

सभा ने गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा को किया सम्मानित

ओरमांझी। रांची जिला रौनियार वैश्य सभा ने राज्यपाल के हाथों रिचा गुप्ता को गोल्ड मेडलिस्ट अवार्ड मिलने के बाद समाज के लोगों ने बधाई दी. ज्ञात हो कि रिचा गुप्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से व्यवसाय प्रबंधन में स्नाकोत्तर परीक्षा में विशिष्ट प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की. पिछले दिनों विश्व विद्यालय ने दीक्षांत समारोह आयोजित की थी. मुख्य अतिथि राज्यपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रिचा गुप्ता एवं छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया. रांची जिला रौनियार सभा की ओर से जिला अध्यक्ष शंभू गुप्ता, महासचिव अशोक गुप्ता एवं जिला के अन्य पदाधिकारी की उपस्थिति में गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर उनको सम्मानित किया.

बुद्धा पब्लिक स्कूल ने 21वां वार्षिकोत्सव मनाया

सिल्ली/मुरी। सिली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में 21वां वार्षिकोत्सव मनाया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ केदार सिंह बिनोवा भावे यूनिवर्सिटी (हजारीबाग) के एचओडी, हिंदी विशिष्ट अतिथि एन के मुरलीधर, एचएम पब्लिक स्कूल के अरविंद कुमार, कैलाश कुमार डीएवी बेड़ो, मुजाहिद अंसारी प्राइम रोज पब्लिक स्कूल बूटी, आलोक विपिन टोपनो, अमीन अंसारी, मुकेश कुमार, गोपाल कुमार चंदेल, संवेद कुमार एवं विद्यालय के निदेशक रणधीर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की.

सांसद ने किया गुरुकुल पाठशाला गेट का उदघाटन

बुढ़मू। आदिवासी बाल विकास विद्यालय ठाकुरगांव में सांसद मद से बने गुरुकुल पाठशाला गेट का उदघाटन शनिवार को किया गया. उदघाटन सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, बीडीओ धीरज कुमार, सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक ने किया. मौके पर सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में उक्त विद्यालय शिक्षा का अलख जगा रहा है. साथ ही उन्होंने विद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया. वहीं विधायक ने अपने कोष से स्कूल में साइकिल शेड बनाने का घोषणा किया. मौके पर रामकुमार दुबे, प्रचार्य प्रभात तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव, कमल मोदी, शहानंद गोप, मनपुरण प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे.

जेबीकेएसएस किचटो पंचायत समिति का गठन

पिपरवार। जेबीकेएसएस की बैठक में शिकनवार को किचटो पंचायत समिति का गठन किया गया. कोयलांचल क्षेत्र में जेबीकेएसएस कमेटी का विस्तार एवं टाईगर जयराम महतो के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर किचटो पंचायत के बन्हे मध्य विद्यालय प्रांगण में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का पंचायत स्तरीय बूथ कमेटी का बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता अंगद कुमार महतो एवं संचालन गणेश महतो ने किया. किचटो पंचायत स्तरीय बूथ कमेटी का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष रूपलाल महतो, सचिव प्रदीप महतो,उपसचिव महेंद्र गंझू,उपाध्यक्ष यदुनाथ महतो,कामेश्वर गंझू, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र उरांव , उपकोषाध्यक्ष राजेश महतो को बनाया गया.

जमशेदपुर में आयोजित विंटेज कार एंड बाइक रैली में 66 कारों और 91 बाइकों ने लिया हिस्सा

रैली में 1933 की ऑस्टिन सेवेन रही आकर्षण का केंद्र

जमशेदपुर। रोहित कुमार

पुरानी गाड़ियों का शौक रखने वालों के लिए जमशेदपुर में विंटेज कार एंड बाइक रैली का आयोजन किया गया है. इसमें सन् 1926 से लेकर 1985 मॉडल की कार और सन् 1923 से लेकर 1985 की बाइक को कार्यक्रम में शामिल किया गया. कार्यक्रम में कुल 66 कारें और 91 बाइकों ने हिस्सा लिया. हालांकि लोगों की बीच सन् 1933 की ऑस्टिन 7 आकर्षण का केंद्र बनी रही.

वहीं इसमें द्वितीय विश्व युद्ध में इस्तेमाल की गई पैरा ड्रापर बाइक को भी प्रदर्शित किया गया था. इस कार्यक्रम की शुरुआत से ही लोगों की भीड़ जमा होने लगी थी. कई लोगों ने पुरानी गाड़ियों को देख अपने पुराने दिन को याद किया. कोई गाड़ी का इतिहास जानना चाह रहा था तो खासकर यूथ पुरानी गाड़ियों के साथ तस्वीर उतारने में लगे थे. प्रदर्शनी में 1933 मॉडल का ऑस्टिन सेवेन गाड़ी शामिल रही. जिसके मालिक कोलकाता के गुरुमुख सिंह खोखर हैं. इसमें ऑस्टिन सेवेन एचपी का इंजन है. जिसकी ताकत 700 सीसी है. गुरमुख ने बताया कि यह कार मयूरभंज के राजा ने सन् 1933 में ली थी. उसके बाद उनसे किसी और ने ली. साल 1991 में उन्होंने इस गाड़ी को खरीदा. वे इस कार के तीसरे मालिक हैं. उस जमाने की यह सबसे सस्ती गाड़ी है. आज से कोई 70 साल पहले इसकी कीमत 800 रुपये थी. यह कोलकाता रैली में 39 बार इंडिविजुएल ट्रॉफी जीत चुकी है. इस कारण इसका नाम लिम्का बुक में दर्ज है.

ऑस्टिन सेवेन के साथ गुरमुख सिंह .

उतारी तस्वीर

- वर्ष 1926 से लेकर 1985 मॉडल की है कार
- रैली में 1923 से लेकर 1985 की बाइक है शामिल
- ऑस्टिन के मालिक कोलकाता के गुरुमुख सिंह हैं

वहीं द्वितीय विश्वयुद्ध में इस्तेमाल की गयी छोटी बाइक भी प्रदर्शनी में है. इसे पैराटूपर बाइक कहा जाता है. जिसे सैनिक हेलीकॉप्टर में लेकर चलते थे. दुश्मन को देखकर बाइक सहित पैरासूट से छलांग लगा देते थे. इसमें ब्रेटन की विलियर्स कंपनी का इंजन लगा है. इसमें हॉर्न और लाइट नहीं है. यह ठेलकर स्टार्ट होती है. इसके मालिक चाईबासा के गुरुमुख सिंह हैं. गाड़ी की ताकत 2.5 सीसी है.

आठ साल पहले इंग्लैंड से टायर मंगाकर इसमें लगाया गया है. साइकिल का रिम लगा है. जमशेदपुर के आरुष सबरवाल के पास 1961 मॉडल की मर्सीडीज बेंज 190 है जिसे उन्होंने दिल्ली के एक कपूर फैमली से खरीदी थी. इस गाड़ी में आज भी ऑरिजनल पेंट और ग्लास लगे हुए हैं. आरुष बताते हैं कि यह कार ऋषि कपूर ने अपने एक गाने में इस्तेमाल की है. आज भी वे इस कार को सहेज कर रखे हुए हैं.

कुंभा टोली में रविदास की मनायी गई जयंती

चक्रधरपुर। संत रविदास ने जी ने अपनी अमृतवाणी से प्रेम, भक्ति व शक्ति का प्रचार कर लोगों में ऊंच-नीच की फैली कुरीतियों को दूर किया. आज पूरे देश में संत रविदास जी की जयंती पर उन्हें याद किया जा रहा है. यह बातें पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने शनिवार को संत रविदास जयंती के अवसर पर चक्रधरपुर की वार्ड संख्या आठ स्थित कुंभा टोली में संत रविदास मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कहीं. उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है. संत रविदास ने हमें यह सीख दी है और हम सबों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए. संत रविदास जयंती के अवसर पर कुंभा टोली में दिन भर कार्यक्रम चलता रहा. शनिवार सुबह मंदिर प्रांगण में संत रविदास की प्रतिमा व तस्वीर रखकर पूजा अर्चना की गई.

शब-ए-बरात आज, मस्जिदों में रौनक

संवाददाता। धनबाद

धनबाद कोयलांचल में रविवार को शब-ए-बरात मनाया जाएगा. त्योहार को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है. इलाके के मस्जिदों को सजाया जा रहा है. साथ ही कब्रिस्तानों में भी रोशनी का इंतजाम किया जा रहा है. बता चलें कि शब-ए-बरात को मुस्लिम समाज पूरी रात कुरआन-ए-पाक की तिलवात करता है और नमाज की अदायगी करता है. रात में ही लोग कब्रिस्तान भी जाते हैं और इस दुनिया से विदा हो चुके अपने रिश्तेदारों के लिए दुआ मांगते हैं. धनबाद के वासेपुर, नया बाजार, टिकिया पाड़ा आदि इलाकों की मस्जिदों को सजाया जा रहा है. इंतेजामिया कमेटी की तरफ से रात में पानी और रोशनी की व्यवस्था की जा रही है. इसके अलावा रेलवे मजार मस्जिद को भी सजाया गया है. झरिया में त्योहार को लेकर काफी चहल पहल है. नूरी मस्जिद को सजाया गया है. होरलाडीह कब्रिस्तान कमेटी ने भी झरिया से होरलाडीह तक लाइट की व्यवस्था की है. कब्रिस्तान में भी रोशनी का बेहतर इंतजाम किया गया है.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष शिक्षा में सफलता का योग है. जॉब के लिए प्रयासरत हैं तो समय उत्तम है. विद्यार्थी वर्ग शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा.

वृषभ किसी वृद्ध महिला से विवाद होगा. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करने पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. शत्रुओं से सावधान रहें. मिठाई का दान बच्चों को करें.

मिथुन सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. लड्डू का भोग लगावें.

कर्क धन के आगमन से मन खुश होगा. समय बहुत ही उत्तम है. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. आलस का त्याग करें.

सिंह धन के लिए दिन अच्छा है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है. किसी गरीब को वस्त्र दान करें.

कन्या समय सामान्य है. मानसिक रोगों से बचना चाहिए. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

तुला चोट व रोग से हानि की आशंका है, लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. नए कार्य को लेकर जल्दबाजी न करें.

वृश्चिक कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

धनु समय सामान्य है. अनहोनी की आशंका रह सकती है. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा. अन्न और जल दान करें.

मकर क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. काला वस्तु किसी गरीब को दान करें.

कुंभ समय बहुत ही अच्छा है. दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. किसी मंदिर में झाड़ू का दान करें.

मीन मौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है. समय लाभ का मौका देगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल्दबाजी में कोई गलत कार्य न करें.

माता शबरी जयंती सह भुईयां परिवार मिलन समारोह में उमड़ी भीड़

माता शबरी से हम सभी को सीखने की जरूरत है: पुष्पा

संवाददाता। छतरपुर/पलामू

शहर के फुलवारी मैदान में शनिवार को माता शबरी जयंती सह भुईयां परिवार मिलन समारोह में उमड़ी भीड़ के बीच श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से माता शबरी की पूजा की. छतरपुर, नौडीहा बाजार, पाटन, हरिहरगंज, बिश्रामपुर, मेदिनीनगर, हरिहरगंज, पिपरा, हुसैनाबाद सहित पलामू जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे-बुजुर्ग आदि समारोह में भाग लिया. बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार एवं छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने माता शबरी की प्रतिमा की पूजन किया. विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि माता शबरी नारी शक्ति के प्रतीक है. जिनके द्वार पर भगवान राम को स्वयं आना पड़ा था.

विधायक ने कहा कि माता शबरी इस बात की प्रतीक है कि अगर आपकी श्रद्धा सच्ची हो तो भगवान आपके द्वार पर स्वयं आएंगे. माता शबरी से हम सभी को यह सीखने की जरूरत है कि श्रद्धा, शिक्षा, धैर्य और प्रतीक्षा में बहुत ताकत होती है. उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को माता शबरी जयंती मनाया जाता है. इस कार्यक्रम के बहाने सभी से मिलना-जुलना होता है. भुईयां जाति की पहचान समाज में विशिष्ट बने इसके लिए सभी स्तर पर प्रयास करने की जरूरत है. पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि पलामू व गढ़वा जिले में सबसे अधिक भुईयां समाज के लोग रहते हैं. हर जगह पर इनका आर्थिक व सामाजिक शोषण भी हो रहा है.

माघ पूर्णिमा पर ब्रह्मस्थान में श्रद्धालुओं की जुटी भीड़

गढ़वा। खजूरी स्थित श्री ब्रह्मस्थान पर शनिवार को माह पूर्णिमा के अवसर पर मेला लगा. यहां मेला लगने की परंपरा बहुत पुरानी है. मेले में काफी संख्या में लोग शामिल हुए. श्रद्धालुओं ने बह्म स्थान पर पूजा-अर्चना की और सत्यनारायण भगवान का कथा का श्रवण किया. साथ ही विगत नौ दिनों से चल रहे रामचरितमानस परायण यज्ञ समापन हवन व श्रीब्रह्म बाबा की महाआरती के बाद समापन हुआ. मेले में बच्चों का मुंडन संस्कार भी हुआ. मेले में गढ़वा जिले के अलावा पलामू, बिहार, छतीसगढ, मध्य प्रदेश व उतर प्रदेश से आए श्रद्धालुओं ने अपनी मन्नतें पूरी होने पर कथा श्रवण किया. इसके बाद ब्रह्म बाबा को जनेउ, चुनरी व नारियल चढ़ा कर पूजा अर्चना की. श्रीब्रह्म बाबा मैनेजमेंट ट्रस्ट खजुरी की ओर से माघ पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी. ट्रस्ट के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सहायता में जुटे रहे. मेले में आई भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयं सेवकों के साथ पुलिस भी सक्रिय रही. मेले में आए लोगों ने महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञशाला की परिक्रमा कर विशेष पूजा की. शाम को पुजारी की देखरेख में ब्रह्मबाबा की महाआरती व भंडारे का भी आयोजन किया गया. मान्यता के अनुसार मन्नतें पूरी होने पर श्रद्धालु यहां सत्यनारायण भगवान की कथा सुनते हैं. मिट्टी का घोड़ा, नारियल व जनेऊ चढ़ाते हैं. श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की इंतजाम किए गए थे. वहीं ब्रह्म बाबा वर्सिप मैनेजमेंट ट्रस्ट खजूरी के लोगों ने अपने स्तर से वॉलेंटियर तैनात किए थे. मेला समिति के अध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने बताया कि गढ़वा से 7 किमी दूर खजूरी ब्रह्मस्थान में इस वर्ष भी 53वां मेले का आयोजन किया गया. श्रीराम चरित्र मानस यज्ञ भी आयोजित किया गया. बाबा का दर्शन और नारायण की कथा सुनने के लिए माघ पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु आते हैं. पांच राज्यों के भक्तों का यहां महाजुटान होता है. मेले में लगी दुकानों पर श्रद्धालुओं ने खरीदारी की. इस दौरान लोगों ने बताया कि खजूरी ब्रह्मस्थान में लगे मेले में सभी सामान सस्ते दर पर मिल जाते हैं इसलिए हर साल यहां पांच राज्यों के श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है. मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र दूबे, द्वारिका नाथ पांडेय, प्रदीप पासवान मौजूद थे.

आजसू पार्टी के मिलन समारोह का आयोजन

दोहन नहीं निर्माण सोच में होना चाहिए : सुदेश महतो

संवाददाता। रांची

राजनेताओं का उद्देश्य राज्य का दोहन नहीं, बल्कि उनका उद्देश्य राज्य का नवनिर्माण होना चाहिए. झारखंड में सरकार अपनी मौजूदगी का अहसास जनता को नहीं करा पाई है. लोगों की भावनाओं का सम्मान नहीं कर पाने वाली सरकार जनता के साथ न्याय नहीं कर सकती और न ही राज्य को आगे ले जा सकती है. उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने लातेहार विधानसभा अंतर्गत जालिमखुर्द-जगतारनपुर, बाजारटांड में आयोजित संकल्प सभा सह मिलन समारोह में कही. मौके पर राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा देवी यादव समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं और सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

दु:खी हैं गांव के लोग

सुदेश ने कहा कि सरकार ने ग्राम सभा की तिलांजलि दे दी है. जमीन के नीचे की खनिज संपदा पर सबकी नजर है, पर जमीन के ऊपर के लोगों की चिंता किसी को नहीं है. यही वजह है कि गांव के लोग दु:खी हैं. हर सुविधा शहर को पहले और गांव को बाद में मिला है. गांव की समस्या को समझने और जीने वाला गांव का लीडर चाहिए. राजनीति में आने का मकसद जगह भरना नहीं लातेहार की किस्मत बदलने वाला प्रतिनिधि चाहिए. लातेहार जिले के विकास के लिए किसी के पास रोडमैप नहीं. अधिकारी भी यहां नहीं रहना चाहते हैं. साल हुआ या नहीं उन्हें ट्रांसफर चाहिए. लातेहार तो नक्शे पर है, लेकिन लातेहारवासियों का दर्द इस नक्शे पर नहीं है. कहा कि आज विद्यालय में शिक्षक नहीं हैं, अस्पताल में डॉक्टर्स की कमी है.

रविदास के समर्पण को अपनाने की जरूरत

मिलन समारोह के दौरान पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने संत रविदास जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने कठिन श्रम एवं समर्पण को बहुत महत्व दिया था. उनके गुणों को हमें अपनाने की जरूरत है. समाज कल्याण में उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है.

इन्होंने ली सदस्यता

पार्टी के नीति एवं सिद्धान्तों से प्रवाभित होकर अजय कुमार गुप्ता, शेषनाथ पांडे, विजय प्रसाद साहू, संजय प्रसाद साहू, गोपाल साव ,रितेश कुमार, वीरेंद्र कुमार साव, मनोज साव ,लखिन्द्र लोहरा, मुकेश साव, मानो देवी, बेबी देवी, संगीता देवी, सुधीर कुमार गुप्ता, अमित भुईया, विजय भुईया, जय प्रकाश भुईया सरिता देवी, सुशीला देवी, मेनका देवी, गफ्फर अंसारी, मो मुस्लिम अंसारी, अलेन नवी, सबीर अंसारी ,मो मौसम, मो फिरदोस, मो जुनैद, विजय रजाक, ऐतवार अंसारी, इसरार अंसारी, सोएब अंसारी, अजाज, साजिद, जावेद, अजाउल ने सदस्यता ली.

भवनाथपुर में झामुमो ने निकाली न्याय मार्च

भवनाथपुर (गढ़वा)। भवनाथपुर प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च यात्रा निकाली. मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा षड्यंत्र रच कर झूठा केश में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया है. न्याय मार्च यात्रा में उप प्रमुख पिंटू टोप्पो ब्रजेश सिंह, धर्मराज पासवान, परमवीर राम, सुरेश गुप्ता, शशि दुबे, विजय राउत, जसमुद्दीन अंसारी, शमशेर अंसारी, दीपक वर्मा, नईमुद्दीन अंसारी, विनोद यादव, उपेंद्र चौबे, शैलेंद्र यादव, गोपाल उरांव, संजय ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे.

ड्यूटी के दौरान दो रेलकर्मियों की मौत

धनबाद। गोमो-तेलो रेलखंड के बीच शनिवार सुबह चार बजे ड्यूटी के दौरान दो रेलकर्मियों की मौत ट्रेन से कटकर हो गई. मृतकों में पीडब्ल्यूआई के मोहन कुमार शर्मा और राहुल कुमार हैं, जो पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे. रेलवे सूत्रों के अनुसार दोनों रेलकर्मी रेल पटरी को दुरूस्त कर रहे थे, तभी वहां से तेज रफ्तार से ट्रेन आ गई. दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए. ईसीआरकेयू के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने कहा कि उन्होंने ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन पदाधिकारियों डीके पांडेय और मोहम्मद जियाउद्दीन को जानकारी दी. उनके निर्देशानुसार घटनास्थल पर रवाना हो गए. चंद्रपुरा शाखा से संगठन सचिव अरविंद कुमार मेहता, सहायक सचिव सह चीफ यार्ड मास्टर रूपेश कुमार सदस्यों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.

सभी को मिले समानता का अधिकार : जस्टिस सुजीत

संवाददाता। जमशेदपुर

देश में आदिम जनजाति शब्द को हटाने का प्रयास करना होगा. देश में सिर्फ जाती शब्द का ही इस्तेमाल किया जाए. सभी बराबर रहे और सभी को समानता का अधिकार मिले. यह बाते झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सह झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने कही. वे पूर्वी सिंहभूम जिले के एमजीएम थाना अंतर्गत पलासबनी में आयोजित राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर में लोगों को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि आज आदिम जनजाति को झालसा के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि किस तरह लोग झालसा के इस्तेमाल से खुद को लाभ पहुंचा सकते है.

वृद्धावस्था पेंशन योजना में मिले 208 आवेदन

महुदा। झारखंड सरकार के निर्देशानुसार पंचायत सचिवालय पदुगोड़ा में पांच दिवसीय मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर शिविर का आयोजन किया गया था. इस शिविर मे 20 फरवरी से 24 फरवरी तक आवेदन जमा किया गया. प्रथम दिन 20 फरवरी को 26, 21 को 76, 22 को 92, 23 फरवरी को 6, और 24 फरवरी को 8, कुल पांच दिनों में 208 आवेदन जमा किया गया. मुखिया महेश कुमार पटवारी ने बताया कि मेरे और वार्ड सदस्यों द्वारा प्रचार प्रसार कर 50 वर्ष उम्र की महिला और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति जाति के पुरुषों के बीच निःशुल्क पेंशन फार्म का वितरण स्वयं मुखिया द्वारा किया गया. उक्त शिविर में मुखिया महेश कुमार पटवारी व अंकित अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा.

तालिम के बिना इंसान की जिंदगी अधूरी : जाहिद हुसैन

संवाददाता। मझगांव

मदरसा कासीमुल उलूम मझगांव में एक जलसा दस्तारबंदी व शीरत कान्फेरेस से मुनाक्किद किया गया. जिसमें 2 हाफिजे कुरआन बच्चों को उनके उस्तादों सहित अन्य मौलानाओं ने मिलकर बच्चों के सिरों पर पगड़ी बांधी व उनको मदरसे की जानिब से सनद दी गई एवं इनामों से भी नवाजा गया. जलसे की आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत कारी नुरुलअमीन ने पढ़ कर शुरु की गई. इस मौके पर जलसे की जेरे सदारत उड़िसा राज्य के केंद्रापड़ा के मौलाना मोहम्मद फारुख कासमी ने किया. वहीं जलसे में मेहमाने खुसुशी (मुख्य वक्ता) के रुप बंगाल के दार्जिलिंग के मौलाना व मुफ्ती सादून नजीब कासमी ने अपने बयान से हाफिजे कुरआन की फजीलत को बयान किया. वहीं ओडिशा के बड़बिल मुफ्ती जाहिद हुसैन ने कहा कि तालिम के बिना इंसान की जिंदगी अधूरी रहती है.

लापरवाही मुख्यमंत्री नए भवन निर्माण के शिलान्यास के लिए आदित्यपुर आने वाले थे

नए भवन निर्माण का शिलान्यास कार्यक्रम टला

संजीव मेहता। आदित्यपुर

आदित्यपुर नगर निगम के नए भवन निर्माण के शिलान्यास पर दूसरी बार ग्रहण लगा है. भूमि की अनुपयोगिता की वजह से नगर निगम के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास कार्यक्रम दूसरी बार टल गया है. राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को नए भवन निर्माण के शिलान्यास के लिए आदित्यपुर आने वाले थे, जिसकी सारी तैयारी कर ली गई थी, जिसे येन वक्त पर स्थगित कर दिया गया.

वहीं भवन के लिए भूमि का चयन और उसकी गलत जानकारी देने पर गम्हरिया के सीओ गिरेंद्र टूटी को रातों रात हटा दिया गया है, उनका स्थानांतरण कोडरमा कर दिया गया है. बता दें कि शनिवार को सरायकेला में 200 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास के साथ ही 25 करोड़ की लागत से आदित्यपुर नगर निगम के नए भवन का निर्माण होगा. इसका शिलान्यास आदित्यपुर में होना था. जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी. परंतु येन वक्त पर रितेश भालोटिया द्वारा उस जमीन पर दावा करते हुए हाई कोर्ट से स्टे ऑर्डर लाकर प्रशासन को थमा दिया गया, जिससे जिला प्रशासन की सारी तैयारी बेकार हो गई. बताया जा रहा है कि गम्हरिया अंचल की आसंगी राजस्व ग्राम के सतवहनी के जमालपुर में खाता नंबर 187 प्लॉट नंबर 88, 93, 94 और 96 गैर-मजरूवा नेचर की भूमि का चयन आदित्यपुर नगर निगम कार्यालय के नए भवन के लिए किया गया था. झारखंड सरकार के निबंधन भूमि सुधार और राजस्व विभाग के आवास और नगर विकास विभाग ने जमीन को स्थानांतरित भी कर दिया गया था. इसी जमीन पर शनिवार को मुख्यमंत्री शिलान्यास करने वाले थे. परंतु, येन वक्त पर शुक्रवार को ही जमीन पर दावा जताने वाले रितेश भालोटिया झारखंड हाई कोर्ट से स्टे ऑर्डर लाकर प्रशासन को दे दिया. इससे शिलान्यास होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया. बता दें कि इससे पूर्व नगर निगम के प्रशासनिक भवन के लिए आरआईटी थाना भवन का चयन किया गया था.

सीओ हटे

- सीएम नहीं कर पाए भवन निर्माण का शिलान्यास
- 25 करोड़ की लागत से नए भवन का निर्माण होगा
- हटाया गए गम्हरिया सीओ गिरेंद्र टूटी, भेजे गए कोडरमा

घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

धुरकी (गढ़वा)। धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला गांव के मंगल बाजार निवासी बलराम साह के 24 वर्षीय पुत्र अखिलेश साह की मौत सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान हो गई. बता दें कि मृतक अखिलेश अपने ससुराल भवनाथपुर जा रहा था. जहां बीच रास्ते पाल्हे जतपुरा गांव में विपरीत दिशा से आ रही बाइक व अखिलेश की बाइक दोनों में जोरदार टक्कर हो गई. जिससे अखिलेश बुरी तरह घायल हो गया. आनन फानन में परिजनों ने उसे सदर अस्पताल गढ़वा भर्ती कराया. जहां उसे सदर अस्पताल गढ़वा से रेफर कर दिया. परिजन रांची रिम्स अस्पताल में इलाज के लिए ले गए. वहां से भी रेफर कर दिया. रांची के पास में ही एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

बाघमारा में जनता का राज्य स्थापित होगा : सूरज महतो

संवाददाता। कतरास

अब बाघमारा की जनता जाग चुकी है. बदलाव हर हाल में होगा. यहां आदमकद खोर टाईगर नहीं बल्कि जनता का राज्य स्थापित होगा. बाघमारा की जनता का हकमारी करने वालों की जगह जेल में होगी. उक्त बातें जन शक्ति दल के सुप्रीमो सुरज महतो ने काको मोड़ प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कही. उन्होंने कहा कि बाघमारा विधानसभा के 47 पंचायत और 8 वार्ड में लगातार 75 दिनों तक जन शक्ति दल ने जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों लोगों का आशीर्वाद लिया है. लोगों का आशीर्वाद को लेकर रविवार को राहुल चौक से जन शक्ति दल के कार्यकर्ता आभार यात्रा निकालेंगे.

"बारिश का पानी ऊंचाई पर नहीं ठहरता और ढलान पर बहकर नीचे जाता है. ऐसे ही ज्ञान भी घमंड में ऊंचे उठे सिर में नहीं ठहरता. गहरे समुद्र में मोती हैं, लेकिन उन्हें प्राप्त करने के लिए आपको सभी जोखिम उठाने होंगे. यदि आप एक ही गोता लगाकर उन तक पहुंचने में विफल रहते हैं, तो यह निष्कर्ष न निकालें कि समुद्र में मोती नहीं हैं. –स्वामी रामकृष्ण परमहंस"

चरण शिथिल हो गए रसीले लाल-गुलाबी अरमानों के

कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

सोचा था इस साल वसंत की ओर से अपनी आंखें फेर लूंगा, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया. सोची हुई सभी बातें साकार कहां हो पाती हैं! इसलिए यह भी नहीं हो सका और वसंत के आगे हथियार डालना ही पड़ा. मैं भी क्या करूं? ध्यान करता हूं तो सजी-धजी वसुंधरा के साथ वसंत का मुस्कराता मुखमंडल दिखने लगता है. आंखें खोलता हूं तो नव पल्लवों से सुसज्जित द्रुमों और लतिकाओं की शोभा मन मोह लेती है. चिटखी कलियां, खिलते सुमन और गुनगुनाते भौंरे मस्त कर देते हैं. नूतन श्रृंगार कर प्रकृति की देवी वसंत के स्वागत सत्कार में तत्पर है. वसंत के पंचपुष्पी वाण ने सबको मस्त कर रखा है. महुए अपने मधुर-रस पूरित पुष्पों से वातावरण में मधुर रस घोल रहे हैं. आम की डालियों पर मंजरियां मादक गंध बिखेर रही हैं. कोकिला मधुर तान छेड़ रही है. ऐसे में कोई वसंत से अपनी आंखें कैसे फेर सकता है. कवियों और कवयित्रियों के मन उपवन में तो वसंत स्वभावतः मचल रहा है और एक से बढ़कर एक कविताओं और गीतों की रचना हो रही है. वसंत की बात सोचता हूं तो मेरे मानस में झारखंड से लेकर बिहार तक में काव्य ज्योति जगाने वाले जानेमाने कवि एवं गीतकार **प्रवीण परिमल** का यह गीत गूंज उठता है-



पतझर से ओझल थे अबतक
अंग-अंग इस दिग्दिगंत के ;
लो, आए फिर दिन वसन्त के !
क्षणभर में फिर लगी महकने
ख़ुशबूदार हवा, अमराई
फूलीं सरसों पीली-पीली
बागों में कोयल बौरायी
आंखों में सपने भर आये ;
शोख धरा औ' नभ अनंत के !
गदराया धरती का तन फिर
नभ-कपोल अरुणाभ हुआ है
रंजित पिंग पराग-गात
वनश्री का , लो , हेमाभ हुआ है
बरसे हैं रस- भरे बाण ;
धनु से छूटे जो पुष्पवंत के !
परस सिर्फ पलकों पर पाकर
नैन बसाए मेहमानों के
चरण शिथिल हो गए, रसीले --
लाल-गुलाबी अरमानों के
फिर भी मेरे नयन उनींदे ;
बाट जोहते रहे कन्त के ! लो आए फिर दिन वसन्त के !!

परिमल जी के चार काव्य संकलन, दो गजल संग्रह तथा दो जनवादी गीतों के संकलन प्रकाशित हो चुके हैं और सभी संकलन अपने आप में अनूठे और एक से बढ़कर एक हैं. खुशखबरी यह कि शीशे का घर और हसरतों के काफिले नाम से दो गजल संग्रहों का प्रकाशन शीघ्र ही होनेवाला है. इनकी रचनाएं आकाशवाणी और दूरदर्शन के अनेक केंद्रों के साथ ही विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रसारित-प्रकाशित होती रहती हैं. इनके मगही गीतों का कोई जवाब नहीं है. ये कई संस्थाओं से सम्मानित हो चुके हैं. वसंत तो मधुर भावों का ऋतु है. जब दिल में भाव उमड़ पड़ेंगे उर्वर कविता की रचना हो ही जाएगी.

यह तो जमशेदपुर की रहनेवाली कवयित्री **माधवी उपाध्याय** की इस कविता से स्पष्ट हो ही जाता है, जिसका शीर्षक है-राग वसंती मन आने दो.

जिस दिन भाव उमड़ आयेंगे, उस दिन कविता उर्वर दूंगी..
अपने अन्तरभावों को तब, कोमल शब्दों में गुथ दूंगी..
रोके से जो रुक न पाए, उसे समाहित कर दूंगी..
उन प्रशांत झीलों के जैसी, खामोशी को स्वर दूंगी..
ठहरी सी नदियों को फिर से, पल में अविकल कर दूंगी..
भूली-बिसरी उन यादों को, निज गीतों से भर दूंगी ..
सुघड़ -भाव संयोजन से तब, नव अभिव्यक्ति अनवर दूंगी..
अभी धड़कनें थमी हुई हैं . शीत -लहर से जमी हुई ..
राग-वसंती मन आने दो, गीत प्रेम का भर दूंगी.
जिस दिन भाव उमड़ आयेंगे, उस दिन कविता उर्वर दूगी..

माधवी जी उच्च शिक्षा प्राप्त विदुषी कवयित्री हैं. काव्य रचना की क्षमता इन्हें बिरासत में मिली है, क्योंकि इनके पिता डॉ. हरेराम त्रिपाठी चेतन ख्यातिलब्ध साहित्यकार हैं. इनका एक काव्य संकलन 'अनुपल गाता गीत पपीहा' प्रकाशित हो चुका है और अगला काव्य संकलन प्रकाशन की तैयारी में है. झारखंड में जब कवयित्री की बात हो तो **गीता चौबे गूंज** की चर्चा आवश्यक हो जाती है. हालांकि गीता जी संप्रति बेंगलुरु में निवास कर रही हैं, लेकिन इन्होंने झारखंड में लंबी अवधि तक साहित्य-साधना की है. छंदों पर तो इनका अधिकार है ही, साहित्य की हर विधा के सर्जन में प्रवीण हैं. अभी हाल ही में इनका नया उपन्यास 'लंबी होतीं परछाइयां' चर्चित हुआ. इनका पहला उपन्यास 'बंद घरों के रोशनदान' को 2021 मेंग्वालियर में सम्मानित किया गया. देश की विभिन्न संस्थाओं ने इन्हें भरपूर सम्मान दिया है. वसंत के अवसर पर सार छंद में रचित इनकी यह कविता पठनीय है-

हृदय सभी के गूंजित होते, प्रेम पगी बातों से.
पूनम का चंदा बतिआए, खिली हुई रातों से..
दूल्हा चंदा लेकर आता, तारों की बारातें.
दुलहिन बनी निशा से करता, प्रणय-प्रीत की बातें..
सर्द शिशिर की ठंडी रातें, गर्म तनिक हो आतीं.
मौसम परम सुहावन होता, दिल पे लिखता पाती..
ऊनी कपड़ों से अब तन को, मिलता है छुटकारा.
फिर से बक्से में जा छुपता, कंबल तो बेचारा..
मंद हवा के झोंकों में अब,घुलती खुशबू मीठी.
होती ठिठुरन नहीं देह में, बुझती अब अंगीठी..
शुरु पिघलना होने लगता, शिलाखंड बर्फानी.
करती स्वागत है वसंत का,दिल से धरती रानी..
वसंत के आने से खिलते, द्रुम के कोमल पत्ते.
शिशिर बदलता जैसे अपने, फटे-पुराने लत्ते..
नव कोंपल शाखों में आकर, नव अम्बर से सजतीं.
तरु से लिपट-लिपट नव बेलें, यौवन में पग धरतीं..

रांची के कवि **डॉ. चंद्रशेखर** भी वसंत को ऐसे ही दृष्टिकोण से देख रहे हैं. इनके वसंत में भी वैसी ही मादकता है. प्रस्तुत है डॉ. चंद्रशेखर की यह कविता-

शीतते वसुंधरा पर
बहुरंगी फूलों की क्यारियां, पीली सरसों के मीलों खेत
पतझड़ के पेड़ पर उगते, कोमल पुलकित पल्लव
पंखुड़ियों पर सुनहरी किरणों से नहाई ओसकण
सतरंगी इंद्रधनुष के सौंदर्य को बिखेरता
आम्रमंजर के रसों के सुगंध को शीत बयार में घोलता
पूरी धरा के नर-नारी, नव-यौवन को
भीतर से जोड़ता इस वसंत के अथाह सौंदर्य से
संचरित करता नव प्रेम, नव उल्लास
प्रिय के नयनों में अपने सौंदर्य का दर्शन
आत्मीयता और एकात्मकता प्रथम सौंदर्यानुभव
प्रथम प्रेमानुभव कली से फूल
संकीर्णता से मुक्ति आत्मोत्सर्ग!!

डॉ. चंद्रशेखर पेशे से कुशल चिकित्सक हैं. रिम्स में दशकों तक सेवा अर्पित कर चुके हैं और साहित्य साधना में गहरी अभिरुचि रखते हैं. इनकी कविताएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं. इनका काव्य संकलन 'सिर्फ एक बार आ जाओ' प्रकाशित हो चुका है. अगला काव्य संकलन भी प्रकाशन के लिए तैयार है. वसंत के आगमन पर बात छिड़ती है तो कहते हैं कि मैं तो सेवानिवृत्त हो चुका हूं. मैं कहता हूं-एक चिकित्सक के पास सेवानिवृत्ति की उम्र कभी नहीं आती. एक चिकित्सक जीवन पर्यंत चिकित्सक ही रहता है. रही बात वसंत की तो इसका सेवानिवृत्ति से क्या रिश्ता है? डॉ. साहब रिम्स में रुग्णों की सेवा के साथ ही भारतीय चिकित्सा संघ रांची के अध्यक्ष, आइएमए झारखंड के उपाध्यक्ष, रिम्स चिकित्सक संघ के उपाध्यक्ष जैसे विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं. मतलब यह कि चिकित्सक, प्रेमी, नेता, साहित्यकार कभी सेवा निवृत्त नहीं होते. वसंत आया है तो इसका आनंद लीजिए और अब मुझे आज्ञा दीजिए. जय हिंद! जय झारखंड!!

मातृभाषाओं के अस्तित्व के समक्ष चुनौतियां

पिछले 21 फरवरी को पूरे देश में और विश्व में ₹अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस₹ मनाया गया. सरकारी, अर्ध सरकारी संस्थानों और बहुत सारे शैक्षणिक संस्थानों में भी इस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गए. यूं भी कह सकते हैं कि इस दिवस को मनाने की औपचारिकता पूरी की गई. कुछेक संस्थानों में कार्यक्रम का प्रारूप ऐसा था मानो हिंदी दिवस मनाया जा रहा हो. कितनी विचित्र बात है कि शहर की बहुत बड़ी आबादी को अपनी मातृभाषा के अस्तित्व के महत्व का ज्ञान भी नहीं है! जब उन्हें उस भाषा से पहचान, उसकी संस्कृति, उसके परिवेश को भूलने में देर नहीं लगती तो फिर उस मां को भूलने में कितना समय लगेगा, जिससे उन्होंने बोलना सीखा था. शायद सफलता-समृद्धि प्राप्त करने की दौड़ में उस भाषा को ही भूल जाते हैं, जिसमें शिशु के रूप में अपनी मां से संवाद करते थे! मातृभाषा भूलने के साथ ही व्यक्ति के भाषा बोध का नैसर्गिक गुण भी शिथिल पड़ जाता है. अपनी मातृभाषा में कुशल व्यक्ति देश और दुनिया की कोई भी भाषा और बोली अधिक सहजता से सीख सकता है. कहीं पढ़ा था कि मातृभाषा 'विश्वास' की भाषा, भरोसे की भाषा है. इसी भाषा में मां ने उसे कुछ भी कहा था बाल्यावस्था में और उसने निस्संदेह भरोसा किया था उनपर! मनुष्य मातृभाषा के कारण ही ₹विश्वास₹ करना सीखता है, जानता है. सन्1999 में यूनेस्को ने प्रतिवर्ष 21 फरवरी को ₹अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस₹ मनाए जाने की घोषणा की . इसके पीछे भी एक दीर्घ संघर्ष की कथा है. भारत की आज़ादी के बाद जब पूर्वी और पश्चिम पाकिस्तान बना तो पश्चिम पाकिस्तान की हुकूमत ने पूर्वी पाकिस्तान की राष्ट्रभाषा भी उर्दू निर्धारित कर दी. पूरे पूर्वी पाकिस्तान में विरोध और प्रदर्शन होने लगे. सरकार दमन का रास्ता अख्तियार करने लगी. पूरे पूर्वी पाकिस्तान की भाषा बंगला थी और है. वहां के निवासी अपनी भाषा, संगीत, सभ्यता से बहुत ही अधिक प्यार करते हैं. विरोध उग्र हुआ. 1952 में विद्यार्थियों की भीड़ पर गोलीबारी हुई. सरकारी आंकड़ों के अनुसार पांच युवक शहीद हो गए थे. वास्तविक संख्या बहुत अधिक थी. ढाका में उनका स्मारक बनाया गया है और बाद में यूनेस्को ने इस दिवस को मातृभाषा दिवस के रूप में मनाना शुरू किया. 'बांग्लादेश' की नींव इसी भाषाई अस्तित्व की रक्षा के संघर्ष के धरातल पर ही पड़ी थी. भाषाविदों का एक अनुमान है कि सन 2050 तक विश्व की नब्बे प्रतिशत बोलियां और भाषाएं विलुप्त हो जाएंगी. राज्य सरकारें बोलियों और भाषाओं के संरक्षण के प्रति उदासीन और विमुख हैं. प्राथमिक विद्यालयों में मातृभाषा में शिक्षा सिर्फ वायदों तक ही सीमित है. भाषा और बोली का अन्योन्याश्रय संबंध संस्कृति और सभ्यता से है. झटका तब लगता है, जब शहर में पढ़ने वाले आधुनिक युवक-युवतियां संताली, मुंडारी, कुड़ुख़, सादरी, पंच परगनियां जैसी भाषा बोलना नहीं जानते! न ही उन्हें अपनी मातृभाषा सीखने जानने की कोई उत्कंठा है. मातृभाषाएं ऐसे ही पूरी सभ्यता और संस्कृति लिए विलुप्त होती जा रही है. यह चिंता का विषय है!

चौराहा

प्रमोद कुमार झा

अमरकंटक के दर्शनीय तीर्थ स्थल : अवसि देखिए देखन जोगू

यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

बात अमरकंटक के श्री नर्मदा मंदिर परिसर में कुल मिलाकर 24 मंदिर हैं. श्री नर्मदा मंदिर भारत का 39 वां शक्ति पीठ अधिष्ठात्री देवी श्री नर्मदा जी का है. अमरकंटक में प्रमुख मंदिर हैं-

श्री विष्णु मंदिर- प्राचीन मंदिरों में विष्णु मंदिर प्रमुख है. ऐसी लोक मान्यता है कि क्षीर सागर से उत्पन्न होने के पश्चात् भगवती लक्ष्मी यहीं निवास करती हैं. इसी स्थान पर महर्षि भृगु ने भगवान विष्णु के साथ भगवती लक्ष्मी का परिचय करवाया था. इस मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु की प्रतिमा अत्यंत कलात्मक है. काले ग्रेनाइट पत्थर पर भगवान विष्णु के दशावतार उत्कीर्ण हैं, समीप ही लक्ष्मी जी की प्रतिमा विराजमान है.

पातालेश्वर महादेव- यह भी एक प्राचीन मंदिरों में एक है.जनश्रुतियों के अनुसार इस मंदिर की स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी. पातालेश्वर महादेव का मंदिर विशिष्ट प्रकार से बना हुआ है . पातालेश्वर महादेव का मंदिर अपने नाम के अनुरुप ही पाताल में स्थित है. कहने का तात्पर्य यह है कि शिवलिंग पृथ्वी की सतह से लगभग 10 फीट की गहराई पर स्थित है. प्रतिवर्ष पातालेश्वर शिवलिंग की जलहरी में श्रावण मास के अंतिम सोमवार के दिन श्री नर्मदा का प्रादुर्भाव होता है तथा यह समझ से परे है. ऐसी मान्यता है कि नर्मदा जी शिव जी को स्नान कराने आती हैं, ऐसा केवल श्रावण मास में ही होता है. अन्य समय चाहें कितनी ही वर्षा क्यों न हो इस प्रकार की घटना घटित नहीं होती.

रंग महला मंदिर- किंवदंती के अनुसार नर्मदा जी जब एक दिव्य कन्या के रूप में प्रकट हुई, तब उनके निवास के लिए रंगमहला नामक एक सुंदर महल प्रसाद स्वरूप नर्मदा जी को दिया गया. इसे आज रंगमहला मंदिर कहा जाता है. वाद्य, संगीत ,चौपड़ खेलने के स्थान को भी रंगमहल कहा जाता है.

श्री भगवती राज राजेश्वरी मंदिर (शंकराचार्य आश्रम)- नर्मदा मंदिर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर भगवती राजराजेश्वरी जी का सुंदर मंदिर बना हुआ है. शंकराचार्य आश्रम की स्थापना 1973 में की गई थी, जो कालांतर में भव्य सुंदर शंकराचार्य आश्रम बन गया है. पूर्व काल से ही शंकराचार्य आश्रम अध्यात्म का केंद्र रहा है.

भृगु कमंडल- नर्मदा मंदिर से दक्षिण दिशा की ओर लगभग 4 किलो मीटर की दूरी पर भृगु कमंडल नामक स्थान है. कहा जाता है कि इस स्थान पर भृगु ऋषि ने कठोर तप कर सिद्धि प्राप्त की थी. यहां आश्रम में कमंडल की आकृति का एक चट्टान है. नर्मदा परिक्रमा वासी सोनमूड़ा होते हुए भृगु कमंडल के दर्शन के लिए अवश्य आते हैं.

श्री बर्फानी आश्रम- नर्मदा मंदिर से पूर्व दिशा की ओर लगभग 100 मीटर की दूरी पर बर्फानी बाबा का आश्रम है. श्री बर्फानी सिद्धयोगाश्रम षट् साधु समाज के अंतर्गत वैष्णव धर्मावलंबी श्री रामानंद संप्रदाय से संबंधित है. अयोध्या में स्थित खाकचौक आश्रम की शाखा के इस आश्रम की स्थापना संवत् 2025 में हिमालय के महान कायाकल्पी संत अनंत श्री विभूषित योगीधिराज ब्रह्मर्षि श्री बर्फानी दादा जी के करकमलों द्वारा की गई. मंदिर निर्माण के पश्चात् संवत् 2040 में दिव्य आकर्षक मूर्तियों की स्थापना की गई, जिनमें मुख्य रूप से सीताराम लक्ष्मण के साथ , श्री राधाकृष्ण भगवान,श्री नारायण शिव पार्वती एवं दक्षिण मुखी बाल स्वरूप विचित्र वीर हनुमान जी महाराज विराजमान हैं.

अखिल जंगल चुटिया दल



नश्तर

सुधीर राघव

दूर दूर, बहुत दूर. कहीं एक जंगल में. मुनाफाखोर साम्राज्यवादी सेठ दुलीचंद सुनामी ने अपने मोहरे गधे को राजा बनाकर पूरे जंगल पर नियंत्रण कर लिया था. उसने जंगल के सारे गणतंत्र समर्थक शेरों को पिंजरों में कैद करवा दिया था. इसके लिए उसने सर्कस कर्मियों को भर्ती कर अबोलिएंट डिपार्टमेंट (सरगर्म विभाग) बनाया था, जिसे सेठ सुनामी अक्सर ईडी कहकर ही बुलाता था. भले ही सेठ सुनामी एकाधिकारवादी और साम्राज्यवादी था, मगर उसने दिखावे के लिए जंगल में राजा के चयन के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी रखी थी. इससे एकतरफ जानवरों में यह भ्रम बरकरार था कि जंगल में गणराज्य कायम है तो दूसरी तरफ हकीकत यह थी कि मतगणना मशीनों और अपनी कंपनी के न्यूज चैनलों के जरिए नतीजों और नतीजों के प्रचार पर सेठ का पूरा नियंत्रण था. गधे के जरिए पूरे जंगल में मर्जी सेठ की ही चलती थी. सेठ गधे को प्यार से लॉर्ड बर्रो कहकर बुलाता था. कहने को गधे का एक राजनीतिक दल भी बनवा दिया था, जिसका नाम था भजन जंगल पार्टी. पार्टी की पहचान भजन था - मोक्ष बिना चैन कहां रे! इस भजन को गधा अपनी हर रैली में गाता था.

चुनाव फिर नजदीक आ रहे थे. मगर इस बार केलोबेलो के सारे न्यूज़ चैनल दिनभर अबकी बारी चुटियाधारी पर ही चर्चा कर रहे थे. चुटियाधारी पक्षी वैसे ही जंगल में अल्पसंख्यक थे. इसलिए उत्साहित होकर मोरों ने तत्काल अखिल जंगल चुटिया दल नाम से पार्टी लांच कर दी. जंगली मुर्गों ने जंगल चुटियापंथी मोर्चा बनाया तो सिपाही तीतर ने नौकरी से इस्तीफा देकर चुटियानंदन दल बना लिया. मोरल भी कहां पीछे रहने वाले थे, उन्होंने चुटियाधारी फारवर्ड ब्लाक बना लिया. हवा बदली देख गधे के होश फाख्ता हो गए. गधा होकर भी वह समझ गया कि सेठ उससे नाराज़ हैं. इसलिए उसके सारे चैनल इसबार किसी चुटियाधारी राजा की चर्चा कर रहे हैं.

गधा घबराया हुआ सीधा सेठ सुनामी की कैबिन में पहुंचा और चरणों में लोट गया. गधा गलती के लिए माफी मांग रहा था. सेठ सुनामी ने अपनी गर्दन सतर की और प्यार से गधे के सिर पर हाथ फिराते हुए पूछा - इतना घबराए हुए क्यों हो? गधे ने हिचकते हुए कहा - इस बार सभी चैनल चुटियाधारी का राग अलाप रहे हैं. यह सुनकर सेठ मुस्कुराया और उसने केलोबेलो के सीईओ झेंगा झकोई को बुलवा कर कहा - अरे झेंगा! लार्ड बर्रो को स्टूडियो ले जाओ और इनकी गलतफहमी दूर करो. झेंगा तत्काल गधे को स्टूडियो ले गया. गधे को एक खास एंगल में खड़ा किया गया. कैमरा उसकी पूंछ की तरफ लगाया गया. गधे का सिर ऐसे कोण पर मुड़वाया गया कि बीच का धड़ नजर नहीं आ रहा था. गधे के सिर के पीछे पूंछ एकदम से चुटिया जैसी लग रही थी. सुंदर सजी एंकर ने इंट्रो पढ़ना शुरू किया- तो जानवरो दिल थाम लो. इस चैनल पर हम पहली बार और सबसे पहले आपको मिलवा रहे हैं, चुटियाधारी जी से! अबकी बारी चुटियाधारी! गधे का यह नया चुटियाधारी लुक देखकर पूरा जंगल हतप्रभ था. सब चर्चा कर थे कि पिछले चुनाव में जब चैनल ने गधे को चौंचीदार बनाया था तो चौंच नकली लगाई थी. इसबार चुटिया एक दम रियल है. अब तो जंगल के सभी पूंछधारी गधे वाले पोज में सेल्फी ले रहे थे और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे थे - मैं भी चुटियाधारी.

पंकज पाल की कलाकृतियों में है यथार्थ का चित्रण

कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार

समकालीन कला में विविधता आश्चर्यजनक रूप से समृद्ध है. बदलता हुआ प्रबुद्ध समाज बडे मनोयोग से इस व्यक्तिगत भाषा को समझने परखने की चेष्टा कर रहा है. समकालीन रचनाधर्मिता के क्षेत्र में 'प्रयोग' शब्द आधुनिकता का पर्याय बन चुकी है. यह शब्द वैज्ञानिक युग की देन है. मशीनीकरण और तकनीकी प्रगति के साथ यह शब्द खास तौर से जुड़ा हुआ है. कलाकारों ने एक ओर अप्रत्यक्ष रूप से विज्ञान के विभिन्न पक्षों और प्रयोगधर्मिता के प्रति खिंचाव महसूस किया तो दूसरी ओर यान्त्रिक जड़ता के बन्धन से मुक्त होने की चेष्टा कर रहा है. परम्परा के जंजीरों ने जिस प्रकार तत्कालीन कला को जकड़ रखा था, उससे मुक्ति पाने की प्रतिक्रिया के लिए अमूर्तन तथा समकालीन विधाओं का जन्म हुआ. कला सदैव अमूर्त होती है. क्योंकि वह कलाकार के भावों की अभिव्यंजना होती है.

बदलते परिवेश और तीव्र विकास ने मनुष्य के हृदय और मस्तिष्क को बड़ी गहनता से आन्दोलित किया है. व्यक्तिगत मानसिक विधाओं, बिम्बों, नये नये मुहावरों और साहसिक प्रयोगों ने सारे कला क्षितिज को ही बदल डाला है. कला के नये मानदण्ड, नई परिभाषाएं, नये स्वर चारों ओर उभर रहे हैं. चित्र की विषय वस्तु को त्यागकर कलाकार धरातल के विन्यास, लिपि मूलक गुणों के निर्वाह, आकारों के तनाव, रंगों के आकर्षण और विकर्षण तथा बुनावटों की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं.

कला आज देश और काल के आवरण को तोड़कर स्थानीयता से मुक्त होने की चेष्टा कर रही है. तभी तो समय और विषय के अनुकूल पंकज कुमार पाल जैसे कलाकार आज अपनी कलाकृतियों में यथार्थवाद का चित्रण कर रहे हैं. वास्तव में कला मेहनत और समय की मांग करती है. इस कारण भी अधिक लोग इस माध्यम की ओर आकर्षित नहीं होते. इसके बावजूद पंकज कुमार पाल जैसे कलाकारों ने कला को नया अंदाज देने की कोशिश की है. इनकी कलाकृतियों में यथार्थ का चित्रण दिखता है. चंडीगढ़ से मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स की उपाधि प्राप्त करने के बाद पंकज कुमार पाल ने कई ग्रुप शो और सोलो शो प्रदर्शनी में भाग लिया, जहां इनकी कला की खूब चर्चा होती रहीं. 1998 में इन्हें महाकौशल काल परिषद रायपुर से बेस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया. वहीं 1993 में पटना विश्वविद्यालय से इन्होंने गोल्ड मेडल भी प्राप्त किया. यथार्थवादी कलाकार पंकज कुमार पाल की कलाकृतियां ज्यादातर मुहावरे जैसे ही नजर आती है और हर कला एक अलग भाव लिये कला प्रेमियों के समक्ष दिखता है. ये अपनी कलाकृतियों को काल्पनिक रंगों से ही आकर्षक बनाते हैं. पंकज कुमार पाल की कलाकृतियां नये वातावरण को झेलने के लिये ही नहीं, उसे आत्मसात करने के लिए भी तैयार हो चुका है. उसकी नियति अब एक निर्णायक दौर से गुजर रही है. जहां उसे अपने अस्तित्व की पहचान की लालसा है, जिसमें कोई भी कला प्रेमी एक बार डूबता है तो चाहकर भी उस संसार से बाहर निकल कर यथार्थ की दुनिया से वापस लौटना ही नहीं चाहता. सच कहा जाय तो पंकज की कलाकृतियां अपने आप में पूरी दास्तां बयां करती है और इनकी कलाकृतियों में संवेदनशीलता की आंतरिक दृष्टि स्पष्ट झलकती रहती है.

आखर

मुक्तात्मा

कहानी

वीणा ठाकुर
मैथिली कथा

कुमार मनीष अरविन्द
हिन्दी अनुवाद

गतांक से आगे -

बहू तो प्रतिमा की हुई अब, परन्तु वहां तो थाली परोसने का रिवाज ही नहीं था. वे दोनों ही पति-पत्नी टेबुल पर रखे पॉट में से प्लेट में खाना लेकर खा लेते थे. कहीं कोई आग्रह नहीं. इतना भर करती थी अर्चना कि जाते-जाते प्रतिमा को कह देती थी- ''मां, आप खाना खा लीजिएगा. सबकुछ फ्रिज में है ही. नहीं तो मेरी बना भी देगी. हमलोगों की प्रतीक्षा मत कीजिएगा. ''प्रतीक्षा मत कीजिएगा'' सुनकर प्रतिमा को कितने अपमान की अनुभूति होती थी, यह बेटा-बहू समझ कहां पाते थे!

अमेरिका से वापस आए हुए कितने वर्ष बीत गए, पर प्रतिमा को अब भी वैसे ही स्मरण है. उसने बच्चे की तेल से मालिश कर उसकी आंखों में काजल लगा दिया था. अर्चना की उस दिन नाइट ड्यूटी थी. आकर बच्चे को देखते ही हड़बड़ाती हुई उसने प्रतिमा से कहा था- ''यह आपने क्या किया? किसने कहा था आपको काजल लगाने को ?"... और तब तुरंत बच्चे को लेकर वह हॉस्पीटल चली गयी थी, आंख के डॉक्टर से दिखलाने के लिए. प्रतिमा अपराधबोध में गड़ गयी थी. आशु के आने पर प्रतिमा ने बड़ी आशा से आशु के चेहरे की ओर देखा था, परन्तु आशु ने कहा था- ''मां, मेरी है न, वह पूरी तरह ट्रेंड है. यह उसका काम है. काजल में कार्बन होता है... भाग्य अच्छा था कि ज्यादा देर नहीं हुई थी. अर्चना समय पर आ गयी थी, नहीं तो अनर्थ हो जाता." प्रतिमा अवाक्. जीवन भर उसने अपने पुत्र के साथ-साथ अपनी गोतनी और ननदों के बाल-बच्चों को तेल-काजल लगाया था. किसी को भी कहां हुआ था कुछ? वह यह कह नहीं सकी कि बौआ, अपने देश में तो छोटे बच्चे के लिए तेल-काजल अमृत होता है. मौन रहकर एक प्रकार से उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था.

एक रात आशु थोड़ा पहले आ गये थे. प्रतिमा को दिन में व्रत था. थोड़ी देर बाद अर्चना भी आ गयी थी. खाना खाते हुए आशु ने प्रतिमा को खाने के लिए कहा तो उसके मुंह से निकल गया ''बेटा, आज मेरा व्रत है. मैं फलाहार कर लूंगी. सबकुछ मेरी के हाथ का छुआ है, सो अन्न नहीं खाऊंगी."

''इंडियन्स की हिपोक्रेसी यही है. भाषण देते हैं कि सभी जीव में ईश्वर बसते हैं, परन्तु मनुष्यों और जानवरों में, मनुष्य-मनुष्य में भेद करते हैं. ऊंच-नीच, छुआ-छूत."... अर्चना ने 'इंडियन' किसे कहा? प्रतिमा को ? अब वह स्वयं नहीं रही इंडियन? अर्चना तो पेट की जायी नहीं थी. प्रतिमा ने उसे क्षमा कर दिया... परन्तु आशु तो पुत्र थे, आशु को कैसे क्षमा कर सकती थी प्रतिमा?

वह जब यहां नयी-नयी आयी थी तो पूछ लिया करती थी- ''अर्चना कब आएगी ?" आशु बिना कोई उत्तर दिए चुप रहते. बाद में वह समझने लगी थी कि यहां दूसरों की प्राइवेसी में हस्तक्षेप अपराध है. प्राइवेसी और आत्मनिर्भरता इस देश में अत्यन्त महत्वपूर्ण चीजें हैं. आगे कुछ पूछने की हिम्मत प्रतिमा की नहीं हुई थी.

वह मणिशंकर के प्रकट अनिच्छा की अवहेलना कर ममता के आकर्षण में खिंचती यहां चली आयी थी, परन्तु शून्य से भरे चकाचौंध के बीच उसे यह समझ में नहीं आता था कि इतने वैभव के रहते हुए भी यहां लोगों का मन इतना दरिद्र क्यों हो जाता है. उसी रात न जाने किस आन्तरिक आवेग में वह आशु के विछावन पर बैठी टीवी देख रही थी. देखते-देखते आंख लग गयी थी. शायद उसके मन में यह इच्छा थी कि यहीं सो जाएगी, जैसे पहले भी कई बार पुत्र के पास ही सो जाती थीं. परन्तु आशु ने उसे उठाते हुए कहा था- ''कपड़े बदल लीजिए मां, आराम से अपने बिस्तर पर जाकर सो जाइए." तब उसने समझा कहां था कि यह जगह अर्चना की है. अर्चना घर में नहीं हो तब भी यह जगह अर्चना की ही है. बिस्तर की दाहिनी ओर का खालीपन अर्चना का है... उतना ही, जितना उस स्थान का भरा रहना अर्चना का.

अलसायी हुई उठी थी प्रतिमा. कपड़े भी नहीं बदले. वैसे ही पसर गयी थी अपने बिछावन पर जाकर. मन में एक आशा थी कि शायद आशु उधर आ जाए, परन्तु नहीं! तभी बगल वाले फ्लैट का दरवाजा धड़ाम से बन्द हुआ था. इस धमक से आशु के फ्लैट का दरवाजा भी थर्रा गया था. दीवार से दीवार संयुक्त हैं, लेकिन लोग नहीं दिखते. गलीचे बिछे हैं, फिर भी फर्श पर कदमों की आहट साफ सुनाई दे जाती है, परन्तु नजरों में कोई आकृति नहीं बनती. यह कैसा सम्बन्ध है? दीवारें हिल जाती हैं, परन्तु मन तक नहीं पहुंच पाता कोई भी स्पन्दन!

कैसे लोग रहते होंगे इस घर में? क्या होती होगी उनकी दिनचर्या? कैसी रसोई, कैसा शयन-कक्ष और कैसा रहन-सहन होगा? इन घरों की धड़कन किस केन्द्र में बसी है? इन बातों का कुछ भी ज्ञान प्रतिमा को नहीं था. जबकि अपने गांव, अपने शहर के घरों में दरवाजे बन्द हों, तब भी सभी को यह पता होता है कि कब, किस समय में क्या-क्या हो रहा है. अपनी उदासी के उद्गम की तलाश करते-करते प्रतिमा को विश्वास हो गया कि मात्र अपने लिए जीवित रहने का नाम विदेश है. यहां मनुष्य मात्र व्यक्ति बनकर रहता है. किसी पीढ़ी की कोई पहचान यहां नहीं है. बच्चा मात्र उन्हीं दोनों प्राणियों का दायित्व था. शायद आशु-अर्चना को स्वतंत्रता का वायरस लग चुका था. प्रतिमा बच्चे का कोई भी काम नहीं कर सकती थी.

प्रतिमा के जीवन में आशीष की तरह की एक शाम आयी थी, जब उसके अपने पौत्र के जन्म का समाचार सुना था. जीवन और उम्र की उदासी पीछे छूट गयी थी. बच्चा क्या आया था जीवन में, प्रतिमा के शरीर का रोम-रोम जैसे आँख बन गयी थी. प्रत्येक इन्द्रीय जैसे कान बन गया था. बच्चा जब कभी रोता था तो उसकी चेतना जैसे उसके पीछे लगी वहीं जम जाती थी. परन्तु अर्चना को लगता जैसे उसकी प्राइवेसी भंग हो रही है. एक बार जब अर्चना ने प्रतिमा के सामने ही अपना दरवाजा जोर से बन्द कर लिया था, तो उसे यह भ्रम मात्र हुआ था कि यहां ऐसे अत्सुक होकर झांकना असभ्यता है. समझा तो उसने पर... वहां सभी प्रकार की भौतिक सुविधाएं तो थीं, परन्तु प्रेम पर, स्नेह पर, आत्मीयता पर जैसे सारे प्रतिबंध थे. वह मन भर न अपने पोते को दुलार कर सकती थी और न अपने बेटे को.

एक व्यर्थता का बोध, अनचिन्हा-अनुपयोगी होने की एक अनुभूति इसप्रकार होने लगी प्रतिमा को, कि धीरे-धीरे एक हीन-भावना से ग्रसित होने लगा उसका मन. उस दिन तो हद हो गया. छुट्टी का दिन था. आशु के कुछ मित्र रात्रि-भोजन पर निमंत्रित थे. अर्चना आया के साथ उत्साह से रसोईघर में व्यस्त थी. प्रतिमा ने भी सारी अन्य बातें भूलकर कुछ भारतीय व्यंजन तैयार किए थे. ये व्यंजन आशु के अमेरिकी मित्रों को बहुत स्वादिष्ट लगे. सभी मित्र खूब प्रशंसा करते भोजन कर रहे थे. प्रतिमा अर्चना की मदद कर रही थी. आशु के एक मित्र ने भोजन की प्रशंसा करते हुए कहा- ''वेरी डिलिसियस, यह आपने बनायी है? अर्चना ने हंसते हुए कहा- ''नहीं, यह मिसेज चौधरी ने बनायी है." जब तक प्रतिमा कुछ समझ पाती, तब तक उसने फिर कहा- ''योर मेड इस वेरी ट्रेन्ड, हाउ सोफिस्टिकेटेड इज दिस इंडियन लेडी !"

अर्चना के चेहरे पर हल्की प्रसन्नता बिखर उठी थी. इधर प्रतिमा की सारी इन्द्रियां कान बन गयीं थीं, इस आशा में कि आशु अब कहेगा- ''शी इज माइ मदर." परन्तु नहीं... आशु चुप रह गया था. मौन को तो स्वीकार ही माना जाता है न! प्रतिमा का हृदय छिन्न-भिन्न हो उठा था! उसकी आंखों में आंसू भर आए जिसे सबसे छुपाती हुई वह भीतर आ गयी थी.

वह रात प्रतिमा के जीवन की सबसे भारी रात थी. उस घटना के बाद गूंगी हो गयी थी प्रतिमा. छाती फट गयी हो जैसे उसकी. छाती फटने की ध्वनि, लेकिन किसी ने सुनी कहां? सुनने वाले भी तो भाग्यशालियों को ही मिलते हैं. आंखों से आंसू बूंद बन-बन कर झरते रहे, परन्तु वहां उसकी पीड़ा को समझने वाला कोई नहीं था. अकेली, असहाय, विवश होकर आर्त्त स्वर से अपने पुत्र के पास अपने देश लौट जाने की जैसे उसने गुहार लगायी थी. आशु को शायद प्रतिमा के स्वर की दृढ़ता का अनुभव हो गया था. कुछ दिन और रुक जाने का आग्रह करने का साहस भी नहीं जुटा पाया था वह. प्रतिमा महिषी लौट आयी थी.

कोशी की क्षीण धारा. शीशे की तरह पारदर्शी. उसके भीतर झक-झक करते उजले बालू के असंख्य कण. जल पर पड़ता सूर्य का लालिमा युक्त प्रकाश. पानी में छोटी-छोटी तरंगें... तरंगों पर दौड़ती-खेलती किरणें. तरंगों के साथ बहती हुई-सी जन्म-जन्मान्तर से संचित मनुष्य मात्र की मोह-माया. मोह-माया से मुक्त निर्निमेष दृष्टि से ताकती मुक्तात्मा बनी कोशी के कछेर पर बैठी प्रतिमा! **(समाप्त)**

समीक्षा : थके पांव से बारह कोस

समय के सवालों से टकराती सहज कहानियां

गोविन्द सेन

शीर्षक किसी भी कृति के प्रति उत्सुकता जगाता है. नीरज नीर के दूसरे कहानी संकलन का शीर्षक- 'थके पांव से बारह कोस' ऐसी ही उत्सुकता जगाता है. जब अनुक्रम में कहानियों के शीर्षकों पर नज़र डालते हैं तो इस शीर्षक की कोई कहानी नहीं मिलेगी. दरअसल सभी कहानियों के भावों को यह शीर्षक अभिव्यंजित कर रहा है. यह प्रयोग सराहनीय है.

आज की कहानी की यह विशेषता है कि वह अपने समय के सवालों से टकराती है. पात्रों की जिजीविषा को दर्ज करती है. मानवता के पक्ष में खड़ी रहती है. गैर बराबरी को मिटाकर समानता के ध्वज को ऊंचा करना चाहती है. हर तरह की शोषणकारी ताकतों को बेपर्दा करती है. सामाजिक सच्चाइयों को सतह पर लाती है. विघटित जीवन मूल्यों के प्रति चिंता इसमें दिखाई देती है. यह नैतिक सवालों को उठाती है. ये सभी तत्व हम नीरज नीर की कहानियों में पाते हैं. ये कहानियां थके हुए पांवों की पीड़ा का कोरस है. थकन के बावजूद पांव बदस्तूर आगे बढ़ रहे हैं. 'जादूगर और लाल पान की बेगम' संकलन की पहली कहानी है. इसका मुख्य पात्र विहाग अखबार में काम करता है. वह गोपनीय रूप से जादूगर का काम भी करता है. लाल पान की बेगम जादू से संपादक की जेब में स्थान पा जाती है. ठगा जाता है विहान. कहानी में एक वाक्य आता है- 'अखबार की नौकरी में वरिष्ठता की कोई कद्र ही नहीं रह गई है.' यह वाक्य प्रकारांतर से हर विभाग की नौकरी के लिए लागू होता है. कहानी की व्यंजना दूर तक जाती है. 'उजड़े सफर में मेघ मल्हार' कहानी का रेडियो में कार्यरत प्रस्तोता-उद्घोषक अभिनव भी ऐसी ही उपेक्षा का शिकार होता है.

कथाकार ने कई कहानियों में स्त्रियों की अंतहीन पीड़ा को वाणी दी है. 'आपके इंतजार में' कहानी पकड़उआ शादी की समस्या को लेकर बुनी गई है. 'दर्द न जाने कोई' कहानी में एक औरत के दर्द को उकेरा गया है. रमेशर सिंह ढलती उम्र में जमीन बेचकर बंगाल से एक औरत सुनीता को खरीद लाया. अपनी काहिली की वजह से जब भूखों मरने की नौबत आई तो घर छोड़कर भाग गया. कहानी सुनीता के आगे के संघर्ष को शिद्दत से चित्रित करती है. कहानी 'कलंकिनी' भी स्त्री शोषण की कथा है. 'पागलखाना' कहानी की नायिका विभोर से कहती है-"जानते हो बाबू, जो सचमुच पागल हैं, उन्हें तो अपनी स्थिति का अहसास नहीं है, लेकिन जो पागल नहीं हैं या ठीक हो गए हैं, उनकी पीड़ा पर्वत सी है." 'इज्जत' आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर लड़कियों की प्रतिनिधि कहानी है. एक अन्य कहानी 'सात बजे की ट्रेन' की मुख्य पात्र रेणु अकेली संतान है. वह बेंगलुरु में अपने पति के साथ एक अच्छी कंपनी में कार्यरत है. घर पर उसकी मां अकेली छूट जाती है. कहानी इसी समस्या पर आधारित है.

'हाकिम का पाजामा' में एक रोचक फंतासी है. इसमें न्याय के अंधेपन पर तीखा तंज किया है. ताकतवर शक्तियां जिसे चोर घोषित कर दे, वही चोर मान लिया जाता है. सज़ा उस घोषित चोर को ही मिलेगी, भले ही असली चोर का पता चल गया हो. कहानी में कई परतें हैं. 'सतयुग का आगमन' में गणतंत्र के क्रमिक ध्वंस का रूपक रचा गया है. पूरी कहानी में प्रखर व्यंग्य व्याप्त है. एक चोर के जनता के सेवक के रूप में ऊंचा मुकाम हासिल करने की यह दिलचस्प कथा है. 'बहादुर की हथेली' कहानी आज के नफरत के दौर में सांप्रदायिक सद्भाव की बात करने वाले राजीव प्रसाद और उसके मित्र मनोहर सिंह की कहानी है. कहानी में पात्रों के जरिए आज के माहौल का यथार्थ चित्रण है. राजीव प्रसाद एक स्थान पर अपने विचारों से असहमत युवक को समझाते हुए कहते हैं- "भाईचारा और प्रेम के बिना कोई समाज चल नहीं सकता है, मेरे छोटे भाई. चारों ओर नफ़रत और घृणा का माहौल हो, तो न समाज प्रगति कर सकता है और न सुरक्षित रह सकता है. आपसी प्रेम और विश्वास ही वह स्तम्भ है जिस पर देश का भवन खड़ा होता है. इतिहास को खोदने बैठेंगे, तो हमारे हाथ केवल विध्वंस ही लगेगा. इतिहास की कोई सीमा नहीं होती. एक रेखा मिटाएंगे तो दूसरी रेखा आकर खड़ी हो जाएगी."

इस घोर अमानवीय समय के बरक्स 'बकरा मंडी' मानव और पालतू पशु के बीच के संबंधों की मर्मस्पर्शी कहानी को प्रस्तुत करती है. जुम्मन अंसारी को अपना बकरा सुल्तान बेटे से भी ज्यादा प्यारा है. लेकिन मजबूरी में उसे बेचने के लिए जुम्मन को मंडी में जाना पड़ता है.

संकलन की भूमिका वरिष्ठ कथाकार अवधेश प्रीत ने लिखी है. वे लिखते हैं-'किस्सागोई यदि इन कहानियों को आत्मीय बनाती है तो कहन की सादगी चकित करती है. फंतासी और रूपक के प्रयोग से कई कहानियां अपना अभीष्ट पाती हैं.' नीरज नीर की ये कहानियां निश्चित ही इस कथन की तस्दीक कर रही हैं. किताब का कवर आकर्षक और छपाई साफ़-सुथरी है.



समीक्षा

पुस्तक : थके पांव से बारह कोस
(कहानी संकलन) पेपरबैक संस्करण
लेखक : नीरज नीर
प्रकाशक : ज्ञानगंगा, नई दिल्ली
मूल्य - 300 रुपए

उपलब्धियां

नंदा पाण्डेय को वासुदेव प्रसाद स्मृति पुरस्कार

मध्यप्रदेश हिंदी लेखिका संघ की ओर से हर वर्ष दिए जाने वाले कृति पुरस्कारों की घोषणा की गई . संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर कुमकुम गुप्ता ने 2023- 2024 के पुरस्कारों की घोषणा करते हुए बताया कि विभिन्न विधाओं में महिला साहित्यकारों की प्रविष्ठियां आमंत्रित की गई थी. इनमें काव्य विधा में रांची की नंदा पाण्डेय के काव्य-संग्रह 'मनरंगना' का चयन वासुदेव प्रसाद स्मृति पुरस्कार के लिए किया गया है. चयनित सभी साहित्यकारों को 3 मार्च को हिन्दी भवन भोपाल में सम्मानित किया जाएगा.

सारिका भूषण को कविता पांडुलिपी सम्मान

सृजनलोक की ओर से कविता पांडुलिपि सम्मान (2020) के लिए रांची की सारिका भूषण के कविता संग्रह "मौन को मुखर होने दो" को चयनित किया गया है. सृजनलोक प्रकाशन समूह के संपादक और निदेशक संतोष श्रेयांस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पुरस्कार चेन्नई में आयोजित सृजनलोक सम्मान समारोह में चार मार्च को दिया जाएगा. प्राप्त जानकारी के अनुसार सृजनलोक की ओर से प्रत्येक वर्ष सृजनलोक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है जो कोरोना के कारण कुछ वर्ष स्थगित रहा. इस वर्ष 2021 के लिए भी सम्मान दिए जाएंगे.

अनिता रश्मि को विनोद बिहारी महतो सम्मान

झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति (तदर्थ) ने स्मृति सम्मान 2024 की घोषणा कर दी है. समिति ने हिंदी, क्षेत्रीय व जनजातीय साहित्य व संस्कृति पर काम करने वाले लोगों के नामों की घोषणा की है. इसी वर्ष मई माह में सम्मान समारोह का आयोजन होगा.

जयनन्दन को बिरसा मुंडा शिखर सम्मान, अनिता रश्मि को विनोद बिहारी महतो स्मृति सम्मान, कालेश्वर को राधाकृष्ण स्मृति सम्मान, विनय सौरभ को भारत यायावर स्मृति सम्मान व डॉ नीलोत्पल रमेश को डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान दिया जाएगा. अनिल किशोर सहाय को महेंद्र सिंह स्मृति सम्मान मिलेगा. इनके अलावा डॉ मुकुंद रविदास, आलोका कुजूर आदि भी सम्मानित होंगे.

व्यंग्य ›› बर्बरीक

खाली की गारंटी दूंगा, भरे हुए की क्या गारंटी

गज़ब किया जो तेरे वादे पे ऐतबार किया तो हम तो वादों पर बरसों से ऐतबार करते रहे हैं बल्कि आदतन करते रहे हैं. आश्वासन पर भी भरोसा करते रहे हैं. फिर बताया गया कि वादे तो टूट जाते हैं. बहुत सारे गानों ने भी कहा कि वादा तो टूट जाता है. हम जितना कहते कि जो वादा किया है, निभाना पड़ेगा. लेकिन वे कह देते कि वादे तो बड़े भंगुर होते हैं, टूट जाते हैं. धीरे धीरे वादे घिस गए, इन पर यकीन करना मुश्किल होता गया. हर बार भरोसा टूटा. गरीबी हटाने का, महंगाई घटाने का, बेरोजगारी मिटाने का, कर्जा पटाने का, खाते में पंद्रह लाख आने का - सब वादे टूट गए. हम आशिकों की तरह उम्मीद करते रहे कि कभी न कभी कोई न कोई तो आएगा, अपना मुझे बनाएगा, दिल में मुझे बहाएगा. लेकिन हर बार इश्क़ में धोखा ही मिला. वैसे भी इश्क में धोखे का मज़ा ही अलग है. इश्क़ तभी कामयाब माना जाता है जब दिल टूट जाए. आपने कभी ऐसे इश्क़ की कहानी नहीं सुनी होगी जिसमें प्रेमियों की शादी हो गई और आशिक को लौकी धनिया लाते देखा गया.

अब आश्वासन की जगह गारंटी लाई गई है. नया चमकदार शब्द है. हालांकि पहले कंपनियां गारंटी देती थी. अब गारंटी पर से उनका विश्वास नहीं रहा, अब वारंटी देने लगी. लेकिन अब नेता गारंटी देने लगे. सही भी है कि जब खाली हो अंटी तो दे दो गारंटी. कोई पूछ ले कि पहले दो करोड़ रोजगार का वादा था उसका क्या? अरे, भाई, वह तो वादा था, गारंटी थोड़े ही थी. इस बार अलग किस्म का माल है. इसकी गारंटी है. लेकिन हमारे ग्रंथों में तो संसार की ही गारंटी नहीं दी गई है तो... इसलिए तो हम दे रहे हैं. गाना नहीं सुना है -खाली की गारंटी दूंगा भरे हुए की क्या गारंटी. सबकुछ जब खाली हो तो गारंटी दी जा सकती है.

गारंटी है कि अभी अस्सी करोड़ लोग पांच किलो अनाज के मोहताज हुए हैं, आगे सवा सौ करोड़ भी इस दायरे में आएंगे. हर जगह मंदिर इकॉनॉमी पर जोर दिया जाएगा ताकि लोग नेताओं से कोई उम्मीद नहीं रखें, सीधे भगवान् से ही मांगें. गारंटी तो पहले भी दी गई थी, तब गारंटी शब्द का प्रयोग नहीं किया गया था. अगर ऐसा नहीं हुआ तो चौराहे पर लाकर वैसा कर देना. अब लोग इतने भी बेगैरत थोड़े ही है कि चौराहे पर इंतज़ार करते. देखिए, अब गारंटी मिली है, फिर कुछ और मिलेगी. इस गारंटी को भुनाकर दो वक्त का भोजन मिल सकता है क्या, पता करना पड़ेगा.

कविता/ग़ज़ल



विद्याभूषण

बीस सुरों का कोरस

सुनो कारीगर!
किस्से अरबों हैं,
शब्द लिखने के लिए ही
यह कागज बना है,
दर्शक दीर्घा से बहस जरूरी है.
कई रोज से रास्ते के बीच
एक छोटी-सी लड़ाई चलती है,
कि रेत की उर्वर शिलाएं
बोरसी में आग सुलगा सकती हैं क्या!
यह अंधा युग है:
कोई एक कंठ विषपायी
आत्मजयी भले बन जाये,
वह कागज के फूल नहीं खिला सकता.
खुले हुए आसमान के नीचे
काल सर्प मुर्दा गाड़ी की तरह
सरक रहा है.

प्रारम्भ ही जब इतिहासहंता हो
तो ये सपने ये प्रेत
सदी का साथ छोड़ेंगे कैसे?
नये शिशु का जन्म होता है जिस दिन,
उस दिन फूल नहीं रंग बोलते हैं.
ओ अजन्मा सुनो!
चाहे तुम जितने सबूत पेश करो,
हारे को हरिनाम
संस्मरणारम्भ नहीं बन सकता.
जनता का आदमी कहता है
कि दुनिया रोज बदलती है.

इसी दुनिया में
लकड़बग्घा हंस रहा है
और अंधेरे में
ब्रह्मराक्षस का शिष्य
हरी घास पर क्षण भर टिक कर
समय का रास्ता खोज रहा है.
शहर अब भी संभावना है,
पहाड़ पर लालटेन लेकर
भीतरी नदी की यात्रा
भले तय होती हो,
मगर साये में धूप
संसद से सड़क तक ले जाती है.

एक सूनी नाव कुआनो नदी तक
पहुंच जाती है कभी-कभी,
आत्महत्या के विरुद्ध होना
मुक्तिप्रसंग नहीं है.
बुद्ध और नाच घर की मूर्तियां
या तालाब की मछलियां
जलसा घर में रहती हों भले,
तो भी अकेले कंठ की पुकार को
गंगा तट पर
एक गीत लिखने का मन
हो सकता है,
शायद इसीलिए
किसी को चांद का मुंह टेढ़ा लगता है
और कोई अकाल में सारस ढूंढ़ता है.
कुरुक्षेत्र की माटी में
पके धान की गंध तो है,
लेकिन उदास है पृथ्वी.
आओ, खुली बयार,
शुरुआत तो कभी भी हो सकती है,
मगर विसंगतियों के बीच
चीजों को देख कर
नीम रोशनी में पथराई आंखें
बोल पड़ेंगी-नाटक जारी है.
डायरी के जन्म दिन पर
आदमकद खबरें दर्ज होंगी,
कवि दर्प सहित कह सकता है
कि पहले मैं सन्नाटा बुनता हूं.
संशय की एक रात
जब लौटेगा वह घर,
दीवारों पर खून से अंकित होंगी
बेरंग बेनाम चिट्ठियां
जारी इतिहास के विरुद्ध
इस यात्रा में जनशक्ति
नंगे पांव का रास्ता नापती हुई
गांव का संवाद दोहरायेगी,
मौसम हुआ कबीर
तो बाइस्कोप का गीत लिखनेवाले
लिखेंगे इतिहास,
और टूटता जलबिम्ब देख कर
लगेगा कि अब सभाध्यक्ष हंस रहा है.

फिलहाल जंगल खामोश है,
जंगल की आग बेचैनी बढ़ा रही है,
हवा में जहर है,
धूल और धुआं भी,
इसलिए कल सुबह होने से पहले
ईंधन चुनते हुए
आग के आसपास आओ.
टूटा हुआ आदमी
अपनी शताब्दी के नाम
इतिहास का दर्द तुम्हें सौंप देगा,
ताकि खंड-खंड पाखंड पर्व
अगली सदी में अलविदा कहे
और वह आकस्मिक नहीं लगे.

अजाड़ का एक कवि
अंधेरी कविताएं लिखता रहा,
पक गयी धूप के संग
गर्म हवाएं उतरेंगी बबुरी वन में,
अबूतर कबूतर की उड़ान
कहेगी कि आकाश विभाजित है
और प्रकृति युद्धरत है.
खिलाफ हवा से गुज़रते हुए
वे हाथ होते हैं अबेकस,
तब पैदल चलने वाले पूछते हैं
कि मिट्टी का चेहरा त्रास भीत क्यों है!
हुआ कुछ इस तरह
कि पुल पर पानी है
और तालाब में डूबी छह लड़कियां
प्रार्थना के शिल्प में नहीं कह सकतीं-
मैं हूं, यहां हूं.

बची हुई पृथ्वी कहेगी-
मौसम को हांक चलो,
वरना अदृश्य हो जायेंगी कोमल पत्तियां,
मगर हरापन नहीं छूटेगा.
बीच का पहाड़ दरकेगा,
कीमत चुकाती जिन्दगी के आग
अपने घर कर रास्ता दिख जायेगा.
बीस सुरों की सदी में
लोहा ठंढा हो रहा है,
इसलिए जागते रहो सोनेवालों,
और पठार को सुनो.
अपने लिए
घर की तलाश में यात्रा
अधूरी रह गयी तो क्या!
एक जन्म में सब कुछ
कहां मिल पाता है सबको!
यहां से देखो,
कविता की आंख
खोज रही है धूप का टुकड़ा
अभी, बिलकुल अभी
महासर्ग गुज़रा है,
और कल तुम सुनना मुझे.

(अभिव्यक्ति की जो त्वरा कविता के बतौर पहचानी जाती है, उसके संदेश का दायरा सीमाओं का अतिक्रमण भी करता है. यह कविता हिन्दी मानस के विविध रुझानों को नाटकीय अंदाज में समेटती है. एक सूत्र-संदर्भ यह भी कि इन पक्तियों में शताधिक कविता संकलनों के शीर्षक समाहित हैं.)

मुक्ति शाहदेव

चलो चलते हैं

जहां मिलते हैं
धरती और गगन
गाते हैं पंछी
होकर मगन
जहां बहती है
नदी खामोश
और हवा भी
रहती है मद्धम
थाम कर हाथ
एक दूजे का चलो
जी लेते हैं हम
पूरी एक उम्र
लब चुप हों
और बतियाते हों नयन.
चलो चलते हैं
दूर तक यूं ही
हाथों में हाथ लिए
ना कोई चाह
मंजिल की
ना फिक्र
लौट आने की
चलो, चलते हैं दूर तक
यूं ही.....!

शम्भुनाथ मिस्त्री

कितना कुछ है भरा-भरा

फागुन की फगुनहट चली
पतझर-सा अब माघ झरा.
भीड़ प्रदर्शन-सा कुछ कुछ
धूप लगी तन को दहने,
आलस आया बात सधी
नेता के ढंग-से कहने.
पर कुछ नम थी हवा मृदुल
किसलय-सा मन हुआ हरा.
सारे सूखे पात गिरा
छोड़ आह कुछ ठंडी-सी,
माघ गया मन बना सघन
भरी याद की मंडी-सी;
मौसम का प्रभाव बीता
लगता है कितना गहरा.
कुछ अंकुर में स्वप्न उगे
ले टेसू-सी मादकता,
मौसम के मदिराने पर
भाव जवाकर ही पकता;
फागुन का यह रंग महल
कितना कुछ है भरा भरा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

रांची टेस्ट : भारत ने पहली पारी में सात विकेट पर 219 रन बनाए

बशीर की फिरकी में फंसी भारतीय टीम

04
विकेट शोएब बशीर ने चटकाए

134
रन पीछे है भारतीय टीम इंग्लैंड से

73
रन की पारी खेली यशस्वी ने

संवाददाता । रांची

शोएब बशीर (84 रन देकर चार विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर दो विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन जाल में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां पहली पारी में बढ़त हासिल करने की ओर अग्रसर किया. भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 219 रन बनाए. इस तरह से भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है. सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को छोड़कर भारत के युवा बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए अनुकूल पिच से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई. जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है. भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए. इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिये. जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे. इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा. वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे. उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की. भारत की तरफ से जडेजा ने 67 रन देकर चार विकेट लिए. भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया. अनुभवी जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई. जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी करके भारतीय पारी को संवारने का बीड़ा उठाया. यह दोनों बल्लेबाज सहज होकर बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन 44 रन के अंदर तीन विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया. गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने नैसर्गिक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया. भारतीय बल्लेबाज ने डीआरएस का सहारा भी लिया लेकिन इससे भी कोई फायदा नहीं हुआ. जायसवाल जब 40 रन पर थे तब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया. इस युवा बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ अपने कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया. पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे. वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे. जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया.

आखिरी सत्र में जुरेल व कुलदीप ने भारत को संभाला

भारत का स्कोर एक समय सात विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद दूसरे दिन के आखिरी सत्र में विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17 .4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया और भारतीय पारी को संभाला . इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए अभी तक 42 रन की साझेदारी की है .

स्कोरकार्ड

दूसरे दिन का स्कोर भारत पहली पारी
यशस्वी जायसवाल बो बशीर 73
रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन 02
शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर 38
रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर 17
रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर 12
सरफराज खान का रूट बो हार्टले 14
ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं 30
रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले 01
कुलदीप यादव खेल रहे हैं 17
अतिरिक्त : 15
कुल : 73 ओवर में सात विकेट पर 219 रन
विकेट पतन : 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177
गेंदबाजी :
एंडरसन 12-4-36-1
रोबिन्सन 9-0-39-0
बशीर 32-4-84-4
हार्टले 19-5-47-2
रूट 1-0-1-0

एक श्रृंखला में 600 से अधिक रन बनाने वाले पांचवे भारतीय बने यशस्वी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गये. पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बायें हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की.. जायसवाल ने मौजूदा श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं. इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया. पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट श्रृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाये. वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई श्रृंखला में हासिल की थी. गावस्कर ने 1970-71 की इस श्रृंखला में ही चार शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट श्रृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं.लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे. एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाये थे.

974
रन एक श्रृंखला में बनाए थे ब्रैडमैन ने,जो एक श्रृंखला में सर्वाधिक है

774
रन बनाकर एक श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय हैं गावस्कर

ब्रीफ खबरें

गोल्ड कप : अमेरिका ने अर्जेंटीना को हराया

कार्सन। जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी. अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी. उसके लिये 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिये तीसरा गोल किया. टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा. अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा.

अईपीएल से पहले सवाई मान सिंह स्टेडियम सील

जयपुर । आईपीएल मैच की मेजबानी से एक महीने पहले यहां सवाई मान सिंह स्टेडियम को राजस्थान खेल परिषद द्वारा सील कर दिया गया. परिषद ने दावा किया कि ऐसा इसलिये किया गया है क्योंकि राज्य क्रिकेट संस्था ने बकाया भुगतान सहित अपनी देनदारियों को पूरा नहीं किया है. स्टेडियम के साथ राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के कार्यालय को भी सील कर दिया गया. राजस्थान खेल परिषद ने आरसीए को नोटिस भेजा था कि वे प्रोपर्टी राज्य परिषद को सुपुर्द कर दें लेकिन ऐसा नहीं हुआ.

विश्व चैंपियनशिप: यथीराज प्रमोद व कृष्णा फाइनल में

भाषा । पटाया

भारत के सुहास यथीराज, प्रमोद भगत और कृष्णा नागर पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अलग-अलग वर्गों के पुरूष एकल फाइनल में पहुंच गए. दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी यथिराज ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी फ्रांस के लुकास माजूर को 21-16, 21-19 से हराया. वह पहली बार एसएल4 पुरूष एकल वर्ग के फाइनल में पहुंचे हैं. लुकास मौजूदा विश्व चैंपियन और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं. कर्नाटक के रहने वाले यथिराज 2007 उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं. वह फिलहाल उत्तर प्रदेश सरकार में युवा कल्याण और प्रांतीय रक्षक दल के महानिदेशक और सचिव हैं.

अब उनका सामना इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से होगा. एसएल4 वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में सुकांत कदम को सेतियावान ने 21-13, 21-19 से मात दी. पुरूष एकल एसएल3 वर्ग में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने भारत के मनोज सरकार को 23-21, 20-22, 21-18 से हराया. अब वह इंग्लैंड के डेनियल बेथेल से खेलेंगे. बेथेल ने भारत के नीतेश कुमार को 21-18, 20-22, 21-14 से हराया. पुरूष युगल में चिराग बेरेथा और राजकुमार तथा महिला युगल में मनदीप कौर और मनीषा रामदास ने सेमीफाइनल में जगह बनाई. महिला एकल वर्ग में नित्याश्री, पलक कोहली और मनीषा गिरीशचंद्र अपने अपने सेमीफाइनल मुकाबले हार गई, जिससे उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा.

पैरालंपिक स्वर्ण विजेता नागर ने विटोर को हराया

एसएच6 वर्ग में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता नागर ने ब्राजील के विटोर टावारेस को 21-16, 21-17 से हराया. अब वह चीन के लिन नेइली से खेलेंगे. महिला एकल एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास ने फ्रांस की एम लेफोर्ट को 19-21, 21-20, 21-14 से मात दी. अब उनका सामना चीन की यांग कियू शिया से होगा. एसएच6 महिला युगल वर्ग में रचना शैलेशकुमार और नित्या श्री सुमति सिवन भी फाइनल में पहुंच गई .

गुडफेलो क्लासिक के फाइनल में अभय सिंह

नयी दिल्ली । एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी अभय सिंह ने मिस्र के अब्देलरहमान अब्देलखालेक को 3-1 से हराकर टोरंटो में चल रहे गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई. शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने इस 9000 डालर इनामी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में मिस्र के खिलाड़ी को 54 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 6-11, 11-7, 11-6 से हराया. अभय सिंह दूसरी बार पीएसए चैलेंजर टूर के फाइनल में पहुंचे हैं. उन्होंने इससे पहले मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन का खिताब जीता था.

'डब्ल्यूपीएल अलग शहरों में कराने से बढ़ेंगे दर्शक'

बेंगलुरु । पूर्व भारतीय कप्तान और गुजरात जायंट्स की 'मेंटोर' मिताली राज ने कहा कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को एक से ज्यादा शहर में आयोजित करने से टीमों को नये दर्शक बनाने में मदद मिलेगी और इससे टूर्नामेंट के 'प्रोफाइल' में भी इजाफा होगा. डब्ल्यूपीएल का पहला चरण केवल मुंबई में कराया गया था लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली और बेंगलुरु में कर रहा है. मिताली ने कहा कि अगर डब्ल्यूपीएल प्रत्येक शहर में आयोजित होगा तो इससे फ्रेंचाइजी को नये दर्शक बनाने का मौका मिलेगा जो स्टेडियम में आकर उन्हें खेलते हुए देखेंगे.

रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल

मुशीर के दोहरे शतक से मुंबई मजबूत

भाषा । मुंबई

मुशीर खान के नाबाद 203 रन से मुंबई ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल के दूसरे दिन पहली पारी में 383 रन बनाकर स्टंप तक बड़ौदा के 127 रन तक दो विकेट झटक लिये. भार्गव भट्ट ने सात विकेट चटकाये लेकिन मुशीर ने नाबाद दोहरे शतक से मुंबई को पहली पारी में अच्छे स्कोर तक पहुंचाया. इसके बाद मेहमान टीम को मुंबई ने शुरूआती झटके देकर सलामी बल्लेबाज और भारत के अंडर-19 विश्व कप खिलाड़ी प्रियांशु मोलिया (01) और ज्योत्सिनल सिंह (32) के विकेट हासिल किये. शार्दुल ठाकुर ने मोलिया और शम्स मुलानी ने ज्योत्सिनल का विकेट लिया. इससे 23वें ओवर तक बड़ौदा का स्कोर दो विकेट पर 65 रन हो गया पर शाश्वत रावत और कप्तान विष्णु सोलंकी ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए कोई विकेट नहीं गिरने दिया. रावत 69 और सोलंकी 23 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं. लेकिन दिन मुशीर के नाम रहा जिन्होंने अपने प्रथम श्रेणी शतक को बड़े स्कोर में तब्दील किया और मुंबई को पहली पारी में मजबूत स्कोर बनाने की नींव रखी. मुशीर ने 357 गेंद में 18 चौके की मदद से नाबाद 203 रन बनाये. उनका योगदान घरेलू टीम के लिए अहम रहा जिससे टीम एक समय 99 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद 400 रन के करीब पहुंचने में सफल रही. इस 18 वर्षीय दायें हाथ के बल्लेबाज ने विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तमोर (57 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 181 रन की साझेदारी निभायी. तमोर ने भी दबाव का अच्छी तरह सामना करते हुए अर्धशतक जड़ा जिसके लिए उन्होंने 248 गेंद खेलीं और केवल तीन चौके जमाये. इससे मुंबई पांच विकेट पर 142 रन के स्कोर से 323 रन तक पहुंचने में सफल रही. भट्ट ने पहले दिन में तीन और विकेट जोड़कर 42.4 ओवर में 112 रन देकर सात विकेट झटके. नाद राथवा ने भी 86 रन देकर तीन विकेट हासिल किये.

383
रन मुंबई की टीम ने पहली पारी में बनाए

02
विकेट पर बड़ौदा ने पहली पारी में 127 रन बनाए

203
रन बनाए मुशीर खान ने

07
विकेट चटकाए भार्गव ने

आंध्र के खिलाफ मध्यप्रदेश की टीम ने की शानदार वापसी

इंदौर। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से मध्यप्रदेश ने शानदार वापसी करते हुए आंध्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन 83 रन की बढत बना ली. पूर्व चैंपियन मध्यप्रदेश ने नौ विकेट पर 234 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट इसी स्कोर पर गंवा दिया. सलामी बल्लेबाज यश दुबे (64) और हिमांशु मंत्री (49) ने पहले विकेट के लिये 123 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरूआत दी थी.आंध्र के लिये केवी शशिकांत ने 37 रन देकर चार विकेट लिये जबकि नीतिश कुमार रेड्डी ने 50 रन देकर तीन विकेट चटकाये. मध्यप्रदेश के गेंदबाजों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए आंध्र को पहली पारी में 172 रन पर समेट दिया. आंध्र के कप्तान और इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले रिकी भुई 53 गेंद में 32 रन बनाकर कुलवंत खेजरोलिया का शिकार हुए. अनुभव अग्रवाल ने 18 ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि लेग स्पिनर कुमार कार्तिकेय को भी तीन विकेट मिले. दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मध्यप्रदेश ने बिना किसी नुकसान के 21 रन बना लिये थे. दुबे छह रन बनाकर और मंत्री 15 रन बनाकर खेल रहे थे.

टेनिस | विश्व की नंबर वन खिलाड़ी हुईं उलटफेर का शिकार, सीधे सेटों में हारीं

स्वियातेक को हराकर अन्ना दुबई ओपन के फाइनल में

- पिछले एक साल में पहली बार सीधे सेटों में हारीं स्वियातेक
- फाइनल में इटली की जैसमीन से भिड़ेंगी अन्ना कलिंस्काया

भाषा । दुबई

अन्ना कलिंस्काया ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया. कलिंस्काया ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और स्वियातेक को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से पराजित किया. यह पिछले एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा. कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया. इससे पहले उन्होंने विश्व में नंबर 9 खिलाड़ी येलेना ओस्टापेंको और नंबर तीन कोको गॉफ को हराया था. कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी. पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को 6-2, 7-6 (6) से हराया.

रियो ओपन : कैमरन नोरी सेमीफाइनल में

रियो डी जनेरियो । गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया . दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को 6-1, 3-6, 6-2 से हराया . सेमीफाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया . इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे . चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को 3-6, 6-4, 6-4 से हराया .

- सेमीफाइनल में मरियानो नवोन से भिड़ेंगे कैमरन नोरी

नागल को दुबई ओपन में मिली वाइल्डकार्ड इंट्री

दुबई । भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्डकार्ड मिला है. टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गये और मुख्य ड्रॉ के मैच सोमवार से आरंभ होंगे. नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है. इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे. वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे. इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी.

रांची विवि. की सावित्री ने रिकर्व में जीता कांस्य

संवाददाता । रांची

शिलांग में 20 से 24 फरवरी तक आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स तीरंदाजी में रांची यूनिवर्सिटी की सावित्री कुमारी ने रिकर्व में कांस्य पदक जीता. सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रांची की तीरंदाज सावित्री कुमारी ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता. बता दें कि दीपक कुमार ने टीम स्पर्धा में गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को हराकर शुक्रवार को स्वर्ण पदक जीता था. झारखंड ने इस प्रतियोगिता में कुल 2 पदक जीते हैं, जिसमें 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक शामिल है. दोनों तीरंदाज एवं उनके प्रशिक्षकों को इस शानदार प्रदर्शन के लिए और झारखंड का नाम रोशन करने पर रांची यूनिवर्सिटी के खेल डायरेक्टर चंचल भट्टाचार्य, झारखंड तीरंदाजी संघ के सचिव द्रोणाचार्य पूर्णिमा महतो, सहित अन्य प्रशिक्षको व खेल प्रेमियों ने बधाई दी.

▼ ब्रीफ खबरें

नवादा में 15 लाख रु. का गांजा बरामद

नवादा। नवादा में पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है. ये कार्रवाई नगर थाना क्षेत्र के पुलिस के द्वारा की गई. इस मामले में पुलिस ने एक तस्कर को दबोचा है. उससे लगभग बाजार कीमत का 15 लाख रुपए का गांजा बरामद हुआ है. पुलिस ने बताया कि एक ट्रक जो झारखंड राज्य से नवादा की ओर आ रहा है, जो गया की ओर जा रहा था, उस ट्रक में गिट्टी एवं गांजा लदा हुआ था. संदेह होने पर ट्रक को रुकने का इशारा किया गया. लेकिन ट्रक ड्राइवर, ट्रक को गया की ओर लेकर भागने लगा.

मासूम की हत्या मामले में उम्रकैद की सजा

जमुई । दो साल की मासूम से दरिंदगी के दोषी को अदालत ने कड़ी सजा सुनाई है. कोर्ट ने हत्यारे को अंतिम सांस तक कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार का जुर्माना भी लगाया. कोर्ट ने पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये के मुआवजे के भी निर्देश दिये. 21 मई 2023 को जमुई शहर में कूड़ा चुननेवाले रंजीत माझी ने 2 साल की एक मासूम को घर से उठा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया. दुष्कर्म के बाद रंजीत ने बच्ची की हत्या भी कर डाली और उसकी लाश को बस स्टैंड के पास फेंक दिया. इस मामले में रंजीत की गिरफ्तारी के बाद लाश बरामद किया गया.

प्रसव के दौरान महिला और नवजात की मौत

मोतिहारी। मोतिहारी के घोड़ासहन थाना क्षेत्र स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के लिए भर्ती महिला और उसके बच्चे की मौत हो गई. घटना के बाद चिकित्सक और कर्मी फरार हो गए. जिसके बाद मृतका के परिजनों ने जमकर बवाल करते हुए नर्सिंग होम में तोड़-फोड़ की. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस नर्सिंग होम पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत कराया. मिली जानकारी के अनुसार कोटवा थाना क्षेत्र के पोखरा गांव निवासी आलोक सिंह की 23 वर्षीया गर्भवती पत्नी रीमा देवी अपने मायके घोड़ासहन थाना क्षेत्र के भेलवा गांव आई थी.

नये अवतार में नजर आएगा बेगूसराय का सिमरिया धाम

सीएम ने किया 3535 करोड़ की विविध योजनाओं का लोकार्पण

ज्ञानवर्द्धन मिश्र।पटना

बेगूसराय का सिमरिया धाम सुंदरतम स्वरूप के साथ नये अवतार में दिखेगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को 3535.57 करोड़ रुपये की लागत से गंगा नदी के किनारे सिमरिया धाम स्थल, नव निर्मित सीढ़ी घाट एवम सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया. इसके साथ ही 701 अन्य योजनाओं का लोकार्पण और 393 योजनाओं का कार्यारंभ किया. इस पावन स्थल का जीर्णोद्धार होने से उत्तर बिहार की एक बड़ी आबादी को लाभ होगा. सिमरिया धाम के विकास की योजना के पहले फेज में करीब 250 मीटर लंबाई में सीढ़ी घाट के निर्माण का कार्य को पूरा किया गया है.श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बहुमंजिली धर्मशाला व पूरे क्षेत्र में पौधारोपण के साथ सौंदर्यीकरण से दृश्य नयनाभिराम बन गया है. संपूर्ण कल्पवास मेला क्षेत्र में सड़क और पाथ-वे की छवि देखते बनती है.

श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए कई जा रही बेहतर : श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए लगातार बेहतर व्यवस्था की जा रही है. सिमरिया गंगा तट पर मौजूदा राजेंद्र पुल और उसके दक्षिण में निर्माणाधीन सिक्स-लेन सड़क पुल के बीच दो फेज में कुल लगभग 550 मीटर लंबाई में सीढ़ी घाट एवं रीवर फ्रंट के साथ-साथ चेंजिंग रूम,गंगा आरती का स्थान, घाट के समानांतर नदी में सुरक्षा घेरा, धार्मिक अनुष्ठान के लिए मंडप, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, धर्मशाला, शौचालय परिसर, पार्क, पार्किंग, पाथ-वे, प्रशासनिक भवन, वाच टावर और प्रकाश की व्यवस्था आदि शामिल है.

धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेगा सिमरिया धाम

बिहार और झारखंड वासियों के लिये सिमरिया धाम में सुविधाओं का विकास हो जाने पर यह धार्मिक पर्यटन का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा. यह स्थल रेल और सड़क मार्ग से जुड़ा है. यहां पर्यटन का विकास होने पर आसपास के इलाके में होटल और परिवहन सहित कई तरह के कारोबार एवं रोजगार के अवसर पैदा होंगे. कुल मिलाकर यह योजना मिथिला सहित संपूर्ण बिहार के लोगों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होगा.

सिमरिया धाम का है काफी धार्मिक महत्व

सिमरिया धाम आस्था का एक बड़ा केंद्र है. यहां सिर्फ बिहार नहीं, बल्कि झारखंड से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पधारते हैं. उत्तरवाहिनी गंगा होने के कारण इसका धार्मिक महत्व काफी अधिक है. हर साल कार्तिक मास में यहां कल्पवास मेले की परंपरा सदियों से चली आ रही है. सरकार का प्रयास है कि पावन सिमरिया धाम को मुख्य गंगा नदी के किनारे सबसे सुंदर तीर्थ के रूप में विकसित किया जाये. हरिद्वार स्थित 'हर की पौड़ी' गंगा नदी की मुख्य धारा के किनारे नहीं,बल्कि इसकी शाखा के किनारे निर्मित है. सिमरिया कल्पवास मेले को एक दशक से अधिक से राजकीय मेला का दर्जा प्राप्त है.

दो अपराधी गिरफ्तार, एक कार्बाइन, दो बंदूक और गोली बरामद

पटना। पटना पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चला रही है. इसी कड़ी में टॉप टेन दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोली बरामद किया गया है. जिसमें फूलचंद यादव (30) डुमरिया बाढ़ निवासी और दूसरा कुंदन चौधरी (25) आस्थावा जिला नालंदा का रहने वाला है. पुलिस के मुताबिक इनलोगों के पास से एक देसी कार्बाइन, 8 जिंदा कारतूस, 4 देसी कट्टा, 01 रेगुलर पिस्तौल, 5 जिंदा कारतूस, 4 देसी पिस्टल मैगजीन, 6 मोबाइल, 01 लैपटॉप, 01 बाइक, एक आधार कार्ड बरामद किया गया है.

पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे लोकार्पण

बिहार के 33 रेलवे स्टेशनों का जल्द होगा पुनर्विकास

संवाददाता।पटना

पूर्व मध्य रेलवे के 38 स्टेशनों को एयरपोर्ट के तर्ज पर बनाने का फैसला लिया गया है. यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुनर्विकास का फैसला लिया गया है. पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने इसकी जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि पूर्व मध्य रेल के पांच मंडल के अंतर्गत कुल 38 स्टेशनों का 3029 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प होगा. दरअसल, सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे देश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 से अधिक स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास तथा देश भर के 1585 से अधिक नवनिर्मित रोड ओवर ब्रिज और आरयूबी, एलएचएस का लोकापर्ण करेंगे. बता दें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, आदि का विकास कार्य किया जाएगा.

गया में बैंक से लौट रहे किसान से 5 लाख लूटे

गया । गया में अपराधियों ने एक किसान के 5 लाख कैश की छिनतई कर ली. घटना की शिकायत थाने में की गई है. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. जानकारी के अनुसार यह घटना विष्णुपद थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई है. गया जिले के बोधगया प्रखंड के परेवा गांव के रहने वाले किसान बैजू यादव ने स्टेट बैंक आफ इंडिया के मुख्य ब्रांच से 5 लाख कैश की निकासी की थी. बाइक के हैंडल में रुपए से भरा बैग टंगा था. इसी बीच विष्णुपद थाना अंतर्गत बाईपास के समीप पल्सर बाइक से ओवर ट्रैक करते दो अपराधी आए और झपट्टा मारकर रुपए भरा थैला छीन लिया. रुपयों से भरा थैला छीनने के बाद अपराधी भागने में सफल हो गए.

जन विश्वास यात्रा : एक मौका मिलना चाहिए, तेजस्वी बोले-

लालू नहीं झुके, हम भी नहीं झुकेंगे

संवाददाता ।गया

जन विश्वास यात्रा के तहत शनिवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री सह नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव गया पहुंचे. उन्होंने यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री रहते लाखों नौकरी देने का काम किया लेकिन एक मौका मिला तो हरेक नौजवान के भविष्य को सुनहरा करेंगे. तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा वालों ने दो लोगों को डिप्टी सीएम बनाया है. तीन साल में तीन बार नीतीश कुमार शपथ ले रहे हैं.

सरकार हटी तो ईडी से जांच कराई जा रही है. भाजपा डराना चाहती है लेकिन जब लालू नहीं झुके तो उनका लड़का भी नहीं झुकेगा. तेजस्वी ने आग्रह करते हुए कहा कि पटना के गांधी मैदान में तीन मार्च को एकजुट होकर आइए. बीजेपी को भगाना है. एक बार राजद को मौका दीजिए.

तेजस्वी ने कहा कि जो भरोसा और प्यार राजद पर आप लोगों ने जताया था इसके लिए वह आभारी हैं. हम आपका विश्वास लेने आए हैं. आज से यह लड़ाई छिड़ गई है और हम आपकी लड़ाई लड़ने आए हैं. तेजस्वी आपके लिए मर-मिटने को तैयार रहेगा. नया बिहार बनाना है. रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, कारखाना आदि बेहतर हो इसमें हम लगे हैं. तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें 10 से 12 सीट बेईमानी कर हरा दिया गया.

विजय सिन्हा ने किया मेले का उद्धघाटन

समस्तीपुर । उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पूसा स्थित राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर शनिवार को किया. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के स्मारिका का विमोचन किया. इसके बाद उन्होंने मेले में विभिन्न स्टॉल तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया. उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने विश्वविद्यालय के कार्य की सराहना की तथा प्रांतीय एवं केंद्रीय सरकार के किसानों के लिए किए जा रहें कार्य की जानकारी दी.

उप मुख्यमंत्री की गाड़ी के आगे छात्रा ने लगाई छलांग

संवाददाता।पटना

राजधानी के गांधी मैदान स्थित बिस्कोमान भवन के पास उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की गाड़ी के आगे एक छात्रा ने शनिवार को छलांग दी, जिससे वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गई. गाड़ी के चालक ने तुरंत ब्रेक लगा दी और हादसा टल गया. इसके बाद सम्राट चौधरी गाड़ी से बाहर निकले तो देखा कि छात्रा फूट-फूट कर रो रही थी. वहां मौजूद छात्र चीख-चीख कर कह रहे थे कि सर एक मौका दे दीजिए. छात्र-छात्राओं का कहना था कि एसटीईटी परीक्षा नहीं लिए जाने के कारण टीआरई की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं. इसलिए उन्हें मौका दिया जाए. गांधी मैदान के पास एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी लौट रहे थे. इस बीच बिस्कोमान भवन के पास उनके कारकेड को देख प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं ने गाड़ी को रोकने की कोशिश की. इस दौरान एक छात्रा डिप्टी सीएम की कार के सामने छलांग लगा दी. इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी.

युवक ने दो को मारी गोली, घायल

संवाददाता।पटना

पटना के पीरबहोर थाने से कुछ ही दूरी पर शुक्रवार देर रात बीच सड़क पर दो लोगों को गोली मार दी गयी. एक को सीने में और दूसरे को बांह में गोली लगी है. वहीं एक युवक बाल-बाल बच गया. घायल युवकों की पहचान सब्जीबाग निवासी सनी और सद्दाम के रूप में हुई है. बताया जाता है कि आपसी विवाद को लेकर फायरिंग की गयी है. राजधानी के बीच सड़क पर फायरिंग की खबर से इलाके में दहशत फैल गयी है. गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग वहां जुट गये. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को भी घटना की जानकारी दी.

बात करते-करते युवकों के बीच हो गया झगड़ा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चंबल घाटी इलाके में शुक्रवार देर रात कई युवक मौजूद थे. किसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया. बात इतनी आगे बढ़ गयी कि सभी युवक मारपीट करने लगे. इसी बीच दो युवकों ने हथियार निकालकर गोलीबारी शुरू कर दी. इस गोलीबारी में सनी को सीने में और सद्दाम को बांह में गोली लग गयी. वहीं गुड्डू नाम का शख्स बाल-बाल बच गया. गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग वहां जुट गये. आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया. घटना की सूचना पाकर टाउन डीएसपी अशोक सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की.

कारोबार

गैस पाइपलाइन के निर्माण को दी मंजूरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार ने आखिरकार ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन के अपने खंड पर निर्माण कार्य शुरू करने की मंजूरी दे दी है. इससे नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी. अंतरिम सरकार की ऊर्जा पर मंत्रिमंडलीय समिति ने पाकिस्तान के अंदर 80 किलोमीटर के खंड के पहले चरण के लिए कई वर्षों की देरी के बाद मंजूरी दी. पाकिस्तान सरकार ने ईरान-पाकिस्तान गैस पाइपलाइन के अपने खंड पर निर्माण कार्य शुरू करने की मंजूरी दे दी है.

मुंबई हवाई अड्डे पर पांच घंटे फंसे रहे यात्री

मुंबई। एयर मॉरीशस की उड़ान में सवार यात्री शनिवार को मुंबई हवाई अड्डे पर पांच घंटे से अधिक समय तक विमान में फंसे रहे. एक यात्री ने बताया कि बाद में एयरलाइन ने इसे रद्द करने का फैसला किया. उन्होंने कहा कि मुंबई से मॉरीशस के लिए एयर मॉरीशस की उड़ान एमके 749 को सुबह 4.30 बजे प्रस्थान करना था और यात्री 3.45 बजे से विमान में चढ़ गए. यात्री ने आरोप लगाया कि विमान में लगभग 200 यात्री सवार थे. एक 78 वर्षीय यात्री को विमान का एयर कंडीशनिंग सिस्टम काम नहीं करने के कारण सांस लेने में समस्या हो गई थी.

6,134 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को दी मंजूरी

भुवनेश्वर । ओडिशा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में 6,134 करोड़ रुपये की 27 नई औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. मुख्य सचिव पी के जेना की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में प्रस्तावों को राज्य सरकार की मंजूरी मिल गई. अधिकारी ने कहा कि मंजूरी पाने वाले क्षेत्रों में एल्यूमीनियम, नवीकरणीय ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष और रक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान और कपड़ा और आईटी बुनियादी ढांचा शामिल हैं. उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से 42,275 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है.

एलन मस्क ने एक्समेल के अपकमिंग लॉन्च की पुष्टि की, गूगल की जीमेल सर्विस को देगी टक्कर

आ रहा है एक्समेल नाम का एक प्रोडक्ट

भाषा ।नयी दिल्ली

ट्विटर को खरीदने के बाद अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क इस क्षेत्र में अपना कारोबार बढ़ाने में लगे हैं. इसी के तहत मस्क अब जीमेल को टक्कर देने की तैयारी कर रहे हैं. खुद मस्क ने एक यूजर के सवाल का जवाब देते हुए इस बात की जानकारी दी. चैट जीपीटी का अपना वर्जन जारी करने के बाद, एलन मस्क ने एक्समेल के अपकमिंग लॉन्च की पुष्टि की है, जो सीधे गूगल की जीमेल सर्विस को टक्कर देगी. अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बातचीत में मस्क ने कहा कि 'एक्समेल' नाम का एक प्रोडक्ट आ रहा है. मस्क ने यह घोषणा तब की जब सोशल मीडिया पर एक फेक इमेज वायरल हो गई, जिसमें दावा किया गया कि जीमेल बंद होने वाला है. मस्क ने अपनी अपकमिंग एक्समेल सर्विस के बारे में ज्यादा डिटेल्स नहीं दी है. इसलिए फिलहाल इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि इसे कब एक्सेस किया जा सकेगा. हालांकि इसे एक्स ऐप में जोड़े जाने की उम्मीद है. यह पुष्टि तब हुई जब एक्स की सिक्योरिटी इंजीनियरिंग टीम के एक सीनियर मेंबर नाथन मैक्ग्राडी ने पोस्ट में कहा कि हम एक्समेल कब बना रहे हैं? जिसके जवाब में मस्क ने कहा कि ये आ रहा है. कहा जा रहा है कि एक्समेल के आने से ईमेल सर्विस के क्षेत्र में एक बड़ी उथल-पुथल देखने को मिल सकती है.

वहीं सोशल मीडिया पर अपने संभावित प्रतिद्वंद्वी की चर्चा को देखते हुए गूगल के जीमेल ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी. इशारों ही इशारों में एलन मस्क को जवाब देते हुए जीमेल ने एलन मस्क के एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा कि जीमेल यहीं टिक कर रहने वाला है. बता दें कि एक्स पर एक वायरल पोस्ट जिसमें दावा किया गया था कि जीमेल बंद हो जाएगा. जिससे लोगों परेशान हो गए. पोस्ट में एक स्क्रीनशॉट था, जिसमें लिखा था कि 'गूगल जीमेल को खत्म कर रहा है', जो आग की तरह इंटरनेट पर फैल गया. मैसेज में कहा गया है कि सालों तक दुनियाभर में लाखों लोगों को जोड़ने, निर्बाध कम्युनिकेशन को सक्षम करने और अनगिनत कनेक्शनों को बढ़ावा देने के बाद, जीमेल की यात्रा समाप्त हो रही है. 1 अगस्त, 2024 तक, जीमेल आधिकारिक तौर पर बंद हो जाएगा, जो इसकी सर्विस के अंत का प्रतीक होगा. इसका मतलब है कि इस तारीख से, जीमेल अब ईमेल भेजने, प्राप्त करने या स्टोर करने का सपोर्ट नहीं करेगा. हालांकि एलन मस्क के साथ पिछली घटनाओं को देखते हुए इस बात पर विश्वास किया जा सकता है कि वह सच में जीमेल का विकल्प लेकर आ रहे हैं. मस्क पहले भी चुपचाप किये गए रिप्लाई के माध्यम से कई बड़ी चीजों का पूर्व संकेत देते रहे हैं. बता दें कि एलन मस्क पहले भी एक्स को ट्विटर यानी एक्स को एक एवरीथिंग एप बनाने का प्लान जाहिर कर चुके हैं. एक्स की नयी सीईओ लिंडा याकारिनो भी इस बात पर अपनी मुहर लगा चुकी हैं. ऐसे में अब टेक जगत में नयी अटकलों और संभावनाओं को जगह मिल गई है कि एलन मस्क एक्समेल के रूप में जीमेल का विकल्प तैयार कर रहे हैं.

इस बीच, एक एक्स यूजर ने कमेंट किया कि जीमेल से भरोसा उठ गया है. जल्द से जल्द एक्समेल पर स्विच करने का समय आ गया है! एक अन्य ने कहा कि मैं अपने जीमेल का उपयोग उसी तरह करूंगा जैसे मैं अब अपने हॉटमेल का उपयोग जंक के लिए करता हूं.

मिलेगा विकल्प

- मस्क ने एक्समेल के बारे में ज्यादा डिटेल्स नहीं दी है.
- गूगल ने कहा कि जीमेल यहीं टिक कर रहने वाला है
- एक्समेल के रूप में तैयार हो रहा जीमेल का विकल्प

वित्त मंत्री सीतारमण ने बिट्स पिलानी के नए परिसर का किया उद्घाटन

मुंबई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बिड़ला समूह द्वारा संचालित इंजीनियरिंग संस्थान बिट्स पिलानी के पांचवें परिसर का उद्घाटन किया. इसके साथ ही प्रतिष्ठित संस्थान में प्रबंधन और डिजाइन का पाठ्यक्रम भी शामिल हो गया है. समूह के चेयरमैन और संस्थान के कुलाधिपति कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि महानगर के नजदीक कल्याण क्षेत्र में स्थित 60 एकड़ में फैले 1,600 करोड़ रुपये के इस परिसर की पूरी क्षमता 5,000 छात्रों की है. साल 1964 में राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में बिड़ला के पैतृक गांव पिलानी में शुरू हुए इस संस्थान के पांच परिसरों- पिलानी, गोवा, हैदराबाद, दुबई और कल्याण में 80,000 छात्र पढ़ते हैं. नया परिसर इंजीनियरिंग के अपने मुख्य क्षेत्र से हटकर कानून, प्रबंधन और डिजाइन पर केंद्रित है. डिजाइन स्कूल पिछले सप्ताह ही शुरू किया गया है, जबकि कानून और प्रबंधन स्कूल पिछले साल से पवई में अस्थायी परिसर में संचालित थे. नए परिसर को संचालित घोषित करते हुए सीतारमण ने कहा कि संस्थान ने 'फॉर्च्यून 500' में 7,300 मुख्य कार्यपालक अधिकारी, वैश्विक ख्याति के 300 शिक्षाविद और 600 सिविल सेवक दिए हैं.

एक्सपडाइट्स फाउंडेशन ने चलाया बीमा जागरुकता अभियान

संवाददाता।खूंटी

एक्सपडाइट्स वर्कर्स फाउंडेशन ने शुक्रवार को बीमा जागरुकता अभियान चलाया. एक्सपडाइट्स वर्कर्स फाउंडेशन खूंटी के प्रयास से आईआरडीए द्वारा चलाये जा रहे स्टेट इंश्योरेंस प्लान के तहत मैग्मा एचडीआई इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा इंश्योरेंस फॉर आल विजन के साथ बीमा जागरुकता अभियान चलाया गया. जिसके तहत लोगों को बीमा उत्पाद एवं क्लेम सम्बंधित जानकारी से अवगत कराया गया. कार्यक्रम में मैग्मा एचडीआई इंश्योरेंस कंपनी से आय पर सचिन कुमार ने जीवन बीमा के महत्व के बारे में बताया. वहीं एक्सपडाइट्स वर्कर्स फाउंडेशन खूंटी के प्रतिनिधि रोबिन कुमार ने कहा कि बीमा बचत के साथ-साथ सुरक्षा प्रदान करने का एक साधन है. कार्यक्रम में गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी से अंजलि दुबे, मैग्मा एचडीआई इंश्योरेंस कंपनी से शिवानी सिंह, समाज कल्याण के प्रतिनिधि शिवाजी प्रसाद एवं समशुदीन अंसारी के द्वारा भी जानकारी दी गई. इस दौरान पारा लीगल के वोलेंटियर एवं खूंटी के पुरुष एवं महिलाओं ने इंश्योरेंस से सम्बंधित अपनी-अपनी जानकारी साझा की. मैग्मा एचडीआई के अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि खूंटी जिला में ब्लाक स्तर पर भी बीमा जागरुकता अभियान चलाया जायेगा.

लिस्टिंग | अगले हफ्ते मिलेंगे कमाई के कई मौके, निवेशक कर सकते है बड़ी कमाई

3 कंपनियों के खुलेंगे आईपीओ, विभोर की होगी लिस्टिंग

मुंबई ।एजेंसी

आईपीओ में निवेश करने वालों के लिए अगला हफ्ता काफी व्यस्त रहने वाला है. कम से कम 3 कंपनियों के इनीशियल पब्लिक ऑफर अगले सप्ताह खुलने को तैयार हैं. इन आईपीओ के माध्यम से निवेशक अच्छी कमाई कर सकते हैं. इसमें से 2 आईपीओ मेनबोर्ड रूट के जरिए लॉन्च किए जाने वाले हैं, जबकि एक एसएमई आईपीओ है. इसके अलावा अगले हफ्ते 20 फरवरी को विभोर स्टील ट्यूब्स की लिस्टिंग होने वाली हैं. जिन निवेशकों ने विभोर स्टील ट्यूब्स के आईपीओ के लिए बोली लगाई है, उनकी लिस्टिंग पर नजर रहेगी. जानिए अगले हफ्ते कौन से आईपीओ लांच होने वाले हैं.

लग्जरी होटल बनाने वाली जूनिपर होटल्स का आईपीओ 21 को खुलने वाला है. यह निवेश के लिों 23 फरवरी तक खुला रहेगा. जूनिपर होटल्स के इस आईपीओ के तहत सिर्फ नए शेयर ही जारी होंगे यानी मौजूदा शेयर होल्डर्स ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत शेयर नहीं बेचेंगे. हयात चेन की कुछ प्रॉपर्टीज चलाने वाली जुनिपर होटल्स ने 1800 करोड़ के आईपीओ के लिए 342-360 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है. शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये है. आईपीओ के लिए लॉट साइज 40 शेयरों का निर्धारित किया गया है. इसका मतलब है कि आईपीओ में निवेश करने वालों को कम से कम 14400 रुपये का निवेश करना होगा. अगले सप्ताह लांच होने वाला दूसरा शेयर है जीपीटी हेल्थकेयर लिमिटेड. जीपीटी हेल्थकेयर का आईपीओ 22 फरवरी को खरीदने के लिए उपलब्ध होगा. यह कंपनी आईएलएस हॉस्पिटल ब्रांड के तहत मीडियम साइज के मल्टी स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल चलाती है.

298.86 गुना ओवर-सब्सक्राइब हुआ विभोर ट्यूब्स का आईपीओ

विभोर स्टील ट्यूब्स का आईपीओ आखिरी दिन तक 298.86 गुना सब्सक्राइब हुआ था. सभी कैटेगरी में इस आईपीओ पर निवेशकों ने अच्छी प्रतिक्रिया की. इसे कुल 107 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिल गई है, जबकि ऑफर पर 35.92 लाख शेयर हैं. आईपीओ के लिए 141-151 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड रखा गया था. अब 20 फरवरी को लिस्टिंग के बाद पता चलेगा कि इस आईपीओ ने निवेशकों को कितना लाभ कराया.

खेतान इंडिया लिमिटेड

डिस्ट्रीब्यूटर व डीलर मीट संपन्न

संवाददाता ।रांची

खेतान इंडिया लिमिटेड का डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर मीट रांची के दलादिली होटल एलएमटी में आयोजित किया गया. इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर शशि प्रकाश, जोनल हेड शमीम अहमद, स्टेट हेड सुब्रत दत्ता व सारिक मुजम्मिल मौजूद थे. कार्यक्रम में वितरकों को संबोधित करते हुए शमीम अहमद ने कहा कि खेतान एक ऐसी कंपनी है,जो लोगों को अच्छे प्रोडक्ट देना जानती है. खेतान के प्रोडक्ट पंखे, गीजर, कूलर और केबल वायर दूसरी कंपनियों से कई गुना बेहतर हैं. उन्होंने कहा कि कंपनी बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा में अच्छा काम कर रही है, जल्द छत्तीसगढ़ में इसकी शुरुआत की जाएगी. मौके पर डिस्ट्रीब्यूटर और कंपनी के अधिकारियों ने एक दूसरे से आइडिया साझा किया. डिसटीब्यूटरों की मन की बात कंपनी के पदाधिकारी ने सुना. खेतान झारखंड के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर शशि प्रकाश ने कहा कि जल्द डिस्ट्रीब्यूटर और डीलरों का सम्मान समारोह रांची में आयोजित किया जाएगा.

ब्रीफ खबरें

ईरान ने आतंकी कमांडर शाह बख्श को मार डाला

तेहरान । ईरान ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी इस्माइल शाह बख्श और उसके कुछ साथियों को मार गिराया है. ईरान की इस कार्रवाई से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है. ईरान इंटरनेशनल इंग्लिश ने अपनी रिपोर्ट यह जानकारी दी. ईरान के सरकारी मीडिया ने अपने एक्स हैंडल में ईरान के सैन्य बलों की पाकिस्तान के खिलाफ की गई इस कार्रवाई का ब्यौरा साझा किया है. ईरान के सैन्य बलों ने पाकिस्तान क्षेत्र में जैश अल-अदल के आतंकवादी ग्रुप कमांडर इस्माइल शाह बख्श को ढेर कर दिया.

इमारत में आग लगने से 15 की मौत, 44 झुलसे

बीजिंग। चीन के जियांग्सू प्रांत की राजधानी नानजिंग में एक आवासीय इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य व्यक्ति झुलस गए. झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने घटना का विवरण देते हुए प्रांतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि आग लगने के कारणों की जांच के लिए टीम बनाई गई है. ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, इस आवासीय इमारत में शुक्रवार सुबह 4:39 बजे आग लगी. प्रारंभिक विश्लेषण में साफ हुआ है कि आग इमारत के अंदर खड़ी इलेक्ट्रिक साइकिलों के कारण लगी.

नेपाल के विदेशमंत्री जाएंगे अयोध्या

काठमांडू । नेपाल के विदेशमंत्री एनपी साउद भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए शनिवार को नई दिल्ली से अयोध्या जाएंगे. रायसीना डायलॉग में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंचे साउद तीन दिन की भारत यात्रा के आखिर में दोपहर अयोध्या पहुंचेंगे. उनके साथ उनकी पत्नी भी होंगी. विदेशमंत्री सुबह 11 बजे दिल्ली से प्रस्थान कर दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचेंगे. महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल पर उत्तर प्रदेश के मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी उनका स्वागत करेंगे. यहां से वह सीधे राम मंदिर के लिए रवाना होंगे. अपनी पत्नी ज्योत्सना साउद के साथ वह विशेष पूजा करेंगे.

दो मार्च तक सरकार के गठन की संभावना

इस्लामाबाद । सत्ता साझा करने संबंधी समझौते के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी दो मार्च तक गठबंधन सरकार बनाने और नौ मार्च से पहले राष्ट्रपति चुनाव कराने की योजना बना रही हैं. मीडिया की एक खबर में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई. पीएमएल-एन को पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी की पीपीपी का समर्थन मिलेगा. ये दोनों दल आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद मिलकर नयी सरकार बनाने पर सहमत हुए हैं. पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ (72) के एक बार फिर से शीर्ष पद संभालते नजर आएंगे.

यूक्रेन ने एक और विमान को मार गिराया

कीव । यूक्रेन के वायु सेना प्रमुख ने कहा कि सेना ने शुक्रवार को रूस को करारी शिकस्त देते हुए उसके एक विमान को मार गिराया है. जनरल मायकोला ओलेशचुक ने रूसी ए-50 विमान को मार गिराने में मदद करने के लिए यूक्रेन के सैन्य खुफिया विभाग का आभार व्यक्त किया. यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि यहां युद्ध पर चर्चा हो रही थी उस वक्त एक हवाई हमला हुआ और दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया.

कोटा में छात्र ने की खुदकुशी की कोशिश

कोटा । शिक्षा नगरी कोटा में कोचिंग स्टूडेंट सुसाइड के मामले चिंताजनक है. 2024 के दो महीने भी नहीं हुए और पांच स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं जबकि 6 स्टूडेंट्स सुसाइड करने की कोशिश कर चुके हैं. अब कोटा में एक और स्टूडेंट का सुसाइड़ करने की कोशिश का मामला सामने आया है. छात्रा पिछले 2 साल से कोटा में नीट की तैयारी कर रही है. पहले नस काटी, फिर पंखे पर लगाया फंदा मामला कोटा कुंन्हाडी थाना क्षेत्र लैंडमार्क सिटी बताया जा रहा है. जहां शुक्रवार (23 फरवरी) को कोचिंग की छात्रा ने आत्महत्या करने की कोशिश की.

उप्र में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे चरण में प्रियंका गांधी भी रहीं मौजूद

देशभक्त नफरत की नहीं, मोहब्बत की दुकान चलाते हैं : राहुल

भाषा। मुरादाबाद

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण शनिवार को मुरादाबाद से शुभारंभ हुआ. राहुल के साथ उनकी बहन एवं पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी यात्रा में शामिल हुईं. न्याय यात्रा में कांग्रेस के साथ ही गठबंधन सहयोगी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे. इस अवसर पर मौजूद लोगों को राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत पार्टी के कई प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया. राहुल ने भाजपा पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि देशभक्त नफरत की नहीं, मोहब्बत की दुकान चलाते हैं. नफरत हमेशा मोहब्बत से कटती है. हमें संकल्प लेना चाहिए कि इस देश में हम नफरत को नहीं फैलने देंगे. उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत जनता में दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक शामिल हैं लेकिन देश की बड़ी कंपनियों के मालिक इन 90 प्रतिशत लोगों में से नहीं हैं. उन्होंने कहा कि जैसे हड्डी टूटने पर पहले चरण में हाथ का एक्सरे कराया जाता है वैसे ही इन 90 प्रतिशत लोगों की सभी जगह भागीदारी हो इसके लिए प्रथम चरण में जातिगत जनगणना आवश्यक है.

मुरादाबाद की बहू प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जब तक आप बदलाव नहीं लाएंगे तब तक आपकी स्थिति नहीं बदलेगी. बदलाव तब आएगा, जब आप अपनी परिस्थिति को समझ कर वोट करेंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में किसानों के कर्ज माफ नहीं होते हैं, सिर्फ बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज ही माफ होते हैं. इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल एवं संजय कपूर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे.

कासगंज में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

हादसे में सात बच्चों समेत 24 लोगों की मौत, 18 हुए घायल

भाषा। कासगंज (उप्र)

कासगंज जिले के पटियाली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पटियाली-दरियावगंज मार्ग पर एक पोखर में पलट गयी जिससे सात बच्चों और आठ महिलाओं समेत 24 लोगों की मौत हो गयी और 18 यात्री घायल हो गये. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक प्रकट करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया है. पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर ने शनिवार को बताया कि वह मंडलायुक्त के साथ मौके पर जा रहे हैं. ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार श्रद्धालु एटा के जैथरा से कासगंज में गंगा स्नान करने जा रहे थे तभी पटियाली-दरियावगंज मार्ग पर ओवरटेक करने के चक्कर में संतुलन बिगड़ गया. उन्होंने कहा कि जल्द पोस्टमार्टम कराकर शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा.

मोदी ने दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का किया उद्घाटन, बोले-

देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे

भाषा। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) में अनाज भंडारण के लिए 11 गोदामों का उद्घाटन किया. ये गोदाम सहकारी क्षेत्र में सरकार की दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का हिस्सा हैं. इस योजना के तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शामिल है. मोदी ने गोदामों और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए देश भर में अतिरिक्त 500 पैक्स की आधारशिला भी रखी. इन पहलों का मकसद नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की मदद से पैक्स गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से जोड़ना है. प्रधानमंत्री ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है. उन्होंने कहा, आज हमने अपने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना शुरू की है. इसके तहत देश भर में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे.' उन्होंने कहा कि इसके तहत 700 लाख टन भंडारण क्षमता बनाई जाएगी. मोदी ने सहकारी क्षेत्र से आग्रह किया कि वे खाद्य तेलों और उर्वरकों सहित कृषि उत्पादों के लिए आयात निर्भरता कम करने में मदद करें. उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि देश में भंडारण बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है.

पहले की सरकार ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया

प्रधानमंत्री ने कहा, पिछली सरकारों ने इस समस्या पर कभी ध्यान नहीं दिया. लेकिन, आज पैक्स के जरिए इस समस्या का समाधान किया जा रहा है. इस पहल पर 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे. मोदी ने कहा कि विशाल भंडारण सुविधाओं के निर्माण से किसान अपनी उपज को गोदामों में रखने, इसके बदले संस्थागत ऋण लेने और अच्छी कीमत हासिल करने में सक्षम होंगे.

पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जाएगा

मोदी ने यह भी कहा कि बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम में संशोधन किया गया है और पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है. प्रधानमंत्री ने देश भर में 18,000 पैक्स के कम्प्यूटरीकरण के लिए एक परियोजना का भी उद्घाटन किया. किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि छोटे किसान उद्यमी बन रहे हैं और यहां तक कि अपनी उपज का निर्यात भी कर रहे हैं. उन्होंने कहा, हमने 10,000 एफपीओ स्थापित करने का लक्ष्य रखा था. हम पहले ही 8,000 एफपीओ स्थापित कर चुके हैं. उनकी सफलता की चर्चा अब वैश्विक स्तर पर हो रही है. मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्र भी सहकारी समितियों से लाभान्वित हो रहे हैं. प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहकारी समितियों को उन वस्तुओं की एक सूची बनानी चाहिए, जिनका भारत आयात करता है और उन्हें स्थानीय स्तर पर उत्पादित या निर्मित करने की योजना बनानी चाहिए. उन्होंने कहा कि सहकारी संगठन खाद्य तेल, उर्वरक और कच्चे तेल के आयात को कम करने में मदद कर सकते हैं.

एथनॉल में हम बड़े पैमाने पर काम कर रहे हैं

मोदी ने कहा, ईंधन आयात को कम करना होगा. एथनॉल में हम बड़े पैमाने पर काम कर रहे हैं. एथनॉल का उत्पादन काफी बढ़ गया है. इससे पहले, सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना भारत के 100 प्रतिशत अनाज भंडारण की क्षमता बनाने में मदद करेगी. उन्होंने कहा कि आगामी आम चुनाव से पहले 30,000 और पीएसीएस का कम्प्यूटरीकरण पूरा हो जाएगा. उन्होंने कहा कि यह सहकारी क्षेत्र को पुनर्जीवित करने और छोटे तथा सीमांत किसानों को सशक्त बनाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है. शाह ने कहा कि 2,500 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ 65,000 पैक्स के कम्प्यूटरीकरण की परियोजना को मंजूरी दी गई है.

उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त

फिर से परीक्षा कराने के आदेश

भाषा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को राज्य के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है और छह माह के भीतर पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिये हैं. इस बीच मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यह फैसला किया. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, उप्र पुलिस आरक्षी (सिपाही) के पदों पर चयन के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करने तथा आगामी छह माह के भीतर ही पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिए गये हैं. इसी संदेश में उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता. युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे.

पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

सुकमा । छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है. पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है. उन्होंने बताया कि भेज्जी थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना पर डीआरजी के जवानों को गश्त पर रवाना किया गया था. सुरक्षाबल के जवान जब बुर्कलंका गांव के करीब पहुंचे तब नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी. इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की.

कर्नाटक में दुर्घटना में छह लोगों की मौत

बेलगावी (कर्नाटक)। कर्नाटक के बेलागावी जिले से लगभग 90 किलोमीटर दूर दत्त जंबोटी रोड पर हुई दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को हुई दुर्घटना में पांच लोगों की घटनास्थल पर जबकि एक अन्य की अस्पताल में मौत हो गई. पुलिस के अनुसार एक कार ने खड़े हुए दोपहिया वाहन और फिर एक अन्य दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, खड़े हुए वाहन के पास मौजूद दो लोगों को गंभीर चोट आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनमें से हनमंत मलप्पा माल्यागोल नामक व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हो गई. पुलिस ने कहा कि अन्य मृतकों की पहचान एकनाथ भीमप्पा पदतारी (22), मल्लिकार्जुन रामप्पा मराठे (16), आकाश रामप्पा मराठे (14), लक्ष्मी रामप्पा मराठे (19) और नागपा लक्ष्मण यादवन्नावर (48) के रूप में हुई है. मुर्गोड पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है.

हल्द्वानी के बनभूलपुरा कांड

हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक दिल्ली से गिरफ्तार

भाषा। नयी दिल्ली

हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक गिरफ्तार हो गया है. हिंसा के आरोपी अब्दुल मलिक के वकील अजय बहुगुणा और शलभ पांडे का दावा है कि उत्तराखंड पुलिस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया है. 8 फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा के बाद अब्दुल मलिक फरार चल रहा है. मलिक की गिरफ्तार की बाद जमानत याचिका दाखिल की गई है. सेशन कोर्ट में हल्द्वानी एडीजे फर्स्ट की कोर्ट में अब्दुल मलिक की अग्रिम जमानत याचिका दाखिल हुई है. मलिक के वकील ने यह अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है. वहीं 27 फरवरी को अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी. बता दें कि हाल ही में हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने और आपराधिक साजिश रचने का एक मामला भी दर्ज किया गया था. हिंसा के बाद से मलिक फरार चल रहा था और पुलिस ने उसकी प्रॉपर्टी को भी कुर्क किया था.

नैनीताल पुलिस ने मुख्य आरोपियों के पोस्टर जारी किए गए थे. जिसमें 9 उपद्रवियों की पहचान की गई थी, जिनमें, अब्दुल मलिक (मास्टरमाइंड), तस्लीम, वसीम, अयाज अहमद, अब्दुल मोईद, रईस उर्फ दत्तू, शकील अंसारी, मौकिन सैफी और जिया उल रहमान के नाम शामिल था.

इंफाल में विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल । मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) धमाके से एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. घटना शुक्रवार रात डीएम कॉलेज परिसर में हुई. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ओइनाम केनेगी (24) नामक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई, वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति का अस्पताल में इलाज जारी है. अब तक किसी संगठन ने धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है. इस बीच अज्ञात व्यक्तियों ने इंफाल वेस्ट जिले के लाम्फेलपट में नागरिक संस्था से जुड़े संगठन 'यूनाइटेड कमेटी मणिपुर' (यूसीएम) के कार्यालय में आग लगा दी. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में अज्ञात लोगों ने शुक्रवार रात पौने एक बजे इंफाल ईस्ट जिले में एक स्कूल के प्रशासनिक प्रकोष्ठ में तोड़-फोड़ की और उसमें आग लगा दी. उन्होंने बताया कि आग ने परिसर में खड़े एक वाहन को भी अपनी चपेट में ले लिया.

पश्चिम बंगाल में टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन तय

टीएमसी ने कांग्रेस को पांच सीटें देने पर हुई राजी

- कांग्रेस टीएमसी को मेघालय में तूरा सीट देने को तैयार है वहीं असम में भी कांग्रेस टीएमसी के लिए एक सीट छोड़ेगी

एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के बीच 'इंडिया' गठबंधन के तहत सीट बंटवारे का हल निकाल लिया गया है. सूत्रों ने शनिवार को जानकारी दी है कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी कांग्रेस के लिए पांच सीटें छोड़ेगी. टीएमसी कांग्रेस को जो सीटें देने को राजी हुई है, उनमें दार्जिलिंग, रायगंज, दक्षिण माल्दा, बहरामपुर और पुरुलिया शामिल हैं.

सूत्रों के मुताबिक, इसके अलावा मेघालय और असम का भी हल निकाल लिया गया है. कांग्रेस टीएमसी को मेघालय में तूरा सीट देने को तैयार है. असम में भी कांग्रेस टीएमसी के लिए एक सीट छोड़ेगी. इससे पहले सीट बंटवारे के मुद्दे पर दोनों पार्टियों के बीच संघर्ष की स्थिति देखी गई थी क्योंकि टीएमसी ने कांग्रेस को केवल दो सीटें ऑफर की थी. उससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने यह भी कहा था कि राज्य में उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी. इससे उनके इंडिया अलायंस से अलग होने की अटकलें जोर से लगाई गई थीं.

टीएमसी अकेले सभी 42 लोस सीटों पर लड़ेगी चुनाव : ओ ब्रायन

नयी दिल्ली/कोलकाता । पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी. यह बात टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कही. लेकिन कांग्रेस अब भी आश्वस्त है कि ममता बनर्जी की टीएमसी से गठबंधन पर बात हो जायेगी. इस संबंध में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, टीएमसी से हमारी बातचीत जारी है. ममता बनर्जी ने भी भाजपा को हराना पहला मकसद बताया है. कहा कि. तू-तू मैं-मैं तो होती रहती है. उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस ने ही ममता बनर्जी को पहली बार सांसद बनाया था. जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस के दरवाजे टीएमसी के लिए सदा के लिए खुले हुए हैं. उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का कांग्रेस सम्मान करती हैं. रमेश का कहना था कि नीतीश कुमार और आरएलडी को छोड़कर इंडिया ब्लॉक में शामिल सभी 26 पार्टियां एकजुट हैं. शुरुआत में कहा जा रहा था कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस के बीच गठबंधन तय हो गया है. टीएमसी 36 सीटों पर कांग्रेस 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी.

माघ पूर्णिमा : हर-हर गंगे के उद्घोष से संगम नगरी गुंजायमान हो गया

18.60 लाख लोगों ने संगम में लगायी डुबकी

भाषा। प्रयागराज (उत्तरप्रदेश)

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम नगरी में माघ मेला लगा है. मेले के पंचम स्नान पर्व बसंत पंचमी पर सुबह 10 बजे तक लगभग 18.60 लाख लोगों ने गंगा और पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगायी. हर-हर गंगे के उद्घोष से संगम नगरी गुंजायमान हो गया. इस स्नान के साथ ही लोग महीने भर का कल्पवास पूरा कर अपने अपने घरों को लौटने लगे हैं.

माघ मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि ठंड रहने के बावजूद महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग समेत करीब 18.60 लाख लोगों ने स्नान किया. बताया कि श्रद्धालुओं के स्नान के लिए घाटों की लंबाई 6,800 फुट से बढ़ाकर 8,000 फुट कर दी गयी है. संगम नगरी में कुल 12 घाट बनाये गये हैं. सभी घाटों पर कपड़े बदलने के लिए पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करायी गयी है.

महीने भर का कल्पवास पूरा कर अपने घर लौटने लगे लोग

पुलिस उप महानिरीक्षक (माघ मेला) राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये गये हैं. पूरे क्षेत्र में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और कई एआई आधारित कैमरे लगाये गये हैं. संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नजर आने पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है. मेला क्षेत्र में एटीएस, आरएएफ, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें, महिला पुलिसकर्मी, घुड़सवार पुलिस और बम निरोधक दस्ते) तैनात हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)